CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: cci Time: 01-14-2026 22:28 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 15 जनवरी 2026 > पौष 26, शक संवत 1947, माघ कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 13 > पेज 20 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

मासिक सदस्य पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

जंग की आहट, भारतीयों को ईरान छोड़ने की सलाह

▶ देखें अंदर

पीएम ने मंत्री के घर मनाया पोंगल, कहा यह वैश्विक पर्व

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

iPhone 17 PRO

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Available with benefits up to ₹10000*

Up to ₹4000* instant cashback on credit cards of

AXIS BANK | ICICI Bank

+

Exchange bonus up to ₹6000*

*Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE

INGRAM | Redington

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 01-14-2026 22:52 Color:

शहदाब दौलतपुर। रमेश नगर। लक्ष्मी नगर। लाजवंती गार्डन। जहांगीरपुरी। वसंत कुंज। वजीराबाद। पश्चिम विहार। कीर्ति नगर। सफदरजंग एनक्लेव। महरौली। मायापुरी। शक्ति नगर। राजौंद नगर। पहाड़गंज। नारायणा। मौजपुर। मियांवली। कालकाजी। नांगल राया। सरिता विहार। प्रीत विहार। वसंत विहार। ⇨⇨

यहां किताबें बहुत सी पढ़ी होंगी तुमने...

वर्ल्ड बुक फेयर का सीन एकदम 'Lit' है! यहां सिर्फ किताबें नहीं, बल्कि फुल-ऑन वाइब्स मिल रही हैं। बच्चों के लिए 'लॉजिक थ्रिलर्स' वाली केस फाइल्स हैं, तो कहीं ओल्ड-स्कूल लेखकों की 'नो रश' वाली सटीक सलाह। माइक पर डिबेट्स और एस्थेटिक स्टॉल्स के बीच पन्नों में अपनी नई दुनिया ढूंढने वालों के लिए यह जगह एकदम परफेक्ट है।

अगर आप हमारी टीम से बुक फेयर से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं तो हमें **9220747220** पर वट्सऐप करें।

चले आइए जनाब! किताबें पुकार रही हैं

Mohd.Asgar@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** जैसे टीवी में दो नेताओं को डिबेट में भिड़ते हुए देखा होगा, ठीक वैसे ही माइक की तेज आवाज ने चौंका दिया था। दौड़े हुए वहां पहुंचे। लगा था दो राइटर आपस में डिबेट पर उतर आए हैं। मगर जब वहां पहुंचे तो देखा वाणी प्रकाशन के सामने एक मंच सजा था, जिसपर एक धर्म से जुड़े लेखन पर लेखिका बोल रही थीं, और उनके जस्ट सामने वाणी प्रकाशन के स्टेन पर दूसरे राइटर बोल रहे थे। दोनों के माइक इतने बुलंद, जैसे जुगलबंदी हो, और दोनों एक दूसरे की आवाज को दबा देना चाहते हों।

हम आगे बढ़े तो एक बेहद दिलचस्प बात जहन में उतर गई, जो हिंदी यूथ के मंच से युवा लेखक आशुतोष उज्ज्वल ने कही। आशुतोष बोल रहे थे- तुम्हारा मन जब तक ये न कह दे कि ये वो बात है जो दस्तावेज बननी चाहिए, और कागज पर लिखी जानी चाहिए, उससे पहले तक किताब बिल्कुल ना लिखो। नहीं तो बेकार में ही कितने पेड़ आपकी किताब बर्बाद कर देंगे। अगर विचार आ रहे हैं तो सोशल मीडिया पर चाहे जितना लिखो।

■ फेयर में लेखकों की डिबेट और कई किताबों की हुई 'मुंह-दिखाई'

ये बात इसलिए भी कमाल थी, क्योंकि इश्क, मोटिवेशन और पुराने साहित्यकारों की ट्रेंड कर चुकी किताबें तो हाथों-हाथ बिक रही हैं, लेकिन बुक फेयर में कुछ किताबों की हालत उस मरीज जैसी है, जिसे अस्पताल तो मिल गया, डॉक्टर नहीं मिला। यानी छप तो गईं, मगर पाठक नहीं मिल रहे हैं। आशुतोष अपनी किताब 'सांसें दुलारी' पर बात कर रहे थे। सांसें दुलारी एक मां की कहानी है, जिसने औलाद पाने के लिए सात साल इंतजार किया और उसका पति लॉजिक के सिवा ना धर्म को मानता है ना किसी भगवान को, फिर क्या हुआ ये किताब बताती है।

राजकमल प्रकाशन समूह के स्टॉल पर वंदना राग के नॉवेल 'सरकफंदा' पर बातचीत चल रही थी। यह नॉवेल विभाजन की दारुणी लकीर के बारे में बॉर्डर्स दे रहा है, जहां लोग देश से प्यार का दम तो भरते हैं, लेकिन आपसी भाईचारे की फीलिंग्स को खत्म करने में लगे हैं। आज के दौर में ये किताब एक अनमोल मोती जैसी लगी। इसी स्टॉल पर यूनुस खान की किताब 'रूमानी के गीतकार: शैलेन्द्र' पर बात हुई। किसी की मुकुराहटों पे हो निसार, पान खाये सैंयां हमारो, अजीब दास्तां है ये, चलत मुसाफिर मोह लियो रे पिंजड़े वाली मुनिया... ये सब गाने शैलेन्द्र के ही लिखे हुए हैं। गानों के बनने की दिलचस्प कहानियां ये किताब बताती है।

GenZ की नज़र से खास कवरेज

लिटिल 'शेरलॉक' से मुलाकात

Anjali.Chand@timesofindia.com

■ **भारत मंडपम** के हॉल नंबर 6 में कदम रखते ही लगा कि जैसे टाइम मशीन मुझे दोबारा बचपन में ले आई हो। बच्चों का यह मेकशन किसी एनर्जी से भरे इंजन की तरह लग रहा था। सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही थी Kidz Express, स्टॉल्स की एक लंबी कतार जिसे एक ट्रेन की शक्ल दी गई थी। हर डिब्बे में स्टेशनरी, ग्राफिक नॉवेल्स और इस साल बच्चों के फेवरेट 'लॉजिक थ्रिलर्स' की भरमार थी।

मिलिए आर्यन से, जो किताबों को पढ़ता नहीं, 'सॉल्व' करता है

इसी ट्रेन के एक डिब्बे पर मुझे मिला 12 साल का आर्यन, जिसके बाल थोड़े बिखरे हुए थे, जो यह बताने के लिए काफी था कि वो काफी से देर से यहां किताबों की दुनिया में खोया हुआ है। वो सिर्फ किताबों के कवर नहीं देख रहा था, बल्कि उसकी नजरें Solve Your Own Mystery नाम की एक किताब पर टिकी थीं। यह कोई नॉर्मल किताब नहीं थी, बल्कि एक 'केस फाइल' की तरह डिजाइन की गई थी। यह सिर्फ एक कहानी नहीं है, आर्यन ने अपने दोस्त से घेरे से कहा। वह किताब के अंदर छपे एक मैप को गौर से देख रहा था। यह एक सीक्रेस है। तुम्हें पेज पर दिए विटनेस स्टेटमेंट में गलती पकड़नी होगी, तभी पता चलेगा कि आगे किस पैप्टर पर जाना है। वह एक गेम की तरह है, इसके ग्राफिक्स दिमाग में बनते हैं।

आर्यन की जेनरेशन के लिए ये इंटरएक्टिव किताबें फिजिकल वर्ल्ड में खुशी का एक रास्ता हैं।

थोड़ी ही दूर पर माहौल थोड़ा अलग था। वहां एक बड़े से टेबल पर कैनवस की तरह बच्चों को रंग भरने थे। यहीं मेरी मुलाकात सम्यक से हुई। जिसकी उम्र महज ही 11 साल हो मगर नई किताबें और स्टेशनरी कलेक्ट करना उसकी हमेशा से होबी रही है। शाम ढलने लगी थी, बाहर निकलते हुए मैंने आर्यन को फिर से देखा। वो किताब को हाथ में दबाए ऐसे बाहर ना रहा था।

मिला यही सबक कम Scroll, ज्यादा Soul

Atul.Kumar1@timesofindia.com

■ **बुक फेयर** में माहौल Lit था- किताबें बिक रही थीं, रील्स बन रही थीं, स्टॉल्स भी एस्थेटिक थे। मैं भी घूम रहा था, बिना किसी खास मकसद के, तभी एक कोने में एक बुजुर्ग दिखे। टोपी लगए, घनी दाढ़ी, हल्की मुस्कान, फुल ओल्ड-स्कूल टाइप। भीड़ और शोर के बीच उनकी मौजूदगी बहुत शांत और कूल लगी।

मैंने उनकी फोटो ली, थोड़ी बात-चीत हुई, तब पता चला कि वो एक जाने माने ऑथर वीरेंद्र सारंग हैं। राजकमल पब्लिकेशन से उनकी 3 किताबें छप चुकी हैं और वो बिना किसी लाग-डाग के एक कोने में चिल बैठे थे। मैं और कयूरियस होकर उनसे बात करने लगा। उन्होंने बताया कि उनकी किताब जन नायक कृष्ण लिखने में 4 साल लगे। बोले, 4 साल की मेहनत के बाद जब रिस्पॉन्स अच्छा आता है, तो जो फील आती है वो अलग लेवल की होती है। इसपर मुझे मेरा 2 मिनट का attention span याद आ गया।

वीरेंद्र सारंग

■ सक्सेस के लिए 'नो रश, नो प्रेशर' की मिली सलाह

मैंने पूछा, हम जैसे हमेशा भागते रहने वालों के लिए क्या सलाह है? बोले- भागना अच्छा लगे तो भागो, चलना अच्छा लगे तो चलो, नहीं तो बस एक जगह बैठ जाओ। 30 सेकंड की रील क्रॉक है, लेकिन लॉन्ग फॉर्म में भी उतरना चाहिए, तभी डीप थाइव होती है। ये बात मुझे हार्ड हिट कर गई। उन्होंने कहा, लिखना पढ़ने से और सोचने से आता है। परफेक्ट होने की कोशिश मत करो। बस सोचो, लिखो, सब चीजें जुड़ जाती हैं। कभी-कभी एक लाइन के पीछे हफ्तों सोचते हैं और वही लाइन आगे पूरी कहानी की डायरेक्शन तय कर देती है।

इतने में बात नए और पुराने लेखकों पर चली गई। बोले, हर नई राइटिंग को प्रेमचंद से कंपेयर क्यों करना? उनका दौर अलग था, हमारा अलग। तब किसानों की प्रॉब्लम्स थीं, अब मेट्रो लाइफ से जुड़ी बातें हैं। जो सही लगे, वही पढ़ो। मुझे उनकी बात तो सही ही लगी। बुक फेयर में बहुत कुछ था- रील्स, बुक्स, भीड़, वाइब्स। लेकिन सबसे ज्यादा याद वही शांत इंसान रहा, जिसने बस ये सिखाया कि let it loose, No rush, no pressure!

Q&A

मंटो के दीवानों से लेकर कुकिंग लवर्स तक...

आपके सवालों के यहां हैं जवाब

Tarun Rawal

1. क्या फेयर में मुझे कुकिंग से जुड़ी से बुक्स मिल सकती हैं?
जवाब- हां, मिल जाएंगी।

2. मंटो की बुक्स का कलेक्शन कौन से स्टॉल पर मिलेगा? - सत्यपाल
राजकमल पब्लिकेशन (हॉल नंबर-2), वाणी पब्लिकेशन

3. कलिहनुवाणी बुक मिल सकती है क्या?
हां, हॉल नंबर 6 में मिल जाएगी।

4. मैं एक कवि हूं अपनी कविताएं प्रकाशित करवाना चाहता हूं?
आपको बुक फेयर आकर इस बारे में अलग-अलग पब्लिकेशन्स से बात करनी चाहिए।

5. मेरे अंकल 80 साल के हैं, वो बुक फेयर में आना चाहते हैं। क्या बुजुर्गों के लिए बुक फेयर में कोई अलग से व्यवस्था है? -पैथर तोमर
बुक फेयर के गेट नंबर-10 से हॉल्स तक जाने के लिए शटल बस की सुविधा है।

6. मुझे टाइटेनिक शिप से जुड़ी किताबें किस हॉल में मिल सकती हैं?
हॉल न 4 और 5 में मिल जाएंगी।

7. एनिमे से जुड़ी बुक्स मिल सकती हैं क्या?
हां, कई स्टॉल्स पर ये बुक्स मौजूद हैं।

8. किस हॉल में हिंदी की बुक्स मिलेंगी?
हॉल नंबर 2 और 3 में हिंदी बुक्स आसानी से मिल जाएंगी।

9. क्या फेयर में डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ी बुक्स हिंदी में मिल सकती हैं?
जवाब- हां

गणतंत्र दिवस

दिल में हमेशा ताज़ा रहेंगी परेड की यादें

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'2017 से लगातार फैमिली संग जाते हैं परेड देखने'

साल 2017 से लगातार मैं और मेरा परिवार हर साल गणतंत्र दिवस का साक्षी रहा है। वहां जाकर सोना के जोश को देखकर ऐसा लगता है जैसे एक बिजली सी दौड़ जाती है पूरे शरीर में और अंत में जब फाइटर प्लेन आते हैं तो देखते ही बनता है।
-अंकित कुमार

'कर्तव्य पथ पर पहुंचते ही दूर हो जाती है थकान'

मैं पिछले लगभग दस वर्षों से 26 जनवरी की परेड का हिस्सा रहा हूं। हर वर्ष इस राष्ट्रीय आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सुबह करीब 4 बजे घर से निकलता हूं, ताकि 6 बजे से पहले अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच सकूं। कर्तव्यपथ पर पहुंचते ही सारी थकान अपने-आप दूर हो जाती है। यह परेड केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हम आम नागरिकों के लिए देश की एकता और राष्ट्रप्रेम को महसूस करने का अवसर होती है।
-जगदीश सिंह मुकोश्वर

RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

चार अस्पतालों के बनने में देरी से बढ़ा ₹158 करोड़ खर्च, लाया गया प्रस्ताव

2020 में शुरू हुआ था काम, तब 1446 करोड़ रुपये थी लागत

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के चार नए अस्पतालों के निर्माण में देरी के चलते उसकी लागत में 158.39 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये चार अस्पताल ज्वालापुरी, मादीपुर, हसनताल और सिरसपुर में बन रहे हैं। PWD ने अब चारों अस्पताल के निर्माण को पूरा करने के लिए नया प्रस्ताव बनाया है, जिसमें सरकार से अतिरिक्त बजट की मांग की है। अस्पताल को पूरा करने के लिए सितंबर 2026 का टारगेट तय किया है। चारों अस्पताल पूरा होने पर 3,237 नए बेड बढ़ेंगे।

इसके लिए 2026-27 के बजट में 515 करोड़ रुपये मांगें

सरकार के मुताबिक, चारों अस्पताल को पिछली आम आदमी पार्टी सरकार ने वर्ष 2019 में मंजूरी दी थी। इसके बाद अगस्त 2020 में इसका काम शुरू हुआ था। उस समय चारों अस्पताल के निर्माण कार्य 2022-23 तक पूरा करने का लक्ष्य रखने के साथ कुल 1446.77 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी। अब चारों के निर्माण पर कुल 978.16 करोड़ रुपये का खर्च हो चुका है और सिर्फ 74 फीसदी काम पूरा हुआ है। PWD के नए प्रस्ताव के मुताबिक अभी इसे पूरा करने के लिए 627 करोड़ रुपये की और जरूरत है।

ज्वालापुरी अस्पताल, जिसका 75 फीसदी काम पूरा है, उसके लिए कुल 319 करोड़ रुपये का बजट BFC ने पास किया था, जिसमें 252 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन, अभी भी 168 करोड़ रुपये की जरूरत है। यानी 100.3 करोड़ रुपये की लागत बढ़ी है। इसी तरह मादीपुर के लिए 320.07 करोड़ रुपये की लागत को मंजूरी मिली थी, जिसमें 256.77 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं लेकिन पूरा करने के लिए 164 करोड़ रुपये की जरूरत है। इसके लिए भी 100.7 करोड़ रुपये अतिरिक्त बजट चाहिए। हालांकि इसके उलट हसनताल में 487 करोड़ रुपये का बजट पास था, मगर इसके लिए अब 39.36 करोड़ रुपये कम खर्च की उम्मीद है। सिरसपुर के लिए कुल बजट 487 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली थी, उसमें 3.25 करोड़ रुपये कभी आने की उम्मीद है। सरकार ने अभी इन अस्पताल के निर्माण को पूरा करने के लिए 2026-27 के बजट में 515 करोड़ रुपये मांगे हैं।

AI Image

कितना काम हुआ है पूरा

अस्पताल	बेड	प्रोग्रेस	डेडलाइन
ज्वालापुरी	691	75%	जुलाई 2026
मादीपुर	691	75%	जुलाई 2026
हसनताल	691	65%	सितंबर 2026
सिरसपुर	1164	80%	जुलाई 2026

परियोजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। - *प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, PWD मंत्री*

'आपको पानी के लिए तरसते और भूखे लोग नज़र नहीं आते, सिर्फ अतिक्रमण दिखता है'

सिर्फ मस्जिद-दरगाह के खिलाफ याचिका लगाने पर HC की फटकार

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एक संगठन को कड़ी फटकार लगाई, जो राष्ट्रीय राजधानी में मस्जिदों और दरगाहों द्वारा अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए बार-बार जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर रहा था। कोर्ट ने एनजीओ से कहा कि मानवता की सेवा करने के और भी तरीके हैं।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच ने 'सेव इंडिया फाउंडेशन' से कहा कि उन्हें संगठन का यह रवैया पसंद नहीं आया। वह अदालत के जनहित याचिका अधिकार क्षेत्र का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

चीफ जस्टिस उपाध्याय ने उससे सवाल किया, क्या आपको सिर्फ एक ही तरह का अतिक्रमण दिखता है? हमें यह पसंद नहीं है। आप कोर्ट की प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। हर हफ्ते आप शहर में घूमते हैं और कोई धार्मिक ढांचा देखकर पीआईएल दायर कर देते हैं। उन्होंने झपर जोर दिया कि मानवता की सेवा करने के और भी तरीके हैं। सेव इंडिया फाउंडेशन द्वारा दायर दो जनहित याचिकाएं बुधवार को कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए लगी थीं। इनमें से एक जामा मस्जिद और मदरसा गिरी नगर से संबंधित थी। इसमें कहा गया कि यह ढांचा सरकार की हरी-भरी, धर्मनिरपेक्ष जमीन पर अतिक्रमण करके बनाया गया है।

याचिकाकर्ता संगठन की ओर से एडवोकेट उमेश चंद्र शर्मा पेश हुए और कहा कि शिकायतें दर्ज होने के बावजूद मस्जिद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। जवाब में दिल्ली सरकार के स्टैंडिंग कांसिल समीर वशिष्ठ ने कोर्ट से कहा कि स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह ढांचा अतिक्रमण है। दिल्ली वक्फ बोर्ड की ओर से सीनियर एडवोकेट संजय घोष ने तर्क दिया कि मस्जिद एक नोटिफाइड ढांचा है और डीडीए ने भी जमीन के डिमार्केशन में हिस्सा लिया था।

चीफ जस्टिस ने एनजीओ से कहा, क्या आप गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाना चाहते हैं? क्या आपको समाज में कोई और बुराई नहीं दिखती? लोग जिन्हें पीने के लिए सफ पानी नहीं मिल रहा है, लोग जो भूखे मर रहे हैं, क्या वे आपको नहीं दिखते? आपको सिर्फ अतिक्रमण दिखता है? कृपया, इस तरह की पीआईएल से अदालत का गलत इस्तेमाल न करें। ये याचिकाएं हमें परेशान करती हैं। घोष ने आगे कहा कि हाई कोर्ट के एक सिंगल-जज ने भी याचिकाकर्ता संगठन द्वारा दायर याचिकाओं और एक समुदाय विशेष के धार्मिक ढांचों को निशाना बनाने के एक तरह के तरीके पर गौर किया था। हाई कोर्ट ने कुछ देर ममले को सुना और कहा कि वह इस पर 21 जनवरी को विचार करेगा।

इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अप्सराकलिंग कलेक्ट्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभा की फाउंडर अनुभा नावियार आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन ट्रेंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते हैं और इनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।

अनुभा नावियार, फाउंडर, ब्रैंड अनुभा

तारीख: 15 जनवरी 2026
टाइम: 3 बजे से 4 बजे
वेन्यू: टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
फीस: निःशुल्क

इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +917003890071 पर फोन करें या वट्सऐप करें।

CGHS लाभार्थियों के लिए बीमा, 10 और 20 लाख रुपये का कवरेज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम यानी CGHS के लाभार्थियों के लिए वित्त मंत्रालय ने बुधवार को परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष्मान बीमा की शुरुआत की है। मंत्रालय ने बताया कि यह हेल्थ इंश्योरेंस प्लान एक ऑप्शन के तौर पर होगा और इससे सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स का मेडिकल कवरेज बढ़ेगा।

यह इंश्योरेंस प्लान एक ऑप्शन के तौर पर ही होगा

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं डिपार्टमेंट की ओर से शुरू किए गए इस बीमा प्लान में कैशलेस इलाज की सुविधा, मॉडर्न ट्रीटमेंट और अस्पतालों का बड़ा नेटवर्क दिया गया है। एक पॉलिसी में अधिकतम 6 लोगों को कवर किया जा सकता है। इसमें 10 लाख रुपये और 20 लाख रुपये के सम इंश्योर्ड के विकल्प उपलब्ध हैं। यह बीमा पूरे देश में इन पेशेंट हॉस्पिटलाइजेशन को कवर करेगा।

इस बीमा प्लान में वो पेशेंट का प्रावधान भी रखा गया है। इंश्योरेंस कंपनी और सब्सक्राइब्स के बीच खर्च की हिस्सेदारी 70:30 या 50:50 के अनुपात में होगी। नॉर्मल रूम के लिए रूम रेंट सम इंश्योर्ड के 1 प्रतिशत तक तय किया गया है। आईसीयू के लिए यह सीमा सम इंश्योर्ड के 2 प्रतिशत प्रतिदिन तक होगी। पॉलिसी में 30 दिनों का प्री हॉस्पिटलाइजेशन और 60 दिनों का पोस्ट हॉस्पिटलाइजेशन कवरेज भी शामिल है।

AI Image

इन पेशेंट हॉस्पिटलाइजेशन के लिए पूरे सम इंश्योर्ड के बराबर आयुष ट्रीटमेंट कवर मिलेगा। इसके अलावा मॉडर्न ट्रीटमेंट का कवरेज सम इंश्योर्ड के 25 प्रतिशत तक होगा। इसमें 100 प्रतिशत कवरेज के लिए ऑप्शनल राइडर का भी विकल्प दिया गया है।

रेगुलर पॉलिसी के मुकाबले डिस्काउंट पर प्लान

मंत्रालय के मुताबिक, यह प्लान रेगुलर पॉलिसी के मुकाबले डिस्काउंट पर मिलेगा। अगर को-पेयरिंग 70:30 के अनुपात में होगी तो प्रीमियम पर 28% का डिस्काउंट मिलेगा। वहीं 50:50 की शेयरिंग पर 42% तक का डिस्काउंट दिया जाएगा। यह सभी CGHS लाभार्थियों के लिए उपलब्ध होगा और इस पर जीएसटी नहीं लगेगा। यह योजना जल्द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के ऑफिस और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 01-14-2026 22:48 Color:

पानी में सीवेज पर राज्य सरकारों से NGT ने मांगा जवाब

AI image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एनजीटी की प्रिंसिपल बैंच ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पीने के पानी में सीवेज की मिलावट से जुड़ी गंभीर समस्याओं पर स्वतः संज्ञान लिया है। यह कार्रवाई विभिन्न मीडिया रिपोर्ट के आधार पर की गई। इनमें जनस्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरे सामने आए हैं। एनजीटी के अनुसार, रिपोर्ट बता रही हैं कि पुरानी, जर्जर और दशकों पुरानी पाइपलाइन व्यवस्था के कारण कई जगह सीवेज का पानी पेयजल लाइनों में मिल रहा है। राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बाँसवाड़ा, जयपुर, अजमेर और बीरा जैसे शहर इससे प्रभावित हैं। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-1 में सीवेज मिला पानी पीने से बच्चों समेत कई लोग बीमार पड़े। इनमें उल्टी और दस्त जैसे लक्षण देखे गए। प्रिंसिपल बेंच के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और डॉ. ए. सेंथिल वेल (विशेषज्ञ सदस्य) ने राज्य सरकारों, उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय दफ्तरों समेत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

राकेश अग्रवाल बने NIA के नए DG

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: हिमाचल प्रदेश काडर के 1994 बैच के सीनियर आईपीएस अधिकारी राकेश अग्रवाल को नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) का नया डीजी नियुक्त किया गया है। बुधवार को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के डीजी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 1990 बैच के महाराष्ट्र काडर के सीनियर राकेश अग्रवाल आईपीएस सदानंद वसंत दाते के उनके मूल काडर में वापस भेजे जाने के बाद से यह पद खाली था। NIA में नंबर-2 और स्पेशल डीजी राकेश अग्रवाल अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इधर, ITBP के DG IPS प्रवीण कुमार को BSF का DG नियुक्त किया गया है।

राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता केस में सुनवाई पूरी

■ पीटीआई, लखनऊ : एक विशेष MP/MLA कोर्ट ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद पर सुनवाई पूरी कर ली। जज आलोक वर्मा ने इस मामले में अगली तारीख 28 जनवरी तय की है। इस पर आदेश सुनाए जाने की संभावना है। बीजेपी कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने BNS, ऑफिशल सीक्रेट्स एक्ट, फॉरेनर्स एक्ट और पासपोर्ट एक्ट के तहत राहुल पर कई आरोप लगाए हैं।

US बोला- सीज़फायर के अगले फेज़ में गाज़ा की एंट्री

■ एपी, वॉशिंगटन : अमेरिका ने कहा है कि गाजा सीजफायर प्लान के अगले फेज में प्रवेश कर रहा है। इसमें हमास को निरस्त्र करना, गाजा का पुनर्निर्माण और रोजमर्रा का प्रशासन चलाना शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि युद्धविराम समझौता अब ऐसे चरण में पहुंच गया है, जिसमें गाजा का सैन्यीकरण खत्म करना, एक तकनीकी विशेषज्ञों वाली सरकार बनाना और इलाके का पुनर्निर्माण मेन मकसद है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

एक मास्टरस्ट्रोक. अनेक फायदे.

bob
केंद्र सरकार के कर्मचारियों हेतु
वेतन खाता

- ₹3 लाख तक की तत्काल ओवरड्राफ्ट सुविधा
- आजीवन निःशुल्क प्रीमियम डेबिट और क्रेडिट कार्ड
- ₹1.50 करोड़ तक का निःशुल्क वैयक्तिक दुर्घटना बीमा कवर
- ₹15 लाख तक का निःशुल्क जीवन बीमा कवर
- लॉकर प्रभार पर 60% तक की छूट
- रिटेल ऋण प्रोसेसिंग शुल्क पर 100% तक की छूट
- रिटेल ऋण ब्याज दर में रियायत
- असीमित आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस, चेक बुक एवं एसएमएस एलर्ट्स की निःशुल्क सुविधा

अधिक जानकारी के लिए कॉल करें

टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 / 1800 5000
https://bankofbaroda.bank.in हमें फॉलो करें

SPOTLIGHT

देश की खाद्यान्न शक्ति

देश का चावल निर्यात 'विकसित भारत 2047' के विजन के अंतर्गत एक नई विकास गाथा लिख रहा है। इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गर्ग इस उद्योग के अगले चरण की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

Q विकसित भारत 2047 के बड़े लक्ष्य में भारत का चावल क्षेत्र किस तरह योगदान देगा?

2047 के लिए एक स्पष्ट दृष्टि है, विकसित भारत का विजन और हम इसे 30-31 अक्टूबर को आयोजित भारत इंटरनेशनल राइस कॉन्फ्रेंस 2025 के साथ जोड़ रहे हैं, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। इसके माध्यम से हम भविष्य के लिए एक सीधा रोडमैप तैयार कर रहे हैं। इस पहल के तहत हम एक कॉफी टेबल बुक भी लॉन्च कर रहे हैं।

भारत का चावल क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय हम हर साल लगभग 21 से 22 मिलियन टन चावल का निर्यात कर रहे हैं, जिसकी कीमत करीब 1,18,000 करोड़ रुपये है। 2047 के विजन के तहत हमारा लक्ष्य निर्यात को 30 मिलियन टन तक पहुंचाना और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है।

वर्तमान में, भारत के कुल खाद्यान्न व्यापार में चावल की हिस्सेदारी लगभग 13 प्रतिशत है। इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) द्वारा आयोजित भारत इंटरनेशनल राइस कॉन्फ्रेंस जैसे प्रयासों के माध्यम से हम दुनिया भर के चावल व्यापार में साझेदारियों को मजबूत करना चाहते हैं। फिलहाल, वैश्विक चावल निर्यात में भारत की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। हमारा लक्ष्य इसे 60 प्रतिशत तक ले जाना है। कुछ ऐसे देश अभी भी हैं, जहां भारतीय चावल की मौजूदगी सीमित है। 2047 तक हमारा उद्देश्य कम से कम 172 देशों में निर्यात करना और भारतीय चावल को वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कराना है। यही वह विजन है, जिसके तहत भारत का चावल क्षेत्र 'विकसित भारत 2047' को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।

Q देश में उत्पादित चावल के बाजार को परेलू कंपनियां कैसे विस्तार दे सकती हैं?

वर्तमान में भारत का घरेलू चावल बाजार बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। पहले हमारा खरमती चावल उत्पादन लगभग 12 मिलियन टन था, जो इस वर्ष बढ़कर 13 मिलियन टन हो गया है। कुल मिलाकर भारत का कुल चावल उत्पादन लगभग 149 मिलियन टन तक पहुंच चुका है, यानी हमारे पास स्पष्ट रूप से सरप्लस है।

भारतीय बाजार अपने आप में लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ-साथ निर्यात बाजार भी विस्तार कर रहा है। इस प्रक्रिया में नई पीढ़ी के उद्यमी और स्टार्टअप्स भी लाभान्वित हो रहे हैं, क्योंकि वे इस क्षेत्र में प्रवेश कर नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

डॉ. प्रेम गर्ग
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन

Q लगभग 13 अरब अमेरिकी डॉलर के चावल निर्यात को बढ़ाने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

सबसे बड़ी चुनौती यह है कि नीतियां एकरूप और स्थिर होनी चाहिए। इसके अलावा, लॉजिस्टिक्स से जुड़ी व्यावहारिक समस्याएं भी हैं। यदि सरकार लॉजिस्टिक अड़चनों को दूर करने में मदद करे और मिलर्स को समय पर धान की उपलब्धता सुनिश्चित करे, तो इससे बड़ा अंतर पड़ेगा।

कई बार प्रक्रियात्मक कारणों से फैसलों में देरी हो जाती है। इसलिए नीति-निर्माताओं, निर्यातकों और किसानों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करना इस विकास को बनाए रखने और चावल क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी होगा।

Q भारतीय चावल को नए वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने के लिए बीआईआरसी किस तरह तैयारी कर रहा है?

वर्तमान में हम लगभग 172 देशों को निर्यात कर रहे हैं, लेकिन इनमें से कुछ देशों में निर्यात की मात्रा बहुत कम है। हम उन बाजारों में अपनी मौजूदगी मजबूत करना और निर्यात की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं। हमारा फोकस उन क्षेत्रों में नए अवसर तलाशने पर है, जहां भारतीय चावल की उपस्थिति कम है और मजबूत व्यापार साझेदारियां बनाने पर है।

बेहतर प्रमोशन, ब्रांडिंग और सरकारी समर्थन के साथ भारतीय चावल वैश्विक बाजार में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। हम अलग-अलग देशों की पसंद और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को भी विविध बना रहे हैं। लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का विस्तार और निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना इस विकास के लिए अहम होगा। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ सहयोग और वैश्विक खाद्य मेलों में भागीदारी से दृश्यता और बढ़ेगी। अंततः हमारा लक्ष्य भारतीय चावल को दुनिया भर में एक भरोसेमंद और प्रीमियम विकल्प के रूप में स्थापित करना है।

croma
A TATA Enterprise

डील्स इतने शानदार
कि आप ख़रीदेंगे दो बार

₹ 26,000*
तक इंस्टेंट कैशबैक

croma रिपब्लिक डे सेल
16 जनवरी - 26 जनवरी

आज ही पहुंचे: क्रोमा स्टोर्स | croma.com | TATA NEU

Scan to locate us

₹26,000 तक का कैशबैक कंज्यूमर फाइनेंस* पर
HDB FINANCIAL SERVICES | KFC FIRST Bank
₹12,500 तक का इंस्टेंट डिस्काउंट, चुनिंदा कार्ड्स* पर
HSBC | ICICI Bank | YES BANK
एप्पल प्रोडक्ट्स पर 10% तक की सेविंग्स*
HDFC BANK | TATA NEUCARD के साथ

Visit Us @ Ambedkar Road, Ghaziabad | Pacific Mall, Faridabad | 55+ Stores across Delhi NCR

*Offer valid only at stores | Two Offers cannot be clubbed | Offer valid on select brands/categories/days/locations/products | The sale price shall be subject to cashback offers/discounts provided by participating banks or Croma or exchange value of your old product or all of the above, as applicable | Processing fee shall be applicable as levied by participating banks and consumer finance | Offers valid from 16th to 26th January 2026 | For further details, visit stores | T&C Apply

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 01-14-2026 22:52 Color:

पीएम आज करेंगे स्पीकर कॉन्फ्रेंस की शुरुआत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को सुबह 10:30 बजे संसद भवन परिसर में स्थित संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (CSPOC) का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सभा को संबोधित भी करेंगे। इस सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा स्पीकर ओम बिरला करेंगे।प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक इसमें विश्व के विभिन्न हिस्सों से 42 कॉमनवेल्थ कंट्री और 4 मेमी-स्टेटोनॉमस पार्लियामेंट के 61 लोकसभा अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। यह सम्मेलन समकालीन संसदीय मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर विचार-विमर्श करेगा। इसमें मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों को बनाए रखने में लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों की भूमिका भी शामिल है।

राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी जुटेंगे

CUET-PG : अब 20 जनवरी तक करें आवेदन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय विश्वविद्यालयों समेत अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में एडमिशन के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET- PG) के लिए आवेदन की लास्ट डेट बढ़ाकर 20 जनवरी कर दी गई है। इसी दिन रात 11.50 तक ऑनलाइन फीस भी जमा कराई जा सकती है। ऑनलाइन ऐप्लिकेशन फॉर्म में करेक्शन के लिए 23 से 25 जनवरी तक मौका मिलेगा। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का कहना है कि काफी कैंडिडेट्स ने अपनी परेशानियां बताते हुए आवेदन के लिए और समय मांगा था। इसको देखते हुए एजेंसी ने लास्ट डेट 14 जनवरी से बढ़ाकर 20 जनवरी कर दी है। 2026 में CUET- PG 157 विषयों के लिए होगा। कंप्यूटर बेस्ड यह टेस्ट मार्च 2026 में होगा। https://exams.nta.ac.in/CUET-PG/ और www.nta.ac.in पर फॉर्म भर सकते हैं।

20 को रात 11.50 बजे तक ऑनलाइन फीस भी जमा कर सकेंगे

एकता का उत्सव है काशी-तमिल संगमम

2022 में वाराणसी की धरती पर शुरू हुए इस सांस्कृतिक आयोजन को समय के साथ मिलता गया विस्तार

नरेन्द्र मोदी

कुछ दिन पहले ही मुझे सोमनाथ की पवित्र भूमि पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने का सुअवसर मिला। इस पर्व को हम वर्ष 1026 में सोमनाथ पर एक हजार आक्रमण के एक हजार साल पूरे होने पर मना रहे हैं। इस क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से लोग सोमनाथ पहुंचे। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतवर्ष के लोग जहां अपने इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं, वहीं कभी हार ना मानने वाला साहस भी उनके जीवन की एक बड़ी विशेषता है। यही भावना उन्हें एक साथ जोड़ती भी है। इस कार्यक्रम के दौरान मेरी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से भी हुई, ने इससे पहले सौराष्ट्र-तमिल संगमम के दौरान सोमनाथ आए थे और इससे पहले काशी-तमिल संगमम के समय काशी भी गए थे। ऐसे मंचों को लेकर उनकी सकारात्मक सोच ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इसलिए मैंने तय किया कि कहें ना इस विषय पर अपने कुछ विचार साझा करूं।

'मन की बात' के एक एपिसोड में मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा ना सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि बीते कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाने वाला है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें जहां भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है, वहीं यह भी पता चलता है कि कैसे हम एक-दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं।

काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान कहा जा सकता है। यह वही काशी है, जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और मोक्ष की खोज में आते रहे हैं। काशी का तमिल समाज और संस्कृति से आत्मीय गहरा नाता है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकासी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पूज्य कुमारगुरु स्वामी जी ने अपनी विद्वता और अध्यात्म परंपरा के माध्यम से काशी और तमिलनाडु के बीच एक सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था। तमिलनाडु के महान संत सुब्रमण्य भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। वहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, साथ ही उनकी कविताओं को एक नई धार मिली। यहीं पर स्वतंत्र और अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं।

वर्ष 2022 में वाराणसी की धरती पर काशी-तमिल संगमम की शुरुआत हुई थी। मुझे इसके उद्घाटन समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। तब तमिलनाडु से आए लेखकों, विद्यार्थियों, कलाकारों, विद्वानों, किसानों, अतिथियों ने काशी के साथ-साथ प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन भी किए थे। इसके बाद के आयोजनों में इस पहल को और विस्तार दिया गया।इसका उद्देश्य यह था कि संगमम में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाएं, नए और रचनात्मक तरीके अपनाए जाएं और इसमें लोगों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो। प्रयास यह था कि ये आयोजन अपनी मूल भावना से जुड़े रहकर भी निरंतर आगे बढ़ता रहे। वर्ष 2023 के दूसरे आयोजन में टेक्नोलजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो कि भाषा इसमें बाधा ना बने। इसके तीसरे संस्करण में हेडिंग नीलेन सिस्टम पर विशेष फोकस रखा गया। इसके साथ ही शैक्षिक संवादों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और संवाद सत्रों में लोगों की बढ़ी भागीदारी देखने को मिली। हजारों लोग इसका हिस्सा बने।

काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण 2 दिसंबर, 2025 को आरंभ हुआ। इस बार की थीम बहुत रोचक थी- तमिल करकलमु वानि तमिल सेरुवी....। इसमें काशी और दूसरी जगहों के लोगों को सुब्रमण्यम तमिल भाषा सीखने का एक अनूठा अवसर मिला। तमिलनाडु से आए शिक्षकों ने काशी के विद्यार्थियों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया। इस बार कई और विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्राचीन तमिल साहित्य ग्रंथ तोलकाप्पियम का चार भारतीय और छह विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया।

तेनकासी से काशी तक पहुंची एक विशेष वीकल एक्सपेडिशन भी देखने को मिली। इसके अलावा काशी में स्वास्थ्य शिविरों और डिजिटल लिट्रेसी कैंप के आयोजन के साथ ही कई और सराहनीय प्रयास भी किए गए। इस अभियान में सांस्कृतिक एकता के संदेश का प्रसार करने वाले पंड्य वंश के महान राजा आदि वीर पराक्रम पांडियन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे आयोजन के दौरान नमो घाट पर प्रदर्शनियां लगाई गईं, बीएचयू में जैवभारत सत्र का आयोजन हुआ, साथ ही डिजिटल सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

काशी-तमिल संगमम में इस बार जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्नता दी, वो हमारे युवा साथियों का उत्साह है। इससे अपनी जड़ों से और अधिक जुड़े रहने के उनके पैशन का पता चलता है। उनके लिए ये एक ऐसा अद्भुत मंच है, जहां वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं।

संगमम के अलावा काशी की बाजा भी यादगार बने, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। भारतीय रेल ने लोगों को तमिलनाडु से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाईं। इस दौरान कई रेलवे स्टेशनों पर, विशेषकर तमिलनाडु में उनका खूब उत्साह बढ़ाया गया। सुंदर गीतों और आपसी चर्चाओं से ये सफर और आनंददायक बन गया।

यहां मैं काशी और उत्तर प्रदेश के अपने भाइयों और बहनों की सराहना करना चाहूंगा, जिन्होंने काशी-तमिल संगमम को विशेष बनाने में अपना अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने अपने अतिथियों के स्वागत और सत्कार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कई लोगों ने तमिलनाडु से आए अतिथियों के लिए अपने घरों के दरवाजे तक खोल दिए। स्थानीय प्रशासन भी चौबीसों घंटे जुटा रहा, ताकि मेहमानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वाराणसी का सांसद होने के नाते मेरे लिए ये गर्व और संतोष दोनों का विषय है।

इस बार काशी-तमिल संगमम का समापन समारोह रामेश्वरम में आयोजित किया गया, जिसमें तमिलनाडु के सपूत उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने विचारों से समृद्ध बनाया। भारतवर्ष की आध्यात्मिक समृद्धि पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे इस तरह के मंच राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।

काशी-तमिल संगमम का बहुत गहरा प्रभाव देखने को मिला है। इसके जरिये जहां सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली है, वहीं सैक्षिक विमर्श और जनसंवाद को भी काफी बढ़ावा मिला है। इससे हमारी संस्कृतियों के बीच संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। इस मंच ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाया है, इसलिए अपने वाले समय में हम इस आयोजन को और व्यापक बनाने वाले हैं। ये जो भावना है, जो शताब्दियों से हमारे पर्व-त्योहार, साहित्य, संगीत, कला, ज्ञान-पान, वास्तुकला और ज्ञान-पद्धतियों का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। वर्ष का यह समय हर देशवासी के लिए बहुत ही पावन माना जाता है। लोग बड़े उत्साह के साथ संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल, माघ बिहु जैसे अनेक त्योहार मना रहे हैं। ये सभी उत्सव मुख्य रूप से सूर्यदेव, प्रकृति और कृषि को समर्पित हैं। ये त्योहार लोगों को आपस में जोड़ते हैं, जिससे समाज में सद्भाव और एकजुटता की भावना और प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इन उत्सवों के साथ हमारी साझी विरासत और सामूहिक भागीदारी की भावना देशवासियों की एकता को और मजबूत करेगी।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं)

Delhi Tourism & Transportation Development Corporation Ltd.
(A Government Undertaking)
Food & Craft Bazar, Dilli Haat INA
Aurobindo Marg, New Delhi — 110023

NOTICE INVITING TENDER
ID NUMBER – 2026_DTTDC_248779_1
Estimated Contract Value : Rs. 30,71,184/-

E Tenders are invited from Person with Benchmark Disability (PwBD) for allotment of Souvenir Shop at Dilli Haat INA Aurobindo Marg, New Delhi 110023 for a fixed period of one year which may further extendable for one more year at the sole discretion of DTTDC with 10% increase in the monthly sub-licence fee as per the terms and conditions mentioned in the tender documents.
The tender document with terms & conditions is available at https://govtprocurement.delhi.gov.in web portal of GNCT of Delhi and on the web site of DTTDC at delhitourism.gov.in
Corrigendum/ Addendum, if any, will appear at https://govtprocurement.delhi.gov.in & on the website of DTTDC at delhitourism.gov.in
General Manager DTTDC

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
कमरा संख्या 210, SAI-मुख्यालय भवन, SAI-मुख्यालय, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर (पूर्वी द्वार संख्या 10) लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

फाइल संख्या: ए/7/2025- भर्ती प्रकोष्ठ

भारतीय खेल प्राधिकरण संविदा आधार पर वरिष्ठ प्रमुख (खेल विज्ञान) के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई), वरिष्ठ लीड (खेल विज्ञान) के 01 पद पर संविदा आधार पर अधिकतम 04 वर्षों की अवधि के लिए पात्र, योग्य और इच्छुक भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। पद का विवरण और अन्य जानकारी एसएआई की वेबसाइट http://sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है। आवेदन करने की समय सारिणी नीचे दी गई है: —

i. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि: 02.01.2026 (सुबह 10:00 बजे)
ii. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 01.02.2026 (शाम 05:00 बजे)

(उपनिदेशक)
(मानव संसाधन विभाग-II)
(भाखेप्रा मुख्य कार्यालय)
CBC 47103/12/0016/2526

पूर्वोत्तर रेलवे
Website: www.ner.indianrailways.gov.in, Email: cos@ner.railnet.gov.in
निविदा सूचना संख्या- 48 दिनांक 13-01-2026
ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कुशे भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	निविदा संख्या	खुलने की तिथि	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	26255133	19-02-2026	पैगुडैक्चर एण्ड सप्लाई आफ इलास्टिक रेल क्लिप्स इत्यादि।	123428 Nos.
2	26251012A	16-02-2026	फ्लेक्सिबल पीसीसी फ्लोरिंग विथ पीसीसी इलेक्ट्रोड इत्यादि।	7524 Mtrs.
3	22251290A	12-02-2026	फ्लेक्सिबल होस (500 एमएम) फॉर ब्रेक	4015 Nos.
4	22252188A	10-02-2026	डबल एक्टिंग एसी कम्पार्टमेंट सिंग इत्यादि	200 Nos.
5	22252588	09-02-2026	डिस्क फॉर प्राइमरी डर्टीकल डैम्पर इत्यादि	5400 Sets.
6	26255071A	09-02-2026	पैगुडैक्चर एण्ड सप्लाई आफ 6.2 एमएम, इत्यादि	1409864 Nos.
7	24251020A	06-02-2026	मेटलिक कवर्ड स्ट्रिप्स सुटेबल फॉर हाई सीस इत्यादि	365 Nos.
8	22251086C	03-02-2026	साइलेंट ब्लॉक फॉर रोल लिंक इत्यादि	13830 Nos.
9	28251431A	02-02-2026	बर्मल पेपर फॉर यूटीएस प्रिंटर्स इत्यादि	235102 Nos.
10	24255013B	29-01-2026	सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एण्ड कमिशनिंग इत्यादि	353 Sets.

मुजावि/एस-73
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

गुमशुदा की तलाश

हेमंत उर्फ जैकी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम हेमंत उर्फ जैकी, पुत्र: फालिस्वर नाथ सिंह, पता: म. नं 1/379ए, गली नं 1, राम नगर, शाहदरा, दिल्ली जोकि दिनांक 18.12.2025 को दोपहर करीब 01:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में DD No. 58 A, दिनांक 06.01.2026 पुलिस थाना मानसरोवर पार्क, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:
नाम: हेमंत उर्फ जैकी, उम्र: 29 वर्ष, कद: 5'5", रंग: गेहुँआ, शरीर: पतला, चेहरा: लंबा, पहचान चिन्ह: दाहिने हाथ व बांह पर ओम व हेमंत नाम का टैटू, पहनावा: खाकी रंग की शर्ट और जैकेट और काले रंग की पैंट।
अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना मानसरोवर पार्क, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।
वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638 / 24368641, फैक्स: 011-24368639 थाना प्रभारी
पुलिस थाना मानसरोवर पार्क, दिल्ली
फोन: 011-22599374, 7065036029
DP/513/SHD/2026

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त पुरुष की उम्र लगभग 40-45 वर्ष थी, उक्त पुरुष प्लेटफार्म नंबर 2, केएम पोल नंबर 13/15 पर, मेट्रो फुटओवर ब्रिज (नीचे) के पास, बादली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में मृत पाया गया। मृत पुरुष के शव को पोस्टमार्टम के लिए 72 घंटे के लिए सब्जी मंडी मुर्दाघर भेज दिया गया है। इस सिलसिले में डीडी संख्या 10ए दिनांक 13.01.2026 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 पुलिस थाना सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

अज्ञात

लिंग: पुरुष, उम्र: 40-45 वर्ष, ऊँचाई: 5'7" ft, रंग: गेहुँआ, शरीर: मध्यम, चेहरा: लंबा, पहनावा: काली स्लेटी टी-शर्ट और गुलाबी हुडी। इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी/ सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली को सूचित करें।

थाना प्रभारी
थाना, सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन नं. 9868462726, 8750871303
DP/608/RLY/2026

गुमशुदा लड़की की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नाम: खुशी, पुत्री: शीकीन, निवासी: मकान नंबर 349, गली नंबर 7, E-ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली, उम्र: 19 साल, कद: 5 फुट 1 इंच, चेहरा: लंबा, रंग: गोरा, शरीर: मध्यम, पहनावा: काला रंग का नकाब पहने हुए, दिनांक 08.01.2026 को करीब सुबह 11:00 बजे अपने घर के क्षेत्र, थाना अन्तर्गत संगम विहार, नई दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में DD No. 92A, dated 09.01.2026 थाना अन्तर्गत संगम विहार, नई दिल्ली में दर्ज किया गया है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी
थाना- संगम विहार, नई दिल्ली
फोन: +91-9891773141, 8750870833
DP/635/SD/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी बीरू, पुत्र: मोती लाल पता: गांव दरियापुर-15-हापरस, जंक्शन, जिला हापरस उत्तर प्रदेश, FIR No. 108/2022, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना: चितरंजन पार्क, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त बीरू, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त बीरू, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त बीरू, FIR No. 108/2022, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना: चितरंजन पार्क, दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 17.02.2026 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
देवांशी जन्नेजा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नंबर 10
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/530/SD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त दुर्गेश कुमार उर्फ सागर पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी मकान नंबर 958/8, गोविंदपुरी, नई दिल्ली ने FIR No. 039132/2023 U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त दुर्गेश कुमार उर्फ सागर मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त दुर्गेश कुमार उर्फ सागर फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 039132/2023 U/S 379/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त दुर्गेश कुमार उर्फ सागर से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.02.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री देवांशी जन्नेजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण-पूर्व कमरा नंबर 10
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली
DP/447/SE/2026 (Court Matter)

सबरीमला गोल्ड गबन में TDB के पूर्व सदस्य अरेस्ट

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम : केरल स्थित प्रसिद्ध सबरीमला अय्यप्पा मंदिर से सोना चोरी की जांच कर रही एसआईटी ने बुधवार को त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व सदस्य के पी शंकर दास को गिरफ्तार किया। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर के द्वारपालों की मूर्तियों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजों से सोना चोरी होने से संबंधित दो मामलों में टीडीबी के पूर्व सदस्य को गिरफ्तार किया गया।

SIT ने गुरु ग्रंथ साहिब के 169 'सरूप' बरामद किए

■ पीटीआई, चंडीगढ़ : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब के 328 लापता 'सरूपों' के मामले में जांच कर रही SIT ने 169 पवित्र सरूप बरामद किए हैं। ये सरूप एसबीएस नगर जिले के बंगा इलाके के पास से मिले हैं। मान ने बताया कि बंगा के पास एक धार्मिक स्थान से मिले 169 सरूपों में से 139 का कोई आधिकारिक रेकॉर्ड नहीं है।

85 लाख ने लगाई संगम में डुबकी

■ NBT, प्रयागराज : संगम तट पर एकादशी पर शाम तक 85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे से ही स्नान शुरू हो गया था।

29 और नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ भाषा, सुकमा : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 29 माओवादियों ने सरेंडर कर दिया। पुलिस ने बताया कि ये नक्सली गोमुडा क्षेत्र के केरलापाल एरिया कमिटी में सक्रिय थे।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने IIT मद्रास में मनाया पोंगल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बुधवार को आईआईटी मद्रास में पोंगल उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जीवंत संस्कृति का पर्याय बन चुका पोंगल समृद्धि, सद्भाव और एकजुटता की भावना को दर्शाता है। आईआईटी मद्रास परिवार के साथ पोंगल मनाने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि कहा कि यह त्योहार समृद्धि, स्नेह और एकजुटता की भावना को दर्शाता है। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि भी इस मौके पर मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचेदे निम्नवत है:- ई निविदा संख्या: NER-LJN-2026-04, कार्य का नाम: NER-LJN डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों (GKP, JEA, BST, MUR, GTNE, BKY, BRK & BLP स्टेशनों) पर एकल वीकेल वाटरिंग हाइड्रेंट का प्रावधान, अनुमानित लागत (₹): 7,58,42,291.83, अधिग्रण मन (₹): 529200.00, समापन अवधि: 09 माह, 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-04 के लिये ई-निविदा दिनांक 03.02.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नलक्ष अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजावि/बकइ-413 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

सुस्वागमे राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन/आवेदन

सांख्यिकी दिवस 29 जून 2026 के उपलक्ष्य में, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सांख्यिकी के क्षेत्र में अजीवन योगदान के लिए सुस्वागमे राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है। नामांकन 1 जनवरी 2026 से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://www.awards.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन/नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 है। केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑन्लाइन नामांकन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य किसी मोड में भेजे गए नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.awards.gov.in पर 'सुस्वागमे राष्ट्रीय सांख्यिकी पुरस्कार 2026' देखें।

@mospi.gov.in @GoStats /gov/stats
GoStats Ministry of Statistics & PI

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
हैड वर्क्स खण्ड आगरा नहर ओखला नई दिल्ली-25

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-25/ईई0/2025-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड अपीहस्ताक्षरी के कक्ष में निविदा ओपनिंग हेतु गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 27.01.2026 को ही अपराह्न 4.00 बजे खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठेकेदारों की ही फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्यदिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा दिनांक 20.01.2026 से दिनांक 27.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक सैक्टर-18 नोएडा अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जीएसटी की धनराशि जमा का प्रमाण की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत है:-

क्रम सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. (रूपये में)	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	दिल्ली राज्य स्थित खसरा नम्बर 67 व 68 में अवस्थित नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बाउन्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"सी" एवं उच्चतर
2	दिल्ली राज्य स्थित खसरा नम्बर 67 व 68 में गाजी 'ए0-2' के पास स्थित बाउन्ड्रीवाल की मरम्मत का कार्य	8.45	0.17	20 दिवस	Rs. 225+41 = 266	"स

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-14-2026 22:11 Color:

फटाफट खबरें

राज्यसभा की इच्छा नहीं: दिग्विजय सिंह

■ भाषा, भोपाल: कांग्रेस के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह राज्यसभा के अपने मौजूदा कार्यकाल की समाप्ति के बाद तीसरी बार उच्च सदन का सदस्य बनने के इच्छुक नहीं हैं। सिंह से इस बार राज्यसभा में अनुसूचित जाति वर्ग को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग की गई थी। अप्रैल में मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए दो सीटें खाली होंगी।

'मान की यात्रा पर केंद्र का इनकार'

■ भाषा, चंडीगढ़: पंजाब में आम आदमी पार्टी (AAP) ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने सीएम भगवंत मान और उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा को निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से फरवरी में ब्रिटेन और इस्राइल की यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। कहा, पहले भी केंद्र द्वारा मान को इस तरह की अनुमति देने से इनकार किया गया है।

झारखंड BJP के नए अध्यक्ष आदित्य

■ भाषा, रांची: राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू को बुधवार को बीजेपी की झारखंड इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया। साहू ने कहा कि पार्टी 'जल, जंगल और जमीन' और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। साहू ने पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का स्थान लिया है। मरांडी विधानसभा में विपक्ष के नेता भी हैं।

BMC चुनाव आज, उद्धव-राज मिले

PTI

■ भाषा, मुंबई: बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) चुनाव गुरुवार को होगा। इससे पहले शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे और MNS अध्यक्ष राज ठाकरे ने बुधवार को मुंबादेवी मंदिर में पूजा की।

I-PAC पर छापेमारी के दौरान कुछ भी ज़ब्त नहीं किया: ED

■ भाषा, कोलकाता

FILE

9 जनवरी को छापेमारी के दौरान अचानक वहां सीएम ममता आ गई थीं।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने राजनीतिक परामर्श फर्म 'I-PAC' के निदेशक प्रतीक जैन के ऑफिस और आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) की छापेमारी से जुड़ी तृणमूल कांग्रेस (TMC) की याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। TMC ने अपने डाटा की सुरक्षा का अनुरोध किया था। अदालत ने कहा कि ED ने बताया है कि उसने पिछले सप्ताह की छापेमारी में कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने ईडी की उस याचिका को भी सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें 8 जनवरी की घटनाओं की CBI जांच का अनुरोध किया गया था, जब छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां पहुंच गई थीं।

> पार्टी के डेटा की सुरक्षा से जुड़ी TMC की याचिका पर HC में सुनवाई हुई

हाई कोर्ट ने केंद्रीय एजेंसी की याचिका की सुनवाई इस आधार पर स्थगित कर दी कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है जो इसी आवेदन जैसी है। याचिका का निस्तारण करते हुए कोर्ट ने कहा, ईडी और केंद्र की दलीलों पर गौर करते हुए, याचिका पर विचार करने को कुछ भी नहीं बचा है।

जब छापेमारी के दौरान आ गई थीं ममता

ईडी का आरोप है कि जब प्रतीक जैन के ऑफिस और आवास पर छापेमारी हो रही थी, उसी वक्त वहां पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पहुंच गईं। वे परिसर से दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित अहम सबूत अपने साथ ले गईं और मामले की जांच में बाधा डाली और हस्तक्षेप किया। हालांकि ममता ने ये दावा किया कि बीजेपी जांच एजेंसी की मदद से उनकी पार्टी का डेटा चोरी कर ले गई।

आज SC सुनेगा मामला

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को ईडी की एक याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित राज्य सरकार ने आई-पैक कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के परिसर में ईडी की जांच और तलाशी अभियान में बाधा डाली। ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई कथित कोयला घोटाले के सिलसिले में की थी। कोर्ट की वाद सूची के अनुसार, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ मामले की सुनवाई कर सकती है। पश्चिम बंगाल सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में एक 'कैविएट' दायर कर अनुरोध किया है कि पिछले सप्ताह आई-पैक के खिलाफ ईडी की छापेमारी के संबंध में उसका पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। अदालत में वादी द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए 'कैविएट' दायर की जाती है कि उसका पक्ष सुने बिना कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए।

HC से फैसला ममता के लिए शर्मिंदगी: BJP

पीटीआई, नई दिल्ली: बीजेपी ने बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए बड़ी शर्मिंदगी बताया। बीजेपी ने आरोप लगाया कि तृणमूल का एक निजी कंपनी के साथ भ्रष्ट गठजोड़ जल्द ही उजागर होगा। संवैधानिक संस्थाओं को डराया या प्रभावित नहीं किया जा सकता और हाई कोर्ट के इस फैसले ने यह बात साफ तौर पर साबित कर दी है।

माइनस 40 स्कोर, ज़ीरो परसेंटाइल वालों को भी MD-MS में दाखिला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FILE

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) ने नीट पीजी-2025 के लिए क्वॉलिफाइंग कट-ऑफ को घटाकर काफी कम कर दिया है। नीट पीजी-2025 की 2 राउंड काउंसलिंग के बाद सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में 18 हजार से ज्यादा पीजी सीटें खाली रह गईं। तीसरे राउंड की काउंसलिंग के लिए कट-ऑफ में रिजर्व कैटिगरी के उम्मीदवारों के लिए क्वॉलिफाइंग पर्सेंटाइल घटाकर जीरो कर दिया। सरकार ने जनवरी में स्वास्थ्य मंत्रालय और एनबीईएमएस से रिपोर्ट तलब की थी। अब तीसरे राउंड में कट-ऑफ घटाने का निर्णय लिया गया है।

क्या कहता है बोर्ड: NBEMS के सूत्रों के अनुसार, ये इसलिए किया गया ताकि खाली सीटों पर योग्य उम्मीदवारों को प्रवेश मिल सके। इससे भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने कहा कि मानकों से समझौता नहीं किया गया है।

IMA ने स्वागत किया: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने इस कदम का स्वागत किया है। IMA पहले औपचारिक रूप से अनुरोध किया था कि खाली सीटें भरने के लिए कट ऑफ-कम की जाए।

क्या बदलाव हुए

- सामान्य वर्ग और EWS उम्मीदवारों के लिए क्वॉलिफाइंग 50 पर्सेंटाइल को 7 कर दिया है।
- SC, ST, OBC उम्मीदवारों के लिए पर्सेंटाइल 40 से घटाकर 0 कर दिया गया है।
- बेंचमार्क दिव्यांगता वाले जनरल कैटिगरी (PwBD) के लिए 45 से घटाकर 5 पर्सेंटाइल कर दिया गया।

इनका क्या मतलब

- 800 में से माइनस 40 अंक लाने वाले उम्मीदवार भी एमडी और एमएस में दाखिला ले सकेंगे।
- कटऑफ स्कोर 235 से घटाकर माइनस 40 कर दिया गया है। रिजर्व कैटिगरी के वे उम्मीदवार, जिन्होंने नीट पीजी 2025 में माइनस 40 तक स्कोर किया है, वे भी अब एमडी और एमएस सीटों पर एडमिशन के लिए पात्र हैं।

विरोध कर रहे डॉक्टरों के संगठन

> इससे प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों को फायदा मिलेगा। सीटें करोड़ों में बिकेंगी। आपके पास पैसे हैं तो भले ही एग्जाम में सौ गए हों, आप टॉपर के बराबर हैं। - *डॉ. नीत पोहनिया, फोर्डा के महासचिव*

> यूके के MRCP को देखें तो वो हर साल 20 हजार लोग परीक्षा देते हैं, लेकिन पहले प्रयास में 40 से 50% ही सफल होते हैं। यही ईमानदार फिल्टरिंग है। - *डॉ. रोहन कृष्णन, रेजिडेंट डॉक्टरों के संगठन फाइमा के संस्थापक*

मकर संक्रांति पर साथ दिखे लालू, तेज प्रताप

PTI

■ भाषा, पटना: राष्ट्रीय जनता दल (RJD) अध्यक्ष लालू प्रसाद बुधवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के आवास पर आयोजित मकर संक्रांति के भोज में शामिल हुए। हालांकि, इससे कुछ महीने पहले ही उन्होंने तेज प्रताप को पार्टी से निष्कासित कर दिया था और उनसे सभी व्यक्तिगत संबंध तोड़ लेने की घोषणा की थी। इसके बाद तेज प्रताप ने 'जनशक्ति जनता दल' (जेजेडी) नाम से अपनी नई पार्टी बना ली थी।

उत्तरायण पर शाह ने उड़ाई पतंग

PTI

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तरायण पर अहमदाबाद स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में पूजा की। इसके साथ थलतेज स्थित गुरुद्वारा गोबिंद धाम में मत्था टेका और पतंगोत्सव में भी शामिल हुए।

महिलाओं पर टिप्पणी कर घिरे DMK नेता

■ भाषा, चेन्नै: उत्तर भारत की महिलाओं पर टिप्पणी के बाद DMK सांसद दयानिधि मारन की आलोचना हुई। तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने उत्तर भारत में महिलाओं की स्थिति के बारे में कथित तौर पर विवादित टिप्पणी को लेकर बुधवार को DMK सांसद दयानिधि मारन की आलोचना की। मारन ने कहा, तमिलनाडु में लड़कियों को पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जबकि उत्तर भारत में लड़कियों से घर पर रहने, रसोईघर में काम करने और बच्चे पैदा करने के लिए कहा जाता है। डीएमके नेता मारन के बयान की निंदा करते हुए बीजेपी नेता नारायण तिरुपति ने डीएमके पर क्षेत्रीय दरारें पैदा करने का आरोप लगाया।

SC ने पूछा, वोटिंग का हक छीन सकते हैं?

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वोटर लिस्ट की स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में कई सवाल उठे। कोर्ट ने पूछा, क्या केंद्र के किसी की नागरिकता का फैसला करने तक उसके मताधिकार को छीना जा सकता है? चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच के सामने चुनाव आयोग ने कहा था कि उसे नागरिकता के संबंध में जांच करने का हक है। कोई संदिग्ध मामला केंद्र के सामने विचाराधीन हो, तब भी वह वोटर लिस्ट से नाम हटाने में सक्षम है। बिहार और बंगाल समेत कई राज्यों में SIR को चुनौती दी है। गुरुवार को भी सुनवाई होगी। वहीं बंगाल में वोटर लिस्ट से नाम हटाने पर बीजेपी-TMC ने आयोग पर आरोप लगाए हैं।

Grok को लेकर X पर और ऐक्शन ले सकती है सरकार

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्रीय आईटी सचिव एस कृष्णन ने ग्रेक संबंधी विवाद पर बड़ा बयान दिया है। एनडीटीवी से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में भी सोच रही है, कि ऐसे कदम उठाए जाएं जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि जो एक्स यूजर्स जो पैसे देकर अकाउंट चला रहे हैं, वो भी एआई टूल्स का गलत इस्तेमाल ना कर पाएं।

दरअसल बीते दिनों X पर AI टूल के गलत इस्तेमाल के जरिए महिलाओं की अश्लील, डीपफेक और गैर सहमति वाली तस्वीरों वाले कंटेंट का विवाद सामने आया था। जिसके बाद सरकार ने एक्स को नोटिस भेजा, कार्रवाई के तौर पर एक्स ने कई पोस्ट और अकाउंट पर कार्रवाई की थी। इस संबंध में सचिव कृष्णन ने कहा कि एक्स ने अपने जवाब में सरकार से कहा है कि सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म के साधारण यानि अनपेड यूजर इसका इस्तेमाल अब नहीं कर पाएंगे। हालांकि इसका सीधा अर्थ ये है कि जो पैसे देकर एक्स अकाउंट चला रहे हैं, उन्हें इस टूल के इस्तेमाल की एक्सेस रहेगी। सरकार को इस पर भी एक्शन लेना होगा। हम सारे पहलुओं को देख रहे हैं।

MOFPI
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार

हरियाणा सरकार | PMFME सूक्ष्म उद्यमों का संबल | MSME

सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास के लिए एक विशेष पहल
प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME)
अपने सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना करने या बढ़ाने के लिए 35% सब्सिडी प्राप्त करने के लिए आवेदन करें।

APPLY NOW

PMFME

PMFME योजना की पात्रता
- 18 वर्ष से ऊपर सभी भारतीय नागरिक
- व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ. तथा एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ./प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आवेदन कर सकते हैं
- अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं

योजना की पात्रता
35% नए व मौजूदा निजी एवं समूह सूक्ष्म उद्यमों को सहायता - ऋण पूंजी पर 35% कैपिटल सब्सिडी (अधिकतम 10 लाख रुपये तक)

"हमारी सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से MSMEs को लगातार मजबूत कर रही है। भारत के MSMEs सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबल सप्लाई और वैल्यू चेन को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

इस योजना के अंतर्गत हरियाणा में 1700 से अधिक इकाइयों को मंज़ूरी मिल चुकी है

अधिक जानकारी के लिए
सम्पर्क करें
pmfme.haryana@gmail.com | +91 172 2996509 | pmfme.haryana
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, हरियाणा
QR कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipr haryana

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: dilip.lal Time: 01-14-2026 21:35 Color:

जन आंदोलन ही इतिहास परिवर्तन के वास्तविक इंजन होते हैं।
- एरिक हॉब्सबॉम, ब्रिटिश इतिहासकार

आगे क्या होगा

ईरान इस समय जिस तरह की उथल पुथल से गुजर रहा है, उसे 1979 की क्रांति के बाद की सबसे बड़ी घटना बताया जा रहा। पूरे देश में ही हिंसा और विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए भारत सरकार को ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी करनी पड़ी है। सरकार ने सभी भारतीयों को सलाह दी है कि वे तुरंत ईरान से निकल जाएं।

व्यापक जनाक्रोश । पिछले महीने की 28 तारीख को महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ जन आंदोलन अब सत्ता परिवर्तन की लड़ाई बन चुका लगता है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के खिलाफ लोगों में व्याप्त आक्रोश की झलक वहां से आ रही तस्वीरों में मिलती है। आंकड़ों को लेकर भले स्पष्टता न हो, पर इतना जरूर है कि बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है।

हिंसा और प्रदर्शन जारी

वैकल्पिक व्यवस्था । ईरान के भविष्य को लेकर पूरी दुनिया में असमंजस है और नजरें इस पर टिकी हैं कि अगर सरकार गिरती है तो वैकल्पिक व्यवस्था क्या होगी। बेहतर यही होगा कि इसका फैसला वहां के लोगों को ही करने दिया जाए। अगर सत्ता बदलती है, तो उसका नया लोकतांत्रिक स्वरूप कैसा होगा, यह ईरानियों से बेहतर कोई नहीं बता सकता, जो अपने देश को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। स्थायित्व आने तक संयुक्त राष्ट्र के जरिये कोई निगरानी व्यवस्था जरूर कायम की जा सकती है, पर दूसरे देशों को सीधे हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

संप्रभुता का सम्मान । हर देश की संप्रभुता का सम्मान होना चाहिए। ईरान के मामले में भी इसका ख्याल रखे जाने की जरूरत है। मुश्किल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इस बात की अनदेखी कर रहे हैं। यह बात सही है कि जनता के गुस्से को क्रूर हिंसा से दबाना उचित नहीं, लेकिन इसे किसी राष्ट्र की संप्रभुता के उल्लंघन का बहाना भी नहीं बनाया जाना चाहिए। अगर ट्रंप वास्तव में मदद करना चाहते हैं, तो उन्हें तेहरान के साथ व्यापार पर लगाए गए 25% एक्स्ट्रा टैरिफ समेत उन प्रतिबंधों को हटाने पर विचार करना चाहिए, जिनका असर आखिरकार आम लोगों पर पड़ रहा है।

जनता की सुनी जाए । ईरान में इस समय जरूरत है टकराव टालकर बातचीत का रास्ता अपनाने की। इसकी शुरुआत सरकार की तरफ से होनी चाहिए। वहां की जनता लंबे समय से मुश्किल हालात का सामना कर रही है। समय-समय पर उसका असंतोष आंदोलनों के जरिये बाहर आता रहा है। जरूरी है कि आम ईरानियों की आवाज को सुना जाए और उसका सम्मान किया जाए ।

गुस्ताखी माफ़

आईना रखा कीजिए

वो जवानी जवानी ही क्या, जिसकी कोई कहानी न हो...। गाना तो ये मैंने मरहूम मुकेश कुमार और लता मंगेशकर की आवाज में सुना था। पर सुबह-सुबह सैर के समय इसे सुनकर मैं थोड़ा चौंका। गाना भी गाने की शक्ल में नहीं, बाकायदा नारे जैसा। पार्क में नजर दौड़ाई। बल्लू बाबा चला आ रहा था। 'गाने को नारा कौन बनाता है भई? छंद और लय की कोई समझ नहीं। तुम लोग संगीत को शोर बनाने से बाज क्यों नहीं आते?' बल्लू को जमने से पहले ही उखाड़ देने का अच्छा मौका देख मैंने सवालों की पुश्तैनी गेंदबाजी कर दी।

अखिलेश प्रताप सिंह

पर बल्लू ने मेरी गेंदों को देखा और जाने दिया, जैसे लिटल मास्टर सुनील गावस्कर किया करते थे। गुड मॉर्निंग कहने के बाद वह ऐसे देखने लगा, जैसे कमजोर गेंद का इंतजार कर रहा हो। 'सुबह-सुबह ये किस गाने की याद आई तुझे? किसकी जवानी, कैसी कहानी?' मैंने इस बार बाउंसर फेंका। बल्लू ने तुरंत ही हुक शॉट की पोजिशन ले ली।

'अंकल, गाना तो बहाना है। आपको पूरी फिल्म दिखाना है- हर बच्चा अच्छे स्कूल में। अस्पतालों में सस्ता और बढ़िया इलाज। हर एजाम साफ-सुथरा, कोई पेपरलीक नहीं। हर नौजवान के पास रोजगार। मुहल्ले की गली हो या रिजॉर्ट, महिलाओं को कोई डर नहीं। साफ हवा और साफ पानी, घर-घर की कहानी। कैसी लगी फिल्म?'

मेरी सूरत पिटे हुए गेंदबाज जैसी थी। समझ नहीं पा रहा था कि यॉर्कर डालूं या फुल टॉस। 'अंकल, गाना याद रहा आपको, क्रांति फिल्म भूल गए? वही क्रांति करनी है हम बच्चों को। बहुत क्रिएटिविटी है हमारे पास। AI से हर नुक्कड़ पर रील बनाएंगे, पैसे कमाएंगे। आप विदेश से सामान मंगाते थे। हम वहां से पुर्जे मंगाएंगे, यहां जोड़कर तैयार कर देंगे। आपकी सोच गुलामी वाली थी। हम आजादी दिलाएंगे।' मुझे खुमार बाराबंकवी का शेर याद आ गया। वही दोहराते हुए मैंने खिसक लेने में भलाई समझी कि दूसरों पर अगर तब्सिरा कीजिए, सामने आईना रख लिया कीजिए।

एकदा

संकलन : ललित गर्ग

श्रेष्ठ कौन

अरब में 17वीं सदी में एक सूफ़ी संत हुए, सिम्चा बुनिम (Simcha Bunim)। उनके पास अपार संपत्ति थी। एक दिन बादशाह ने उन्हें दरबार में बुलाया और प्रश्न रखा, 'दुनिया में तीन पैगंबर हुए- मूसा, जिन्होंने यहूदी धर्म की स्थापना की। ईसा, जिन्होंने ईसाई धर्म को मार्ग दिखाया और मोहम्मद, जिन्होंने इस्लाम धर्म चलाया। इनमें श्रेष्ठ कौन है?' बादशाह के मन में यह चाल थी कि संत किसी एक धर्म को श्रेष्ठ बताएंगे, तो वह दूसरे धर्मों के अपमान का आरोप लगाकर उनकी सारी संपत्ति जब्त कर लेंगे। संत ने कहा, 'पहले एक छोटी-सी कहानी सुनिए। एक व्यापारी के पास एक बेशकीमती हीरा था। उसके तीनों बेटे उस हीरे को पाना चाहते थे। व्यापारी असमंजस में था कि वह किसे दे। आखिरकार उसने हूबहू दिखने वाले दो नकली हीरे बनवाए। एक दिन तीनों बेटों को अलग-अलग बुलाकर एक-एक हीरा दे दिया। हर बेटा यही समझता रहा कि पिता ने खुश होकर हीरा उसी को दिया है।' कहानी सुनाकर संत बोले, 'तीनों धर्मों की स्थिति भी ऐसी ही है। हर अनुयायी अपने धर्म को श्रेष्ठ मानता है। लेकिन जब उनका कर्ता एक ही ईश्वर है, तो श्रेष्ठ धर्म कौन-सा है, यह वही जानता है।' बादशाह निरुत्तर हो गया।

Subrata Dhar

खामेनेई की सत्ता बदली तो मध्य पूर्व में बनेगा नया समीकरण, नई दिल्ली भी होगी प्रभावित

ईरान में चाहिए भारत वाली कूटनीति

ईरान की सड़कों पर आज विद्रोह की लपटें भड़क रही हैं। दिसंबर से शुरू हुआ आंदोलन, जो महंगाई और आर्थिक बदहाली से उपजा था, अब खुले तौर पर इस्लामी गणतंत्र को उखाड़ फेंकने की मांग करने लगा है। लाखों लोग सड़कों पर उतर आए हैं, और क्रूर दमन के बावजूद यह आग बुझने का नाम नहीं ले रही।

शान्तेय कुमार सिंह

व्यापक विरोध प्रदर्शन । पिछले साल 28 दिसंबर को तेहरान के ग्रैंड बाजार और अन्य व्यापारिक केंद्रों से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन अब देश के 31 प्रांतों तक फैल चुके हैं। शुरू में व्यापारियों और दुकानदारों ने रियाल की भयानक गिरावट (एक डॉलर के लिए 14.5 लाख रियाल) और बेतहाशा बढ़ती महंगाई दर (42%) के खिलाफ हड़ताल की थी। लेकिन, जल्द ही छात्र, महिलाएं, पेंशनभोगी और युवा भी सड़कों पर उतर आए। सरकार ने इंटरनेट और फोन सेवाएं काट दीं, लेकिन स्टारलिंक जैसी सेवाओं ने आंदोलनकारियों को जोड़े रखा। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, 10 जनवरी तक 2,000 से अधिक मौतें हुईं। यह 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद का सबसे बड़ा विद्रोह है।

बदलेंगे समीकरण । ईरान का संकट दुनिया को हिला रहा है। तेल उत्पादन में बाधा आ सकती है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हुआ तो सऊदी अरब, इराक, UAE का तेल प्रभावित होगा और ब्रेंट 60 डॉलर से ऊपर चढ़ सकता है। ईरान के प्रॉक्सी - हिजबुल्लाह, हमास कमजोर हो चुके हैं, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ेगी। ट्रंप प्रशासन ने कठोर रुख अपनाया है, प्रतिबंध और सख्त होंगे। रूस-चीन समर्थन देंगे, लेकिन यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस के हाथ बंधे हैं। यदि ईरान में सत्ता बदली तो मध्य पूर्व में नया समीकरण बनेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आतंकवाद पर गहरा असर पड़ेगा।

चाबहार प्रॉजेक्ट दांव पर । ईरान हमारा पुराना रणनीतिक साझेदार है। वह पश्चिम एशिया में संतुलन का आधार प्रदान करता आया है, लेकिन मौजूदा विद्रोह ने सब कुछ दांव पर लगा दिया है। चाबहार बंदरगाह इसका जीता-जागता उदाहरण है। 2024 में हुए 10 वर्षीय अनुबंध के तहत इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (IPGL) ने 12 करोड़ डॉलर के उपकरण लगाने और 25 करोड़ डॉलर की रुपया क्रेडिट लाइन देने की पेशकश की थी। यह प्रॉजेक्ट अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पाकिस्तान को बायपास करने का सुनहरा द्वार था। लेकिन अब हड़तालें, इंटरनेट ब्लैकआउट और सप्लाई चेन की बाधाओं ने माल उतारना-चढ़ाना पूरी तरह ठप कर दिया है।

क्या होगा असर

- तेल कीमतें बढ़ीं तो महंगाई की मार सब पर
- बंद हो सकता है ईरान से भारत का व्यापार
- BRICS व SCO में संतुलन बिगड़ेगा, पाक को फायदा

कनेक्टिविटी को झटका । चाबहार-जाहेदान रेल लाइन मध्य 2026 तक पूरी होनी थी। 700 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (INSTC) का अभिन्न अंग है। जाहिर है, यह देरी भारत की कनेक्टिविटी को गहरा झटका देगी, खासकर अफगान खनिज और ऊर्जा आयात के मामले में।

आर्थिक नुकसान । ईरान, भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है, जहां 2024-25 में 75.3 करोड़ डॉलर का निर्यात हुआ। चाय, मसाले (7 करोड़ डॉलर) और फल-ड्राई फ्रूट्स (5.5 करोड़ डॉलर) का व्यापार भी जोरों पर था। ट्रंप प्रशासन की ईरान से व्यापार करने वालों पर 25% टैरिफ की धमकी ने निर्यातकों की नींद उड़ा दी है। पहले से ही पाकिस्तान और रूस जैसे बाजार सिकुड़ चुके हैं। तेल आयात तो 2019 से अमेरिकी CAATSA प्रतिबंधों के कारण शून्य है। ईरान संकट से वैश्विक ऊर्जा मूल्यों में उछाल आने से भारत की महंगाई पर दबाव बढ़ेगा, सो अलग।

सुरक्षा चुनौतियां । तेहरान और इस्फहान में पढ़ने वाले करीब 5 लाख भारतीय छात्र और कारोबारी जोखिम में हैं। विदेश मंत्रालय ने अफसी ताजा अडवाइजरी में कहा है कि वहां फंसे भारतीय जल्द से जल्द ईरान से निकल आएं। BRICS और शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) में ईरान की नई सदस्यता पर साझेदारी डगमगा रही है। चीन का ग्वादर प्रॉजेक्ट मजबूत होगा, जिससे पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अफगानिस्तान में तालिबान की अस्थिरता पर भी असर पड़ेगा, क्योंकि भारत और ईरान - दोनों ही काबुल के मौजूदा शासन के खिलाफ हैं।

सतर्कता सबसे बड़ा हथियार । भारत ने सदैव संतुलन की कला दिखाई है। इस्राइल और अरब देशों से गहरी दोस्ती के साथ ईरान से रिश्ते बनाए रखे हैं। अब SCO और BRICS मंचों पर मध्यस्थता की भूमिका निभानी होगी। कूटनीतिक दौरे बढ़ाएं, चाबहार बचाने के लिए वैकल्पिक फंडिंग और रूट तलाशें। यदि ईरान में शासन परिवर्तन हुआ, तो नया ईरान भारत के अनुकूल सिद्ध हो सकता है। फिलहाल सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है।

(लेखक जेएनयू के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान में प्रफेसर हैं)

कांटे की बात

आज के नेताओं की चाल से हारे नास्त्रेदमस

असंभव संवाद

मैं कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता। हमारी बातचीत प्रोटोकॉल के तहत हुई थी। नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने हमें अच्छे तरीके से काम करते रहने को कहा, हम अच्छे तरीके से काम करते रहेंगे।

- डीके शिवकुमार, कर्नाटक डिप्टी सीएम

फ्रांस के नास्त्रेदमस को इतिहास के सबसे मशहूर भविष्यवक्ताओं में गिना जाता है। सकैड़ों में कही गई उनकी कई भविष्यवाणियां बिल्कुल सटीक बताई जाती हैं। लेकिन क्या वह आज के भविष्यवेत्ताओं की मुश्किल हल कर पाते?

AI Image

अंधेरे से भरे कमरे में जहां सामने रखा सामान मुश्किल से दिख रहा था, वहीं बैठकर नास्त्रेदमस सैकड़ों बरस आगे का समय देख ले रहे थे। लेकिन, आज कुछ समस्या थी। 'कुछ दिखा आपको?' 'भसुमक्खियों का हमला, आग, धुआं... !' 'सर जी, अब इससे काम नहीं चल पाएगा। सीधा-सीधा बता सकते हैं कि ट्रंप अब किस देश के एक्टिंग प्रेजिडेंट बनने जा रहे हैं या टैरिफ के बारे में कुछ?' 'तुमने मेरी पुरानी भविष्यवाणियां नहीं देखीं?' 'सब देखीं हैं, पर कहीं भी आज के बारे में नहीं लिखा। आपने 100-200 बरस आगे का देख लिया, पर हमारी दुनिया में ऐसे नेता हैं, जिन्हें खुद भी नहीं पता कि उनका अगला कदम क्या होगा। ग्रह-नक्षत्रों से भी तेज उनकी चाल है। शीशे का गोला, हाथ की रेखाएं, कार्ड, तोते - सब बेकार हो गए हैं। हमारी साख दांव पर है, कुछ कीजिए।' नास्त्रेदमस ने कोशिश की, पर नेता तब तक चाल बदल चुके थे।

राजधानी की गलियों में पर्शिया की रूह

ईरान में इन दिनों उथल-पुथल मची हुई है। सारा देश सड़कों पर है। लेकिन इस तूफान के बीच भी ईरान की रूह अपनी दिल्ली में जिंदा है। यहां सदियों पुरानी इमारतें उसकी पुरानी विरासत को संभाले हुए हैं।

विवेक शुक्ला

ईरानी प्रभाव का सबसे शानदार नमूना है हुमायूं का मकबरा। इसे 1560 के दशक में बादशाह हुमायूं की विधवा बेगम हमीदा बानो ने बनवाया था। इसका डिजाइन फारसी आर्किटेक्ट मिराक मिर्जा घियास और उनके बेटे ने बनाया था। इसमें देखने को मिलते हैं ऊंचा दोहरा गुंबद, चमकदार सफेद संगमरमर और लाल बलुआ पत्थर, जाली का काम और ज्यामितीय नक्काशी। ये सब ईरानी शहरों की बड़ी मस्जिदों और मकबरों की याद दिलाते हैं। यहां आने वाले ईरानी पर्यटक अक्सर कहते हैं कि ऐसा लगता है जैसे ईरान ही आ गए हों।

कुतुब कॉम्प्लेक्स में शुरुआती इस्लामी मेहराबें और सजावट दिल्ली सल्तनत के आरंभिक दौर की फारसी छाप दिखाती हैं। जामा मस्जिद में फारसी स्टाइल की मेहराबें और लिखावट हैं। यही नहीं आधुनिक दिल्ली में भी ईरान की संस्कृति जिंदा है। तिलक मार्ग पर ईरान कल्चर हाउस लंबे समय से फारसी भाषा की कक्षाएंस, ढेर सारी ईरानी किताबों की लाइब्रेरी, फिल्म फेस्टिवल, संगीत कार्यक्रम और कला प्रदर्शनियों का जीवंत केंद्र रहा है। यहां भारतीय छात्र फारसी सीखने आते हैं। वे ईरान की शायरी, संगीत और परंपराओं में डूबते हैं। इसे ईरान का दूतावास चलाता है। यहां 40 हजार से ज्यादा किताबों वाली समृद्ध लाइब्रेरी है। इसके नजदीक ही बारखंभा रोड पर ईरानी दूतावास है जो इन रिश्तों को और मजबूत करता है। अब लोटस टेंपल की बात करते हैं। इसे ईरानी आर्किटेक्ट फरीबोर्ज साहबा ने डिजाइन किया था।

साड्डी दिल्ली

अगर हाल के दौर की बात करें तो 1980 के शुरुआती सालों में ढेर सारे ईरानी छात्र दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। 1979 की ईरानी इस्लामिक क्रांति से पहले ये छात्र रामलीला मैदान से नई दिल्ली की सड़कों तक मार्च निकालते थे। खास बात यह कि इसमें स्थानीय कारीगरों, टीचर और बुद्धिजीवी भी बड़ी संख्या में शामिल होते थे। इस बीच, दशकों तक पॉश गोल्फ लिंक्स का ईरान स्कूल भी ध्यान खींचता रहा। इसके करीब ही कांग्रेस नेता आर.के. धवन रहा करते थे। ईरान स्कूल 1964 में स्थापित हुआ था। इसमें ईरानी राजनयिकों और कर्मचारियों के बच्चे पढ़ते थे। इसकी दीवारों पर फारसी कहावतें और ईरानी नेताओं के चित्र लगे रहते थे। यहां 2008 में ईरानी राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद भी आए थे। यह स्कूल ईरान का महत्वपूर्ण प्रतीक था। अफसोस की बात है कि कोविड के दौरान यह बंद हो गया। फिलहाल, दिल्ली में करीब 600 ईरानी रहते हैं। इनमें राजनयिक, छात्र वगैरह शामिल हैं। इन्हें यहां अपने देश के प्रतीक देखकर निश्चित रूप से बहुत अच्छा लगता होगा।

पड़ोसी के घर में आग लगी तो तुम्हारी भी संपत्ति सुरक्षित नहीं

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

पड़ोस धर्म को निभाइए। पड़ोस धर्म क्या है? यही कि आप भोजन अवश्य करें, पर इस बात का ख्याल रखें कि कहीं आपका पड़ोसी भूखा न रह जाए। अच्छा पड़ोसी आशीर्वाद है। पड़ोसी के साथ कभी बिगाड़ न करें क्योंकि हम मित्रों के बिना तो जी सकते हैं, लेकिन पड़ोसी के बिना नहीं। उनके सुख-दुख में सहभागी बनिए। कारण कि पड़ोसी के घर में आग लगी है तो समझना तुम्हारी अपनी संपत्ति भी खतरे में है। और हां, तुम आज पड़ोसी के यहां नमकीन भेजते हो तो कल वहां से मिठाई आएगी।

यदि कोई इंजीनियर भ्रष्ट होता है तो कुछेक पुल, भवन ही असमय धराशायी होते हैं। यदि कोई डॉक्टर भ्रष्ट होता है तो कुछेक लोगों की ही अकाल-मौत होती है लेकिन यदि कोई शिक्षक भ्रष्ट होता है तो आने वाली समूची पीढ़ी बर्बाद हो जाती है। देश का भविष्य शिक्षक के हाथ में है क्योंकि उसके द्वार पर नई पीढ़ी कुछ सीखने वैठी है। यदि देश के शिक्षक तय कर लें तो भारत को 'विकसित राष्ट्र' क्या 'विश्व राष्ट्र' बना सकते हैं।

पुत्र तुम्हारी सेवा करे तो यह कोई आश्चर्य नहीं। वह तो करेगा ही। क्योंकि वह आखिर तुम्हारा ही खून है। लेकिन यदि पुत्रवधू सेवा करे तो यह आश्चर्य है। वह खून तो दूर खानदान तक की भी नहीं है, फिर भी सेवा कर रही है तो निश्चित ही यह तुम्हारे किसी जन्म का पुण्य-फल है। आज के समय में और सब तरह के पुण्य भोगना बहुत सारे लोगों की किस्मत में है, लेकिन पुत्र और पुत्रवधू की सेवा के पुण्य को भोगना विरले ही मां-बाप के भाग्य में है।

कड़वे प्रवचन

10 गाय दान करना बड़ा पुण्य है। मगर इससे भी बड़ा पुण्य कत्लखाने में जाती हुई एक गाय को बचा लेना है। 10 मंदिरों का निर्माण करना बड़ा पुण्य है मगर इससे भी बड़ा पुण्य एक प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार करना है। 10 प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार करना बड़ा पुण्य है मगर इससे भी बड़ा पुण्य एक आतंकवादी को अहिंसावादी बना देना है। अगर आप अपनी प्रेरणा से एक मांसाहारी व्यक्ति को शाकाहारी बना देते हैं तो समझना आपने घर बैठे ही चार धाम की यात्रा करने का पुण्य अर्जित कर लिया।

(साभार : डायमंड बुक्स)

भाषण तैयार था, परमाणु युद्ध की देरी थी

शैलेंद्र पांडेय

दूसरे विश्व युद्ध में हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराने का आदेश देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति हैरी एस ट्रूमैन ने कहा था कि जापानियों ने पर्ल हार्बर पर हमला कर यह लड़ाई शुरू की है और इसी बात की कीमत वे चुका रहे। तब से जब-जब परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच तनाव बढ़ा है, यह डर भी दुनिया को रहा कि कहीं हिरोशिमा और नागासाकी जैसी त्रासदी फिर न देखने को मिले। शीत युद्ध के दौरान मौके आए, जब लगने लगा था कि अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ के बीच परमाणु युद्ध होने ही वाला है। और 1983 में ऐसी नौबत भी आई थी एक बार, जब ब्रिटिश सरकार ने स्पीच भी तैयार कर ली कि अगर परमाणु युद्ध छिड़ा तो जनता से क्या कहना है।

रानी करती संबोधित । यह स्पीच क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के लिए तैयार कराई गई थी। गनीमत रही कि रानी को कभी उन शब्दों को कहने की जरूरत नहीं पड़ी। ब्रिटेन के नैशनल आर्काइव्स ने साल 2013 में इस भाषण को सार्वजनिक किया। इस पर तारीख है 4 मार्च, 1983। इसमें क्वीन एलिजाबेथ को बात शुरू करनी थी क्रिसमस से कि कुछ महीने पहले कैसे पूरे देश ने एक त्योहार मनाया और अब युद्ध की त्रासदी की ओर बढ़ रहा है।

स्पीच के शब्द । 'युद्ध का यह पागलपन एक बार फिर दुनियाभर में फैल रहा है। हमारे बहादुर देश को फिर से बड़ी बाधाओं से बचने के लिए खुद को तैयार करना होगा। मैं दुख और गर्व का वह पल कभी नहीं भूल सकती। साल 1939 में मैं और मेरी बहन वायरलेस सेट पर पिता के प्रेरक शब्दों को सुन रहे थे। एक क्षण के लिए भी मैंने नहीं सोचा था कि वह जिम्मेदारी कभी मेरे ऊपर आएगी। हम जानते हैं कि आज हमारे सामने जो खतरे हैं, वे हमारे लंबे इतिहास में किसी भी समय की तुलना में कहीं अधिक बड़े हैं। दुश्मन कोई सैनिक नहीं है, जिसके कंधे पर राइफल हो और न ही हमारे शहरों-कस्बों के ऊपर उड़ाने भरने वाला कोई एयरमैन है। दुश्मन है दुरुपयोग की गई तकनीक की घातक शक्ति।'

भावनात्मक अपील । इस भाषण में क्वीन एलिजाबेथ के पिता जॉर्ज पंचम का जिक्र आता है, जो दूसरे विश्वयुद्ध के समय ब्रिटिश साम्राज्य के राजा थे। इसमेंरॉयल नेवी यूनिट में हेलिकॉप्टर पायलट क्वीन के बेटे एंड्रयू का भी जिक्र आया। 'मेरा प्यारा बेटा एंड्रयू इस वक्त अपनी यूनिट के साथ तैनात है। हम उसकी और दूसरे सभी लोगों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रार्थना कर रहे हैं। परिवार का बंधन ही इस अज्ञात खतरे के खिलाफ हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा होनी चाहिए। अगर परिवार मिलजुल कर रहेंगे, साहसी होंगे और उन लोगों को आश्रय देंगे जो अकेले और असुरक्षित हैं, तो हमारे देश की जीवित रहने की इच्छाशक्ति को तोड़ा नहीं जा सकता।'

नकली सेना से लड़ाई । परमाणु युद्ध के हालात से निपटने के लिए एक युद्ध अभ्यास भी किया गया था। एक तरफ थी सोवियत संघ व उसके दोस्तों की आर्मड फोर्स और उनका सामना करने के लिए खड़ी नैटो की ब्लू फोर्स। आर्मड सेना ब्रिटेन पर घातक रासायनिक हथियारों से हमला करती है। ब्लू फोर्स जवाब में सीमित क्षमता वाले परमाणु हथियार इस्तेमाल करती है, ताकि दुश्मन को शांति के लिए मजबूर किया जा सके। उस स्पीच की तरह इस वॉर एक्सरसाइज की सीख को भी आजमाने की जरूरत नहीं पड़ी। ब्रिटिश अफसरों का अंदाजा था कि क्वीन ने अपने उस भाषण को शायद देखा भी नहीं था।

टाइम मशीन

AI Image

रीडर्स मेल

जान की परवाह हो

14 जनवरी का संपादकीय 'ये कैसी भागमभाग' पढ़ा। 10 मिनट डिलिवरी वाली सेवाएं उपभोक्ता सुविधा के नाम पर गिग वर्कर्स की जान जोखिम में डाल रही हैं। यह मॉडल दिखने में आधुनिक था, लेकिन देश की सड़कों, ट्रैफिक और कामकाजी हालात में अव्यवहारिक है। सरकार का हस्तक्षेप जरूरी था, क्योंकि बाजार अपने आप मानवीय संतुलन नहीं बना पाता।

प्रेरणा श्रीवास्तव, गुड़गांव

जॉब्स अलर्ट

● पुलिस
संस्थान: उत्तर प्रदेश पुलिस
पद का नाम: कंप्यूटर ऑपरेटर
पदों की संख्या: 1352
आखिरी तारीख: ज्ञात
वेबसाइट: upprpb.in

● BSSC
संस्थान: बिहार कर्मचारी चयन आयोग
पद का नाम: पथ निर्माण विभाग, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, गृह विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पर्यावरण नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रमयुक्त श्रम संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग आदि में
पदों की संख्या: 24492
आखिरी तारीख: ज्ञात
वेबसाइट: onlinebssc.com

● IIML
संस्थान: इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ
पद का नाम: मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, जूनियर मैनेजर, प्रोग्रम असिस्टेंट
पदों की संख्या: 38
आखिरी तारीख: 19 जनवरी
वेबसाइट: iiml.ac.in

● RSSB
संस्थान: राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
पद का नाम: वनपाल
पदों की संख्या: 259
आखिरी तारीख: 4 फरवरी
वेबसाइट: rssb.rajasthan.gov.in

● OSSSC
संस्थान: ओडिशा सब-ऑर्डिनेट स्टाफ सेलेक्शन कमीशन
पद का नाम: फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड, एक्साइज कॉन्स्टेबल
पदों की संख्या: 1518
आखिरी तारीख: 31 जनवरी
वेबसाइट: osssc.gov.in

● NALCO
संस्थान: नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड
पद का नाम: ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी
पदों की संख्या: 110
आखिरी तारीख: 22 जनवरी
वेबसाइट: nalcoindia.com

● BPSC
संस्थान: बिहार लोक सेवा आयोग
पद का नाम: सहायक वन संरक्षक
पदों की संख्या: 12
आखिरी तारीख: 2 फरवरी
वेबसाइट: bpsc.bihar.gov.in

● चैक
संस्थान: यूको बैंक
पद का नाम: जनरलिस्ट और स्पेशलिस्ट ऑफिसर्स, सीए
पदों की संख्या: 173
आखिरी तारीख: 2 फरवरी
वेबसाइट: uco.bank.in

संस्थान: इंडियन बैंक की सहायक कंपनी इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड
पद का नाम: रिलेशनशिप मैनेजर, डिजिटल मार्केटिंग, सेक्रेटेरिएट ऑफिसर और डीलर
पदों की संख्या: 20
आखिरी तारीख: 25 जनवरी
वेबसाइट: indbankonline.com

संस्थान: एमपी राज्य सहकारी बैंक
पद का नाम: कंप्यूटर ऑपरेटर, सोसाइटी मैनेजर और ऑफिसर ग्रेड
पदों की संख्या: 2076
आखिरी तारीख: 5 फरवरी
वेबसाइट: apexbank.mp.bank.in

● IAF
संस्थान: भारतीय वायु सेना
पद का नाम: ऑग्नीवीर वायु
आखिरी तारीख: 1 फरवरी
वेबसाइट: infreerutitment.edcll.co.in

● UPPSC
संस्थान: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
पद का नाम: मेडिकल ऑफिसर, कम्युनिटी हेल्थ, वेटरनरी ऑफिसर, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, होम्योपैथिक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद), डेंटल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर, चिकित्सा अधिकारी (यूनानी), चिकित्सा अधिकारी (होम्योपैथिक), डेंटेंग ऑफिसर
पदों की संख्या: 2158
आखिरी तारीख: 29 जनवरी
वेबसाइट: uppsc.up.nic.in

GL BAJAJ
Institute of Law
FIND YOUR SPARK
(Approved by BCI & Affiliated to CCS University, Meerut)

Application are invited from Experienced Academicians for the post of

Principal & Professor, Associate Professor & Assistant Professor

for the Courses: BA LL.B, B.Com LL.B, LL.B

In the Area of Corporate Law, History, Law of Torts, Marketing Mgmt, Organisational Behaviour, HRM, Business Mgmt, English, Economics

Qualification, Experience & Salary: As per CCS University/BCI norms.

Applications are also invited for
Registrar | Librarian | Accountant | Administrative Officer | Store Incharge | Receptionist | Lab/Office Assistant | Driver & Peon

Please Mention Post Applied for & Department as Subject in mail

Apply with complete bio-data and testimonials within 7 days from the release of this advertisement at *"jobs.glblaw@gmail.com" Please mention the "Post Applied for" in the subject line.*

Plot No. 2A, Knowledge Park III, Greater Noida (U.P.)
Ph: 7835005113, Website: www.glbil.org

ARMY INSTITUTE OF TECHNOLOGY (AIT)
Alandi Road, Dighi Hills, Pune – 411015
Tele: 7249250184/185
Website: www.aitpune.com

1. Applications are invited from eligible candidates for the posts mentioned below, on contractual basis and on consolidated salary :

Professor : Autonomous & Robotics Engineering

2. Details of Qualification required and terms and conditions are available on AIT website **www.aitpune.com**
3. Applications by post, should reach Registrar, Army Institute of Technology, Alandi Road, Dighi Hills, Pune-411 015, not later than **10 days** from date of publication of advertisement.

Note :
- AIT reserves the right to short list candidates for further processing.
- No TA/DA will be given for attending interviews.
- Applications and Research format to be forwarded in the prescribed word format only available on AIT website along with necessary supporting documents.

Director, AIT

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
(नाबार्ड)
समूह 'बी' में विकास सहायक / विकास सहायक (हिंदी) के पदों पर सीधी भर्ती – 2026

नाबार्ड, जोकि भारत सरकार के स्वामित्व में एक अखिल भारतीय शीर्ष संस्था है, निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक अर्हता रखने वाले भारतीय नागरिकों से **केवल** ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :

क्र. सं.	पद	रिक्तियाँ	ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण
1	ग्रुप 'बी' - विकास सहायक	150	17.01.2026 से 03.02.2026
2	ग्रुप 'बी' - विकास सहायक (हिंदी)	03	

रिक्तियाँ, शैक्षिक योग्यता, उम्र, आवेदन शुल्क, चयन प्रक्रिया, आदि, से संबंधित सभी प्रकार के विवरण हेतु कृपया 17 जनवरी 2026 को बैंक की वेबसाइट https://www.nabard.org पर प्रकाशित होनेवाला विस्तृत विज्ञापन देखें.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 15.01.2026
मुख्य महाप्रबंधक
मानवशक्ति

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम)
सांकेतिक विज्ञापन

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, दिल्ली की जीवन रेखा, निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:–

क्र. सं.	पदनाम	पद की संख्या	पद वेतनमान (आई.डी.ए)	आधार	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1.	अनुभाग अभियंता (कर्षण)	एक (01)	₹ 46,000 – 1,45,000/–	सीधी भर्ती	28.01.2026

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। विस्तृत रिक्ति अधिसूचना और पात्रता मानदंड, योग्यता, अनुभव, चयन की आयु सीमा, आधार आदि का विवरण दिल्ली मेट्रो की वेबसाइट www.delhimetrorail.com के कैरियर अनुभाग पर विज्ञापन संख्या डीएमआरसी/पीए/22/एचआर/2025 (218) के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

महाप्रबंधक (मानव संसाधन)/प्रोजेक्ट
दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
मेट्रो भवन, कायर ड्रिंकेड लेन,
बाराखंभा रोड, नई दिल्ली

विज्ञापन सं.: डीएमआरसी/178/2026

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए स्क्रुइंग स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/20 (संविदा पद)

पद का नाम	रिक्ति	अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025)
एडीपी (मैनेजर प्लानिंग और भर्ती)	1	42 साल
एडीपी (अर्निंग और डेवलपमेंट)	1	42 साल

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवेदन शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 12.01.2026 से 02.02.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 12.01.2026
महाप्रबंधक (भर्ती एंड पीएम)

भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू
Indian Institute of Management Jammu

भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र.	पद	स्तर (7th CPC)	वर्ग
1.	परियोजना अभियंता सह संपदा अधिकारी -रिक्तियां संख्या	12	1-अनारक्षित
2.	डिप्टी रजिस्ट्रार पेरोल - रिक्तियां	10	1- अ.पि.व.
3.	प्रशासनिक अधिकारी - रिक्तियां	10	अ.आ.व. (1)
4.	ओएसडी सचिव अधिकारी - रिक्तियां	10	1-अनारक्षित
5.	अनुभाग अधिकारी (लेखा और ऑडिट)-रिक्तियां	10	अ.जा. (1)
6.	सहायक पेरोल अधिकारी - रिक्तियां	8	1-अनारक्षित
7.	सहायक ओएसडी सचिव अधिकारी -रिक्तियां	8	1- अ.पि.व.
8.	सहायक प्रशासनिक अधिकारी (हिंदी भाषा और प्रशासन) - रिक्तियां	8	1-अनारक्षित
9.	जूनियर इंजीनियर (सिविल) - अनुबंध	6	1- अ.पि.व.
10.	कार्यकारी (लेखा) - रिक्तियां	6	1-अनारक्षित, 1- अ.पि.व.
11.	जूनियर कार्यकारी- रिक्तियां	4	1-अनारक्षित

विवरण के लिए कृपया आईआईएम जम्मू की वेबसाइट www.iimj.ac.in पर जाएँ और **10 फरवरी 2026 तक** ऑनलाइन आवेदन करें।

एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड
(भारत सरकार के अंतर्गत एक मिनी रत्न कंपनी-I, सीपीएसई)
7वां तल, अग्रवाल सिग्निया, 14 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001

अनुबंध के आधार पर उम्मीदवारों की आवश्यकता

एडसिल, शिक्षा मंत्रालय की ओर से, मंत्रालय की केंद्र प्रायोजित योजना टीएसजी – PM SHRI परियोजना के लिए अनुबंध के आधार पर, निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

कंसल्टेंट–03

रिक्तियां, शैक्षणिक योग्यता और पात्रता मानदंड की पूरी जानकारी **https://www.edcilindia.co.in/TCareers** पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र **09 जनवरी 2026** से उपलब्ध होगा।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **25 जनवरी 2026** है।

PRINCIPAL & TEACHERS REQUIRED
(With approx 10 years of experience as Principal in reputed Inter College)
A chain of visionary English Medium, Co-Educational 10+2 part-residential CBSE Schools in Varanasi, Kanpur and Prayagraj, U.P. is looking for dynamic and well-experienced PRINCIPAL & Teachers

POSTS	SUBJECTS
PGT	English, Chemistry, Mathematics Geography and Legal Studies
TGT	Hindi, Mathematics, Social Sciences
JRT & PRT	For All Major Subjects
NURSERY TEACHERS	Must be competent to teach all major subjects
ACTIVITY TEACHERS	Music (Vocal & Instrumental), Dance
CO-ORDINATORS	For Classes Pre Nursery to XII
SPORTS COACHES	For All Major Sports
ACADEMIC COUNSELLOR	For School Students
HOSTEL WARDEN	For International Sports Hostel (Full AC)

SALARY AS PER THE SIXTH PAY COMMISSION OR MORE. HIGHER SALARY FOR EXTRA ORDINARY CANDIDATES

- Candidates may E-mail (schoolcareers2026@gmail.com) their latest biodata with photograph at the earliest.
- Shortlisted candidates to be called for interview. TA-DA will be admissible.

KORAPUT DIVISION
HINDUSTAN AERONAUTICS LIMITED
KORAPUT DIVISION, ODISHA 763002
(A Maharatna CPSE)

(Advertisement No.: KPT/HC/SRD/2025-01)
Hindustan Aeronautics Limited (HAL), Koraput Division invites applications from Doctors for its Industrial Health Centre at Sunabeda, Odisha for the following posts;

S. N.	Name of the Post	No. of Vacancies	Reservation	Pay Scale	Essential Qualification & Experience
1.	Sr. Medical Officer (Orthopaedic) /(Grade-III)	1	OBC (NCL)-1	Rs. 50000/- 3%- 160000/-	MBBS + Post Graduate Degree / DNB (in Relevant Specialization) + 0 year post qualification Experience (or) MBBS + Post Graduate Diploma (in Relevant Specialization)+1 year post qualification experience
2.	Sr. Medical Officer (General Medicine) /(Grade-III)	2	SC-1, OBC (NCL)-1		

For detailed notification,please visit Careers page at **www.hal-india.co.in. The last date for receiving applications is 31.01.2026**

Chief Manager (HR), HAL, Koraput Division

INSURANCE INSTITUTE OF INDIA
Plot No.C-46, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051

Applications are invited for the post of
Faculty (General Insurance) – 2 nos.
(1 permanent & 1 contractual) at Mumbai location
Faculty (General Insurance) – 1 nos.
1 nos. (contractual) at Kolkata location.

For details, please visit www.insuranceinstituteofindia.com under the **Career** option.
For any queries, please send email to sant@iii.org.in
Last date for receipt of application: **31st January, 2026.**

NEHRU GRAM BHARATI
(Deemed to be University) U/s 3 of UGC Act 1956
Kotwa-Jamunipur, Dubawal, Prayagraj, Uttar Pradesh-221505

Notification for the post of Vice Chancellor

This deemed to be University requires the service of an eminent educationist with a versatile academic background to perform as Vice Chancellor. Willing and deserving persons fulfilling UGC norms may apply through registered post/speed post/e-Mail-**registrar@ngbu.edu.in** within 15 days of the publication of this notification, including academic credentials at the address below :-

Registrar, Nehru Gram Bharati (Deemed to be University), Office: 104F/3, Malviya Road, George Town, Prayagraj-211002 (U.P.) **Registrar**

Raath International School (Group of Schools) 23
Premier CBSE All English Medium Girls Co-Educational, Day-cum Residential Schools with Science, Commerce & Humanities

REQUIREMENTS 2026-27

ADMIN FOR COACHING	Coordinators & Headmistress KG/NTT Mother Teachers Expert & Min. 5 Years experience Faculties for IIT-JEE & NEET, CA, NDA, CLAT, NTSE / STSE, OLYMPIADS, Physics, Chemistry, Biology, Maths, Reasoning (Salary : 1.8 Lac to 8.0 Lac/ Per Annum)
PGTs	English, Maths, Physics, Chemistry, Biology, Accountancy, B.Sc, Economics, Political Sc., History, Geography, Psychology, Legal Studies, Legal Reasoning, I.P. Phil, Music
TGTs	English, Hindi, Science, Social Science, Reasoning, Computer, Maths, Sanskrit
PRTs	English, Hindi, Maths, Science, S.St., Computer
ACTIVITY	PTs, Art & Craft, Music, Dance EXPERT COACHES For all Games & Sports
SUPPORTING STAFF	Lab Incharge, Counsellors, Front Office, School Manager/ Executive, Computer Operator CBSE Related work, Nurse (Female), CCTV Operator, Bus Drivers & Conductors

SELECTION CRITERIA- WRITTEN TEST, INTERVIEW & DEMO
Remuneration & facility: Upto Rs 40 Lakhs/Annum & Subsidised meal, Residence etc.
Send your biodata with photograph on - rss.career123@gmail.com

WALK-IN- INTERVIEW	07 Jan 2026 Sat.	09 Jan 2026 Fri.	17 Feb 2026 Tue.	21 Feb 2026 Sat.
	BAHRAICH CAMPUS	Kaiser CAMPUS	BEHROR CAMPUS	AL NAJA CAMPUS
INTERVIEW TIMINGS 10 AM TO 2.30 PM	2.30 K.M. Bahraich Circuit House Road Near Cantt Road Bazar, Kaiser Nagar Bahraich	Near Kaiser Nagar Bus Stand Kaiser Nagar Bahraich	Near Hero Honda Showroom Behror Bypass Road, Behror (Rajasthan)	Near Al Naja Hospital Kurawali Bypass Road, Alwar (Raj.)
	M. 8052178886	M. 8052178887	M. 8769102418	M. 9887627380

KCC INSTITUTES
GRADE 'A' COLLEGE
GREATER NOIDA
AI ENABLED CAMPUS

Approved by AICTE | Affiliated to AKTU University | Affiliated to GGSIPU, New Delhi | Approved by Bar Council of India

B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | BA(JMC) | B.COM(H) | BA LLB(H) | BBA LLB(H)

INVITES APPLICATIONS FOR PROFESSORS AND ASSISTANT PROFESSORS IN THE FOLLOWING AREAS

INSTITUTE OF TECHNOLOGY
• Artificial Intelligence and Machine Learning • Cyber Security and Forensics • Big Data • Internet of Things • Internet Technologies • Mobile Computing • Data Sciences • Business Analytics and Optimization • Block Chain • Cloud Computing • Cognitive Science • Computer and Network Security • Information Management and Analytics • Mobile & Internet Computing • Theoretical Computer Science • Data Security • COA • ECE Physics • Maths • Soft Skills • Applied Sciences

INSTITUTE OF MANAGEMENT
• Finance • Marketing • Human Resource • Operations • Business Analytics • Digital Marketing • E-Commerce • Digital Transformation • Financial Technology • Management Information System • Business Statistics • Quantitative Techniques • Business Research • Design Thinking • Stock Trading • Business Communication

INSTITUTE OF COMMERCE
• Accounting • Finance • Taxation • Corporate Accounting • Management & Cost Accounting • Auditing • Forensic Accounting and Banking Fraud • Public Policy • Economics • Digital Marketing • Block Chain

INSTITUTE OF LAW
• Jurisprudence • Law of Crimes • Corporate Laws • Sociology • History • Political Science • English • ADR • Family Law • Client Counseling

INSTITUTE OF JOURNALISM AND MASS MEDIA
• New Media • Advertising and Public Relations • Photography • Direction & Editing • Radio • Graphics • Visual Effects and Animation • Event Management • Corporate Communication

MANAGERS & ASSISTANTS
• Admissions • Social Media • Alumni Relations • Accounts • Construction • Security • Placement • Administration • Deputy Registrar • HR

SALARY UPTO 50 LACS

Eligibility As Per UGC / AICTE Norms. Salary No Constraint

Hostel accommodation shall be provided to outstation candidates

Apply at : careers@kccitm.edu.in

Balmer Lawrie & Co. Ltd.
(A Government of India Enterprise)

विज्ञापन, विज्ञापनीयता एवं पारदर्शिता की सत्यता 166 वर्षों की विरासत की और अग्रसर एक बहु-व्यवसायिक समूह

पूर्णकालिक रिटेनर के रूप में पेशेवर की आवश्यकता

न्यूनतम मौलिक योग्यता: भारत (किसी भी विषय में)
न्यूनतम अनुभव:
i) अग्रणी भारतीय रेल का पूर्व कार्यकारी होना चाहिए तथा भारतीय रेल में न्यूनतम 10 वर्षों का कार्य अनुभव होना आवश्यक है।
ii) मुख्य नियंत्रक / सहायक यातायात प्रबंधक / मुख्य स्टेशन मास्टर / स्टेशन मास्टर / मुख्य यातायात निरीक्षक / यार्ड मास्टर / स्टेशन नियंत्रक के रूप में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

अधिकतम आयु: 03.02.2026 को 62 वर्ष, रिक्तियों की संख्या : 05 (पाँच)
रिटेनरशिप शुल्क: कंपनी के नियमों के अनुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कॉलीटर मानव संसाधन विभाग को ई-मेल के माध्यम से भेजें.
chrd.recruitment@balmerlawrie.com अंतिम तिथि: 03.02.2026 तक
अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें **https://www.balmerlawrie.com/pages/current-openings**

कंपनी मुख्यालय: 21, एन. एस. रोड, कोलकाता – 700001 | सी.आई.एन: L15492WB1924GOI004835

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ENGINEERS INDIA LIMITED
(A Govt. of India Undertaking)
पंजीकृत कार्यालय: इंजीनियर्स इंडिया भवन-1, गौतमी काण्ड पोस्ट, नई दिल्ली–110066

दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नवरत्न श्रेणी का सार्वजनिक उपक्रम तथा अग्रणी समग्र समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी कंपनी, देश के विकास में योगदान देने और इस प्रतिष्ठित संगठन का हिस्सा बनने का उत्साह रखने वाले गतिशील कैरियर उन्मुख अनुभवी पेशेवरों के लिए अवसर प्रदान करती है।

ईआईएल को अपनी विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए निम्नलिखित पदों के लिए उपयुक्त रूप से पात्र, अनुभवी और प्रेरित पेशेवरों की आवश्यकता है:–

पदनाम	वेतनमान (₹)	रिक्तियों की संख्या*	आरक्षण की स्थिति
उप प्रबंधक (सीएसआर)		1	वीएच – 3 (श्रेणी – ए) एचएच – 2 (श्रेणी – बी) ओबी – 1 (श्रेणी – डी एवं ई)
उप प्रबंधक (कॉर्पोरेट योजना)	70000-200000	1	
इंजीनियर (परियोजना)	60000-180000	1	
अधिकारी (पुस्तकालय)	60000-180000	1	
उप प्रबंधक (पुस्तकालय)	70000-200000	1	
अधिकारी (वित्त)	60000-180000	1	
अधिकारी (राजभाषा)		1	
सहायक (मानव संसाधन)	32000-128000	1	ओबी – 1 (श्रेणी – डी एवं ई)
कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन)	29000-120000	2	वीएच – 1 (श्रेणी – ए), ओबी – 1 (श्रेणी – डी एवं ई)
	कुल	9	

*दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है।

कृपया **विस्तृत विज्ञापन** के लिए कंपनी की वेबसाइट "http://www.engineersindia.com" देखें। पात्र उम्मीदवार वेबसाइट पर दिनांक **21.01.2026** को **00:00 बजे** से दिनांक **04.02.2026** को **23:59 बजे** तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

मा.सं./पी./भर्ती./विज्ञापन/2025–26/15

CDSL
Convenient • Dependable • Secure

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की स्थापना वर्ष 1999 में सुविधाजनक, विश्वसनीय एवं सुरक्षित डिपॉजिटरी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। एशिया की पहली सूचीबद्ध डिपॉजिटरी के रूप में, CDSL अपने मुख्य डिपॉजिटरी व्यवसाय के साथ-साथ अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से KYC एवं अन्य डिजिटल परिसंपत्ति-संबंधित सेवाओं में भी सतत विकास पथ पर अग्रसर है।

अपने कार्यकारी निदेशक (Executive Director – ED) नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत, CDSL ऐसे अनुभवी एवं योग्य नेतृत्वकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित करता है, जो सुशासन, संचालनात्मक मजबूती, नियामक अनुपालन एवं प्रौद्योगिकी-आधारित उत्कृष्टता को सुदृढ़ कर सकें तथा डिजिटल परिसंपत्तियों के एक विश्वसनीय संरक्षक के रूप में CDSL की स्थिति को और सशक्त बना सकें।

दोनों कार्यकारी निदेशक पद बोर्ड-स्तरीय हैं, जो प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD & CEO) तथा गवर्निंग बोर्ड को रिपोर्ट करेंगे। ये पद मुंबई (भारत) में आधारित होंगे। प्रचलित SEBI दिशानिर्देशों के अनुसार, कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति अधिकतम दो कार्यकालों (प्रत्येक अधिकतम 5 वर्ष) के लिए की जा सकती है, जिसकी अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। पदों के लिए आकर्षक वेतन एवं लाभ पैकेज प्रदान किया जाएगा, जो अन्य मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर संस्थानों (MIIs) के अनुरूप एवं नियामक द्वारा अनुमोदित होगा।

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर – क्रिटिकल ऑपरेशंस

प्रमुख उत्तरदायित्व
- प्रौद्योगिकी, सूचना सुरक्षा एवं कोर डिपॉजिटरी संचालन के लिए रणनीतिक नेतृत्व एवं निगरानी प्रदान करना, जिससे स्थिरता, विश्वसनीयता, संचालनात्मक मजबूती तथा सार्वजनिक हित के अनुरूप सुनिश्चित हो।
- SEBI विनियमों एवं उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप संपूर्ण मुख्य डिपॉजिटरी संचालन की निगरानी।
- आईटी अवसंरचना एवं डिपॉजिटरी प्रणालियों की 24x7 उपलब्धता, सुरक्षा एवं मजबूती सुनिश्चित करना, जिसमें साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, आपदा पुनर्प्राप्ति (DR) एवं व्यवसाय निरंतरता शामिल हैं।
- आकस्मिक परिस्थितियों में निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने हेतु व्यवसाय निरंतरता योजना (BCP) एवं आपदा पुनर्प्राप्ति ढांचे का नेतृत्व।
- जोखिम न्यूनीकरण, सतत सुधार एवं परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देना।
- नियामकों, सेवाप्रदाताओं, क्लियरिंग कॉर्पोरेशनों, स्टॉक एक्सचेंजों, डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (DPs), इश्यूअर्स एवं अन्य बाजार सहभागियों के साथ समन्वय।
- सुशासन, आंतरिक नियंत्रण, ऑडिट एवं अनुपालन विषयों पर MD & CEO तथा बोर्ड समितियों के समक्ष निकट सहयोग।
- SEBI एवं अन्य वैधानिक प्राधिकरणों के प्रति नियामक रिपोर्टिंग एवं अनुपालन की निगरानी।
- उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों का निर्माण एवं मार्गदर्शन, जवाबदेही, नैतिक आचरण एवं संचालनात्मक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना।
- समय-संवेदनशील एवं उच्च प्रभाव वाले परिदृश्यों में तथ्य-आधारित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन।

पात्रता एवं अनुभव
- **शैक्षणिक योग्यता:** इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या किसी प्रतिष्ठित संस्थान से व्यावसायिक डिग्री। साइबर सुरक्षा, आईटी गवर्नेंस, सूचना सुरक्षा या प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन में प्रमाणन अतिरिक्त लाभ होगा।
- **अनुभव:** न्यूनतम 20 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव, जिसमें से कम-से-कम 10 वर्ष वित्तीयतर वित्तीय सेवाओं या पूंजी बाजार संस्थानों (जैसे स्टॉक एक्सचेंज, क्लियरिंग कॉर्पोरेशन या डिपॉजिटरी) में वरिष्ठ नेतृत्व भूमिकाओं में हो।
- **क्षमताएं:** मजबूत रणनीतिक दृष्टि, डिजिटल नेतृत्व, उत्कृष्ट संचार कौशल एवं उच्चतम नैतिक मानक।

आवेदन भेजें: **विषय पंक्ति: Application for Executive Director – Critical Operations**
EDV1@cdslindia.com

एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर – रेगुलेटरी, कंप्लायंस, रिस्क मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टर ग्रीवन्स

प्रमुख उत्तरदायित्व
- नियामक अनुपालन, विधिक एवं सचिवीय कार्यों, उच्च जोखिम प्रबंधन तथा निवेशक शिकायत निवारण के लिए रणनीतिक नेतृत्व एवं निगरानी, जिससे मजबूत सुशासन एवं निवेशक संरक्षण सुनिश्चित हो।
- SEBI विनियमों, MII फ्रेमवर्क एवं अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की समयबद्ध व्याख्या एवं क्रियान्वयन।
- परिचालन, नियामक, साइबर एवं उभरते जोखिमों को कवर करते हुए व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन (ERM) ढांचे का निर्माण एवं कार्यान्वयन तथा गवर्निंग बोर्ड एवं ऑडिट समिति के समक्ष नियमित रिपोर्टिंग।
- निवेशक शिकायतों का प्रणाली एवं समयबद्ध निवारण, मूल कारण विश्लेषण एवं निवारक उपायों सहित।
- अनुपालन, जोखिम प्रबंधन, निवेशक संरक्षण एवं व्हिसलब्लोअर तंत्र से संबंधित नीतियों एवं ढांचों का निर्माण एवं परिवीक्षण।
- नियामकों, सेवाप्रदाताओं, क्लियरिंग कॉर्पोरेशनों, स्टॉक एक्सचेंजों, DPs, इश्यूअर्स एवं बाजार सहभागियों के साथ समन्वय।
- सुशासन, आंतरिक नियंत्रण, ऑडिट एवं अनुपालन समीक्षाओं पर MD & CEO एवं बोर्ड समितियों के साथ निकट सहयोग।
- SEBI एवं अन्य वैधानिक प्राधिकरणों के साथ नियामक रिपोर्टिंग एवं संवाद का नेतृत्व।
- अनुपालन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण की संस्कृति को प्रोत्साहित करने हेतु टीमों का निर्माण एवं मार्गदर्शन।

पात्रता एवं अनुभव
- **शैक्षणिक योग्यता:** वित्त, अर्थशास्त्र, विधि या संबंधित विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री, या CA/CS/CMA अथवा समकक्ष व्यावसायिक योग्यता। गवर्नेंस, रिस्क एवं कम्प्लायंस (GRC) में प्रमाणन अतिरिक्त लाभ होगा।
- **अनुभव:** न्यूनतम 20 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव, जिसमें से कम-से-कम 10 वर्ष वित्तीयतर वित्तीय सेवाओं या पूंजी बाजार संस्थानों में अनुपालन, जोखिम प्रबंधन, विधिक या नियामक भूमिकाओं में वरिष्ठ नेतृत्व स्तर पर हो।
- **क्षमताएं:** मजबूत सुशासन दृष्टिकोण, रणनीतिक सोच, उत्कृष्ट संचार कौशल, हितधारक प्रबंधन क्षमता एवं उच्चतम नैतिक मानक।

आवेदन भेजें: **विषय पंक्ति: Application for Executive Director – Regulatory, Compliance, Risk Management & Investor Grievance**
EDV2@cdslindia.com

आयु एवं राष्ट्रीयता
◆ 1 जनवरी 2026 को उम्मीदवार की आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए ◆ केवल भारतीय नागरिक (भारतीय पासपोर्ट धारक) आवेदन के पात्र हैं
◆ आवेदकों को SEBI के नियमों, कंपनी अधिनियम, 2013 एवं समय-समय पर संशोधित अन्य प्रासंगिक कानूनों के अंतर्गत निर्धारित पात्रता शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित सक्षम प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त करना होगा।

आवेदन प्रक्रिया
- सभी आवेदनों को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा।
- इच्छुक उम्मीदवार अपना विस्तृत बायोडाटा (CV) एवं कवर लेटर भेजें, जिसमें आवेदन किए गए पद का स्पष्ट उल्लेख हो।
- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 15 फरवरी 2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 01-14-2026 23:01 Color:

चोटिल होने से पहले मुझे पता नहीं था कि स्पलीन हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब मुझे हॉस्पिटल में एडमिट किया गया, उसके बाद मुझे एहसास हुआ कि यह एक गंभीर चोट थी। उस दिन मुझे 'स्पलीन' शब्द के बारे में भी पता चला। - श्रेयस अय्यर, भारतीय क्रिकेटर

191

रन बनाए थे श्रीलंका के हसिथा बोयगोड़ा ने केन्या के खिलाफ साल 2018 में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप में। यह टूर्नामेंट में किसी प्लेयर द्वारा खेली गई सबसे बड़ी इनिंग्स का रेकॉर्ड है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में हीं इन सवालों का जवाब है।

1. भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब कितनी बार जीता है? A) 6 B) 5 C) 8 D) 9
2. पीवी सिंधु को इंडिया ओपन 2026 के पहले राउंड में किस देश की प्लेयर ने हराया? A) वियतनाम B) इंडोनेशिया C) जापान D) चीन

कल के जवाब
1. C) 8 2. A) विदर्भ

लकी WINNER

1. सुशील गोयल, पटपड़गंज, दिल्ली
2. नवनीत गुप्ता, नजिराबाद, यूपी
3. बृज मोहन, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

फिर से टॉप पर विराट

■ दुबई: विराट कोहली ने वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में शानदार अर्धशतक बनाने के बाद इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर फिर से टॉप पोजिशन हासिल कर लिया है। यह सौतीस वर्षीय बल्लेबाज जुलाई 2021 के बाद पहली बार नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचा है। पहले वनडे में सस्ते में आउट होने के कारण रोहित तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

मारिन टीम से जुड़े

■ नई दिल्ली: डच कोच शॉर्ड मारिन औपचारिक रूप से एक बार फिर भारतीय महिला हॉकी टीम के हेड कोच के रूप में जुड़ गए हैं। 2017 से 2021 तक उनका कार्यकाल सफल रहा था, जिसमें ओलिंपिक्स 2020 में टीम ने ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया। हॉकी इंडिया ने उनके स्वागत की खबर साझा की।

PWL आगाज आज से

■ नोएडा: प्रो रेसलिंग लीग (PWL) के मौजूदा सीजन का आगाज उत्तर प्रदेश डॉमिनेटर्स और पंजाब रॉयल्स के मैच से होगा। सबसे ज्यादा निगाहें दो बार की अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियन अंतिम पघाल पर रहेंगी, जो 53 किग्रा में मौनाक्षी से भिड़ेंगी। मुकाबले तीन-तीन मिनट के दो दौर में होंगे।

पहला लेग जीता सिटी

■ लंदन: नए रिलाइड एटीनी रोमेन्को के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को हॉलस लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले लेग में 2-0 से हरा दिया। रोमेन्कोइनल का दूसरा लेग 5 फरवरी को खेला जाएगा।

दूसरे वनडे में मेहमान टीम ने भारत को सात विकेट से शिकस्त देकर तोड़ा हार का सिलसिला

मिचेल ने सीरीज़ बराबर कराई

■ एजेंसियां, राजकोट: न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल की शानदार नाबाद शतकीय पारी और अपने स्पिनर्स की अनुशासित बोलिंग की बदौलत भारत के खिलाफ वनडे सीरीज का दूसरा मैच सात विकेट से जीत लिया है। इसके साथ ही मेहमान टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। भारत से मिले 285 रन के टारगेट को कीवी टीम ने 15 बॉल बाकी रहते हासिल कर लिया। यह भारत में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा रन चेज है। इसने भारत के खिलाफ लगातार आठ मैच गंवाने के बाद पहली जीत हासिल की।

यंग का मिला साथ: न्यूजीलैंड की शुरुआत काफी खराब रही। इसने पावरप्ले में केवल 34 रन बनाए। यह 2023 वर्ल्ड कप के बाद न्यूजीलैंड का पावरप्ले में चौथा सबसे कम स्कोर है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' मिचेल को इसके बाद विल यंग (87 रन, 98 बॉल, 7 फोर) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 152 बॉल में 162 रन की साझेदारी निभाई। इसमें यंग ने 67 बॉल पर 70 रन जोड़े जबकि मिचेल ने 85 बॉल में 88 रन का योगदान दिया। भारत के खिलाफ मिचेल की लाजवाब लय जारी रही। उन्होंने टीम इंडिया के विरुद्ध वनडे में 10वीं इनिंग्स में अपनी तीसरी सेंचुरी लगाई। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 67.11 औसत से कुल 604 रन बनाए हैं।

केएल ने खेली शतकीय पारी: इससे पहले केएल राहुल ने कठिन पिच पर नाबाद शतक लगाते हुए भारत को सात विकेट पर 284 रन तक पहुंचाया। राहुल ने 92 बॉल में 11 फोर और एक सिक्स की मदद से 112* रन की पारी खेली। उन्होंने सिक्स लगाकर अपना शतक पूरा किया। मेहमान टीम के बोलर्स ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए 24वें ओवर में भारत के चार विकेट 118 रन पर निकाल दिए थे, जबकि एक समय स्कोर एक विकेट पर 99 रन था। पिच में रफ्तार नहीं थी और कभी कभी गेंद नीची रह रही थी। कप्तान शुभमान गिल ने 53 गेंद में 56 रन बनाए जो सीरीज में उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। न्यूजीलैंड के बोलर्स ने अच्छी शुरुआत करते हुए काफी कसी हुई बोलिंग की। रोहित शर्मा (24) को खाता खोलने में 11 गेंदों तक इंतजार करना पड़ा। रोहित ने कवर्स में एक शानदार ड्राइव लगाया, लेकिन एक बार फिर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे।

विराट, श्रेयस नहीं चले: ओपनर गिल और उसके बाद श्रेयस अय्यर (8 रन) खराब शॉट खेलकर आउट हुए। गिल ने धीमी शुरुआत के बाद पैर जमाए और अपनी पारी में नौ फोर तथा फाइव लेग पर एक सिक्स जड़ा। वह हालांकि काइल जैमीसन की शॉर्ट गेंद पर चकमा खा गए और मिडविकेट पर डेरिल मिचेल को आसान कैच दे बैठे। श्रेयस ने क्लार्क की गेंद पर मिड ऑफ में माइकल ब्रेसवेल को कैच थमाया। शानदार लय में चल रहे दिग्गज विराट कोहली के आउट होने पर निरंजन शाह स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। विराट ने पहली गेंद पर चौका लगाया, लेकिन 23 के स्कोर पर क्लार्क की गेंद पर बोल्ड हो गए। स्थानीय सितारे रविंद्र जाडेजा ने 27 रन बनाए।

बाइट बॉल पैवेलियन

7 लिस्ट-ए इनिंग्स के बाद विराट कोहली बिना विकेट बनाए आउट हुए। इस दौरान उन्होंने तीन शतकीय पारियां भी खेली हैं

8 वां शतक बनाया वनडे इंटरनेशनल में न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने

93.8 ऐवरेज से केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में रन बनाए हैं। उनका ऐवरेज न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में 10+ मैच और 400+ रन बनाने वाले बैटर्स के बीच सर्वाधिक है

1773 रन हो गए विराट कोहली के वनडे इंटरनेशनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सचिन तेंदुलकर (1750 रन) को पीछे छोड़ सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर बन गए

कमाल केएल का

केएल राहुल ने वनडे फॉर्मेट में साल 2025 से अब तक 41 से 50 ओवर्स के बीच सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर (आईसीसी के फुल मेंबर टीम्स के) बन गए हैं। केएल ने इस दौरान 140.09 स्ट्राइक रेट के साथ 283 रन बनाए हैं। केएल ने वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 इनिंग्स खेली हैं, जिसमें 93.8 ऐवरेज और 111.13 स्ट्राइक रेट के साथ 469 रन बनाए हैं। इसमें दो सेंचुरी और एक फिफ्टी शामिल है। राहुल राजकोट में ODI सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय भी बने। राहुल ने छह डॉट्स के साथ धीमी शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी के 87वें बॉल पर सिक्स लगाकर ODI करियर का आठवां शतक पूरा किया।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

स्कोरकार्ड

भारत: रोहित शर्मा कॉ यंग बो क्लार्क 24, शुभमान गिल कॉ मिचेल बो जेमीसन 56, विराट कोहली बो क्लार्क 23, श्रेयस अय्यर कॉ ब्रेसवेल बो क्लार्क 8, केएल राहुल नॉट आउट 112, रविंद्र जाडेजा कॉ ऐंड बो ब्रेसवेल 27, नितीश कुमार रेड्डी कॉ फिलिप्स बो फोक्स 20, हर्षित राणा कॉ ब्रेसवेल बो लेनोक्स 2, मोहम्मद सिराज नॉट आउट 2 **एक्स्ट्राः** 10 **टोटलः** 50 ओवर्स में सात विकेट पर 284 रन **विकेटः** 1-70, 2-99, 3-115, 4-118, 5-191, 6-248, 7-256 **बोलिंगः** काइल जेमीसन 10-2-70-1, जैक फोक्स 9-0-67-1, किरिटन क्लार्क 8-0-56-3, जेडन लेनोक्स 10-0-42-1, माइकल ब्रेसवेल 10-1-34-1, ग्लेन फिलिप्स 3-0-13-0

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे बो हर्षित 16, हेनरी निकोल्स बो प्रसिद्ध 10, विल यंग कॉ नितीश बो कुलदीप 87, डेरिल मिचेल नॉट आउट 131, ग्लेन फिलिप्स नॉट आउट 32 **एक्स्ट्राः** 10 **टोटलः** 47.3 ओवर्स में तीन विकेट पर 286 रन **विकेटः** 1-22, 2-46, 2-208 **बोलिंगः** मोहम्मद सिराज 9-0-41-0, हर्षित राणा 9.3-1-52-1, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-49-1, नितीश कुमार रेड्डी 2-0-13-0, रविंद्र जाडेजा 8-0-44-0, कुलदीप यादव 10-82-1

हर जगह होती हैं दिक्कतें, पर हमारी कमियों को मुद्दा बनाया गयाः BAI

Prabhat.Sharma@timesofindia.com

इंडिया ओपन के दौरान इस तरह दिखी बदइंतजामी इंदिरा गांधी स्टेडियम मे

NBT रियलिटी चेक

■ NBT की पड़ताल में दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में जारी इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान साफ-सफाई की हालत बदतर नजर आई। बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) के जनरल सेक्रेटरी संजय मिश्र ने हालांकि कहा कि पिछले साल की खामियों को देखते हुए हमने इस साल केटी जायसवाल हॉल की जगह स्टेडियम के मेन परिसर में प्रतियोगिता कराई है। रोज सफाई भी कराई जाती है, लेकिन स्टेडियम इतना बड़ा और पुराना है कि कुछ न कुछ कमी रही जाती है। हम व्यवस्था और दुरुस्त करने में लगे हैं। एमसीडी से कुत्तों को हटाने की भी अपील की गई थी और आज कुछ कुत्ते हटाए भी गए हैं, लेकिन फिर भी अभी और काम होने की जरूरत है। इस स्टेडियम में कई कॉम्पलेक्स भी होते हैं, ऐसे में इतनी जल्दी सब कुछ सही हो पाना थोड़ा मुश्किल था, लेकिन फिर भी हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि ग्रेम्प पर कमियां दुनियाभर में होती हैं, लेकिन भारत की कमियों को मुद्दा बना दिया जाता है।

श्रीकांत, प्रणॉय जीते लेकिन सिंधु पहले राउंड में ही हारीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्थानीय दर्शक बुधवार को उस वक्त मायूस हो गए, जब स्टार शटलर पीवी सिंधु इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो गईं। साल 2017 की विमिंस सिंगल्स चैंपियन सिंधु को एक घंटा और आठ मिनट चले मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी थुई लिन एनगुएन के खिलाफ 22-20, 12-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि, भारत के लिहाज से अच्छी बात रही कि किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणॉय और मालविका बनसोड सिंगल्स के दूसरे राउंड में पहुंचने में सफल रहे। इंडिया ओपन 2015 के चैंपियन श्रीकांत ने भारत के ही थरुण मन्नेपल्ली को 15-21, 21-6, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। प्रणॉय ने हॉन्ग कॉन्ग के ली चेयुक यिउ को 22-20, 21-18 से हराया। पिछले सीजन के दूसरे हाफ में चोटों से परेशान रही मालविका ने विमिंस सिंगल्स में चीनी ताइपे की पाइ यु पो को 21-18, 21-19 से हराया।

डबल्स में खराब रहा दिनः डबल्स मुकाबले में भारत के लिए बुधवार को दिन काफी खराब रहा। वॉकओवर हासिल करने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के अलावा सभी भारतीय जोड़ियां हार गईं। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की जोड़ी को पकड़ापोन तीरातसाकुल और सापसिरी तेइराटनाचाई की थाईलैंड की जोड़ी के खिलाफ 15-21, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। विमिंस डबल्स में श्वेतपर्णा पंडा और स्तपर्णा पंडा की नगाको हारा और रिको किमेमे की जोड़ी ने 21-8, 21-18 से हराया, जबकि गायत्री राव्हत और मनसा राव्हत की जोड़ी बेइक हा ना और ली सो ही की कोरिया की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 8-21 की हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

प्रदूषण से हटे एटीनसनः दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन ने बुधवार को बताया कि दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण के कारण उन्होंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इस समय दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण है। मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए सही जगह है। उम्मीद है कि जब दिल्ली में वर्ल्ड चैंपियनशिप होगी, तो हालात बेहतर होंगे।' एंटोनसन ने ट्वीट निकाले जाने से पहले ही प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था, लेकिन उन्होंने बताया कि हटने के कारण वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन ने उन पर पांच हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026

किदांबी बोले, डेनमार्क में भी मेरे साथ समस्या हुई थी

भारतीय दिग्गज किदांबी श्रीकांत ने कहा कि उन्हें इंडिया ओपन की मेजबानी कर रहे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेलने की स्थितियों में कुछ भी गलत नहीं लगा। डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने मंगलवार को स्टेडियम परिसर की सुविधाओं और आसपास के माहौल की आलोचना करते हुए उन्हें गंदा और स्वास्थ्य के लिए खराब बताया था। श्रीकांत से जब मिया के इस बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हर देश की अपनी परिस्थितियां होती हैं। साल 2016 या 2017 में मुझे डेनमार्क में अपने मैच के बीच में लगभग एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा था क्योंकि बत्ती गुल हो गई थी।' श्रीकांत ने प्रणॉय से जुड़े एक मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'एक बार प्रणॉय मुझे बता रहे थे कि उन्हें अपना मैच अगले दिन खेलना पड़ा। उन्होंने पहले दिन एक मैच खेला और फिर अगले दिन दूसरा मैच। कोई जानबूझकर ऐसा नहीं करता। हर देश इसे बहुत अच्छे से करना चाहता है। इंडिया ओपन में परिस्थितियां ठीक हैं। मैंने कोई बुरी चीज होते हुए नहीं देखी।'

रोमांचक मैच में जीत से खुला कैपिटल्स का खाता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लिजेल ली (67 रन, 44 बॉल, 8 फोर, 3 सिक्स) की फिफ्टी और शेफाली वर्मा (36 रन), लॉरा वोल्वर्ट (25* रन) व नेमिमा रोड्रिग्स (21 रन) के संयुक्त प्रयास की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्ज को 7 विकेट से हराया। बुधवार को हुए रोमांचक मैच में कैपिटल्स को आखिरी ओवर में जीत के लिए इक रन चाहिए थे। सोफी एक्लेस्टोन ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन लॉरा ने अंतिम गेंद पर चौका लगा कैपिटल्स को सीजन की पहली जीत दिलाई। वॉरियर्ज की यह सीजन की लगातार तीसरी हार है। पहले बैटिंग करते हुए वॉरियर्ज ने कप्तान मेग लैनिंग (54 रन) की फिफ्टी की बदौलत 20 ओवर्स में 8 विकेट पर 154 रन बनाए थे। वॉरियर्ज आज मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी खेलने उतरेंगे।

विमिंस प्रीमियर लीग

कैपिटल्स की लिजेल ली

भारत का लक्ष्य होगा छठा खिताब

युवा टीम इंडिया का सामना आज पहले मैच में अमेरिका से

■ एजेंसियां, चुलाबाय्यो (जिम्बाब्वे): कई डरावने सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप में गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पांच बार की चैंपियन भारत की नजर इस बार छठा खिताब जीतने पर है। ऐसे में भारत अश्वेनाकृत कमजोर मानी जा रही अमेरिकी टीम के खिलाफ जोरदार जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगा।

अभी तक अच्छा रेकॉर्डः भारतीय टीम का हालिया रेकॉर्ड मजबूत रहा है। पिछले 16 मैचों में 13 जीत दर्ज करने वाली टीम ने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में सीरीज जीतकर विदेशी हालात में भी अपनी क्षमता साबित की है। बल्लेबाजी की जिम्मेदारी कप्तान आयुष म्हात्रे, उपकप्तान विहान मलोत्रा, वैभव सूर्यवंशी और आरोन जॉर्ज के कंधों पर होगी।

SOCIAL MEDIA

भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026

संभावित प्लेइंग XI

भारतः वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरोन जॉर्ज, विहान मलोत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह

अमेरिकाः उत्कर्ष श्रीवास्तव (कप्तान), अमरिंदर गिल, साहिल गर्ग, ऋषभ रिम्मी, अदनित झब, आदित कपूर, अमोघ अरोपल्ली (विकेटकीपर), आदित्य कृष्णा, रयान लाज, साहिर भाटिया, शिव शर्मा।

टेलिकास्टः दोपहर 1 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

कलिंगा लांसर्स ने लगा दिया जीत का 'चौका'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स के एकमात्र गोल से वेदांता कलिंगा लांसर्स ने हॉकी इंडिया लीग (HIL) में बुधवार को हैदराबाद तूफांस को हरा दिया। यह मौजूदा टूर्नामेंट में लांसर्स की चौथी मुकाबले में लगातार चौथी जीत है। शुरुआती दो क्वॉर्टर गोलरहित रहने के बाद तीसरे के 40वें मिनट में हेंड्रिक्स ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए कलिंगा को विजयी बढ़त दिलाई। एक अन्य मैच में टीम ब्लू की हैट्रिक समेत कुल चार गोल की बदौलत रांची रॉयल्स ने एसजी पाइपर्स को 5-2 से हराया। रॉयल्स के लिए मनदीप सिंह ने भी एक गोल किया।

हॉकी इंडिया लीग (HIL)

अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स

पडिक्कल पर होंगी नज़रें

कर्नाटक Vs विदर्भ
पहला सेमीफाइनल मैच

■ एजेंसियां, बेंगलुरु: विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 का पहला सेमीफाइनल आज कर्नाटक और विदर्भ के बीच बेंगलुरु में खेला जाएगा। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल पर खास तौर पर नजरें टिकी होंगी जो इस मैच में मुख्य ओपर पैदा कर सकते हैं। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने मौजूदा सीजन में चार शतक लगाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में टॉप पर पहुंच गए हैं। टीम में कप्तान मयंक अग्रवाल, करुण नायर और अभिनव मनोहर जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं।

Sportsfaith

कर्नाटक के बैटर देवदत्त पडिक्कल

टेलिकास्टः दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नीहॉटस्टार पर

दूसरी ओर, विदर्भ भी इस सीजन कई अवसरों पर 300 रन का आंकड़ा छूने में सफल रही है। बढ़ौदा के खिलाफ युग चरण में नौ विकेट की उसकी जीत में टीम ने 293 रन का लक्ष्य 50 गेंद शेष रहते ही हासिल कर लिया था।

टॉप लीग्स की राह पर चलेगा AIFF

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने अगले 21 वर्षों की अपनी योजना तैयार करते समय स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड की दुनिया की टॉप फुटबॉल लीग्स से उदाहरण लिया है। इसके तहत एक ताकतवर संचालन समिति और एक प्रबंधन समिति की स्थापना की जाएगी। इंडियन सुपर लीग (ISL) और आई-लीग के लिए नई प्रशासनिक संरचना के तहत AIFF ने दोनों लीग के नियामक और संचालन से जुड़े कामकाज की निगरानी के लिए संचालन समिति और प्रबंधन समिति बनाई है।

21 वर्षीय योजना बनी

मेंस में अल्काराज और विमिंस में सबालेंका को दी गई टॉप सीड

■ एजेंसियां, मेलबर्न: दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आरिना सबालेंका को संडे से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है। वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के ड्रॉ गुरुवार को निकाले जाएंगे जिससे एक दिन पहले पुरुष और महिला वर्ग में 32 वरीय खिलाड़ियों की घोषणा की गई। पुरुष वर्ग में मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर को दूसरी वरीयता मिली है, जबकि अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीसरी और 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है। महिला वर्ग में सबालेंका, इगा स्वितेक और कोको गॉफ शीर्ष तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं।

शोल्टन आगे बढ़ें: अमेरिका के बेन शोल्टन ने ऑकलैंड ओपन एटीपी टूर प्रतियोगिता में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके वर्ष 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

टेनिस राउंड अप

FILE

कार्लोस अल्काराज

FILE

आरिना सबालेंका

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar-19 Apr
आज कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं, जिससे व्यक्ति होकर अपने कुछ साथियों का मुद्दा कुछ खराब हो सकता है। हालांकि आप अपने व्यवहार से सभी को खुश करने में कामयाब रहेंगे। रात्रि में घरेलू का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

TAURUS 20 Apr-19 May
आज का दिन आपका परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोस्त तक उपस्थित कुछ समयांतर भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। संचालन के समय किसी अधिक के आकस्मिक का कार्य हो सकता है। रात्रि में किसी मनोरंजक कार्य में सम्मिलित होने से अच्छा सम्मान बढ़ेगा।

GEMINI 21 May-21 Jun
मित्र के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यवसाय अधिक रहेंगे, कार्य व्यय से बचें। संचालन से लेकर राजियों तक जाने के प्रयोग से सावधानी बरतें। प्रिय एवं महान पुरुषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा।

CANCER 22 Jun-22 Jul
रात्रि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं रात्रि पर बृहस्पति का द्वादश होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व्यवसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। मधुकता में लिया गया निर्णय पश्चाताप का कारण बन सकता है। संचालन से लेकर दिन रात तक देव दर्शन का लाभ ले।

LEO 23 July-22 Aug
राजनीतिक क्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी। सम्मान के प्रति उदासीन पूर्ण भी होगी। प्रतियोगी के क्षेत्र में आज आप आगे बढ़ेंगे और रुका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संचालन से लेकर रात्रि का समय प्रियजनों के दर्शन व हास्य-परिहास में व्यतीत होगा। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें।

VIRGO 23 Aug-22 Sep
आज के दिन बुद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। आपको नई जिम्मेदारियां भी मिलेंगे। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दांपत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। समय का आनंद उठाएं।

LIBRA 23 Sep-22 Oct
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि का योग है। आप के नए स्रोत बनेंगे। कार्यपूर्ति आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसंगी का सहयोग व सक्रिय पक्ष मान में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभकर रहेगी।

SCORPIO 23 Oct-21 Nov
आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान और यश की वृद्धि कराएगा। स्वयं द्वारा कार्य पूरा होगा और दिन के पहले हिस्से में प्रियजनों से भेंट होगी। वर्षों पर संयम न रखने से शिरोति परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। संचालन के समय पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।

SAGITTARIUS 22 Nov-21 Dec
आज महत्वपूर्ण वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सरकारिक सुख-भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आकस्मिक कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपए, पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

CAPRICORN 22 Dec-19 Jan
आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का योग होगा। अधिक रिश्ती पूर्णरूपेण अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना में बन रही है। संचालन में धार्मिक स्थानों की यात्रा का अवसर प्राप्त होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें, वाहन अचानक खराब हो जाने से खर्च बढ़ सकता है।

AQUARIUS 20 Jan-18 Feb
आज के दिन परिवार में किसी को शारीर कष्ट हो सकता है, जिस कारण आपके लिए भागदौड़ व अधिक खर्चों की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को खरीदने से पहले उसके सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। संचालन के समय परिजन के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

PISCES 19 Feb-20 Mar
आज के दिन आपका वैवाहिक जीवन आनंददायक होगा। आज पत्र व दूर की यात्रा भी हो सकती है। विज्ञानों में प्रोक्षेत्र से काफी खुशी होगी। दिवाधिपति की मनोरंजक भाव से छुटकारा मिलेगा। संचालन के समय घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। रात्रि का समय परिवार साथ व्यतीत होगा। आपका दिमाग भी हरेलेजा होगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको राजा पद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष के स्वामी शुक्र, मंगल सह बने हैं। जीवन संहिनी-ठेठ धरी प्रधान वह वर्षाती मुंधा उत्तम स्थिति में जनवरी शेष में अधानक राज्य कृप करवा है। कमवरी महीने में काफी समय से टल रही योजनाएं पूरी होंगी। इस दौरान हो सके तो नए प्रोजेक्ट्स पर भी काम शुरू करें। मार्च महीने में नई खोज, रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। स्वयं ही समाज में सम्मान बढ़ेगा, प्रतिष्ठित में विजय होगी। अप्रैल महीने की शुरुआत से लेकर नई सबंधों के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपए, पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। दिन में कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग

(शुक्रवार, 16 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 27, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, प्रतिपदा, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 3, रजाब 26, हिजरी 1447 (मुहिल्ला) वह अनुसार अंग्रेजी तारीख 16 जनवरी 2026 है। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। खुशाल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से मध्याह्न 12 बजे तक। प्रतिपदा तिथि रात्रि 10 बजकर 21 मिनट तक उपरांत खुर्दाती तिथि का आरंभ। मूल नक्षत्र अंग्रेजी तारीख 6 बजकर 14 मिनट तक उपरांत पूर्वाषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। धृव योग रात्रि 9 बजकर 26 मिनट तक उपरांत व्याघात योग का आरंभ। गर करण रात्रि 9 बजकर 21 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। पंचमा सवा 5 बजकर 47 मिनट तक पूर्वाह्न उपरांत धन्य रात्रि पर सप्तमी करेगा। आज के उत्र ग्रहेश्वर-भाव में मंगल, शनि द्वादशी।

सुडोकू

6		

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: rajesh.mishra Time: 01-14-2026 21:53 Color:

नवभारत टाइम्स NBT DelhiTimes OF INDIA
masala mix
THURSDAY, JANUARY 15, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE

श्रद्धा कपूर की शादी की खबरें सुनकर चौंके भाई सिद्धांत कपूर

स्टेबिन-नुपुर के जश्न में शामिल हुए भाईजान

कृति सेनन की बहन नुपुर सेनन और सिंगर स्टेबिन बेन की रिसेप्शन पार्टी में बॉलिवुड से लेकर टीवी जगत के तमाम सितारों का जमघटा लगा। मुंबई में हुए इस ग्रैंड सेलिब्रेशन में चार चांद लगाने सलमान खान भी पहुंचे। सलमान के अलावा मौनी रॉय, दिशा पाटनी, सोनू सूद समेत तमाम सिलेब्स शामिल हुए थे।

BTS के वर्ल्ड टूर में इंडिया नहीं

AFP

मशहूर के-पॉप ग्रुप BTS के कमबैक टूर का ऐलान हो चुका है। दुनियाभर के बड़े शहरों में होने वाला यह वर्ल्ड टूर अप्रैल में साउथ कोरिया से शुरू होगा और मार्च 2027 तक चलेगा। हालांकि BTS के भारत आने को लेकर भी उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन इस टूर में भारत शामिल नहीं है। इस घोषणा के बाद से भारतीय फैंस काफी नाराज़ नजर आ रहे हैं।। गौरतलब है कि BTS ग्रुप के मेंबर्स आर्मी की ट्रेनिंग पर थे, जिसके पूरा होने के बाद ये ग्रुप फिर से वापसी कर रहा है।

खुद को कमतर मानकर रोज कोसा करती थी: तापसी

तापसी पन्नू ने बीते दिनों अपने संघर्षों पर बात की। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे बिना किसी सही गाइडेंस के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की वजह से उन्हें खुद से ही जंग लड़नी पड़ी। तापसी ने अपने फिल्मी सफर को लंबा, उतार-चढ़ाव भरा और दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने इंडस्ट्री में शुरुआत की, तब मुझे इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि यहां टिके रहने के लिए क्या-क्या चाहिए।' अपने सफर को याद करते हुए तापसी ने कहा, 'अगर मुझे पहले पता होता कि मैं करियर बना सकती हूं, तो मैं खुद को बेहतर तरीके से ग्रूम कर पाती।' उन्होंने यह भी कहा कि इंडस्ट्री में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं होता।

मेंटल हेल्थ पर पड़ा असर

तापसी ने कहा, 'लगातार खुद को दोष देने का असर मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ा। मैं रोज खुद को इस बात के लिए कोसती थी कि मुझमें कहीं न कहीं कमी रह गई है।' उन्होंने माना कि बाद में उन्हें समझ आया कि हर कलाकार को आगे बढ़ने के नए मौके मिलते हैं। खुबसूरती को लेकर अपनी असुरक्षाओं पर तापसी ने कहा 'मुझे लगता था कि मैं बाकी बड़ी ऐक्ट्रेस जैसी नहीं दिखती, इसलिए मुझे सीरीज क्यों चुना जाएगा।' तापसी ने आगे कहा, 'काश मैं सीखने की प्रक्रिया को एंजॉय करती, बजाय इसके कि खुद को बार-बार कमतर मानती।'

> अगर मुझे पहले पता होता कि मैं करियर बना सकती हूं, तो मैं खुद को बेहतर तरीके से ग्रूम कर पाती। मुझे लगता था कि मैं बाकी बड़ी ऐक्ट्रेस जैसी नहीं दिखती।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

15,000 रुपये महंगी हुई चांदी

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों ने सारे पुराने रेकॉर्ड तोड़ दिए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के चलते चांदी की कीमत एक दिन में 15,000 रुपये उछलकर 2,86,000 रुपये प्रति किलो के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं, सोना भी 1,500 रुपये महंगा होकर 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

जेप्टो, स्विगी से भी '10-मिनट' आउट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** क्विकिंट के बाद अब जेप्टो, स्विगी इंस्टामार्ट और फ्लिपकार्ट मिनट्स ने भी अपनी डेडिंग से '10-मिनट' शब्द हटा दिया है। यह कदम सरकार और मजदूर संगठनों की ओर से डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा और उनके काम के दबाव को लेकर जताई गई चिंता के बाद उठाया गया है। गिग वर्कर्स असेसिएशन ने स्वागत किया है।

जापानी बैंक SMBC को मंजूरी

■ **पीटीआई, मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बुधवार को जापान के बैंक Sumitomo Mitsui Banking Corporation (SMBC) को भारत में अपनी एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बनाने की शुरुआती मंजूरी दे दी है। अभी SMBC बैंक भारत में अपनी ब्रांचों के जरिए बैंकिंग का काम कर रहा है।

भारत में बनेगी मेबैक GLS कार

पीटीआई, पुणे: जर्मनी की कार कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारत में अपनी सुपर लग्जरी एसयूवी मेबैक GLS (Maybach) का प्रोडक्शन शुरू करने जा रही है। अमेरिका के बाहर भारत दुनिया का इकलौता देश होगा, जहां इस मॉडल को स्थानीय स्तर पर तैयार किया जाएगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ सतोष अय्यर ने बताया कि लोकल लेवल पर तैयार होने की वजह से इसकी कीमत में करीब 42 लाख रुपये की कमी आएगी। इसकी कीमत 3.17 करोड़ रुपये है।

दिसंबर में खाने-पीने की चीज़ों के दाम बढ़ने का असर

8 महीनों के ऊंचे स्तर पर थोक महंगाई दर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** खाद्य पदार्थों और कारखानों में बनी चीजों के दाम बढ़ने से दिसंबर में थोक महंगाई दर 8 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने बुधवार को बताया कि होलसेल प्राइस इंडेक्स (WPI) पर आधारित होलसेल इंफ्लेशन साल भर पहले के मुकाबले दिसंबर में 0.83% रही। दिसंबर 2024 में यह 2.57% थी।

दिसंबर में थोक महंगाई दर दो महीनों के बाद शून्य से ऊपर आई है। अक्टूबर में यह माइनस 1.02% और नवंबर में माइनस 0.32% थी। मिनिस्ट्री ने कहा, 'दिसंबर में महंगाई का पॉजिटिव रेट मुख्य रूप से मिनरल्स, मशीनरी, टेक्सटाइल्स और कारखानों में बने फूड प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ने के चलते रहा।'

केयरएज की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, 'कुलमिलाकर होलसेल इंफ्लेशन अभी कंफर्टेबल लेवल पर बनी हुई है। ग्लोबी-बाड़ी की अच्छी हालत, अनुकूल बेस इफेक्ट और जलाशयों में अच्छे स्तर को देखते हुए आने वाले दिनों में फूड प्राइसेज का दबाव सीमित रहने में मदद मिलनी चाहिए।'

दिसंबर में खाद्य पदार्थों में महंगाई दर बढ़कर माइनस 0.43% हो गई, जो नवंबर में माइनस 4.16% थी। अनाज, दालों और सब्जियों के थोक भाव नवंबर के मुकाबले बढ़े। कारखानों में बनी चीजों में थोक महंगाई दर 1.82% हो गई, जो नवंबर में 1.33% थी। नॉन-फूड कैटिगरी में महंगाई दर 2.95% रही, जो नवंबर में 2.27% थी। सिन्हा ने कहा, 'पिछले साल बेस कम होने के चलते आने वाले समय में होलसेल इंफ्लेशन कुछ बढ़ सकती है, लेकिन कुलमिलाकर यह नरम ही रहेगी और इस वित्त वर्ष में इसका ऐवरेज 0.4% के आसपास रह सकता है।'

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ईरान पर सतर्कता बरतनी होगी

वैश्विक स्तर पर क्रूड ऑयल मार्केट में ओवरसप्लाई और चीन में जरूरत से ज्यादा उत्पादन के चलते कमोडिटीज के दामों में नरमी बनी हुई है। वेनेजुएला के हालात में ऑयल मार्केट्स पर कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला, लेकिन ईरान से जुड़ी तनाव की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतनी होगी। इंडस्ट्रियल डिमांड ज्यादा होने से कॉपर और एल्युमीनियम के दाम हाल में बढ़े हैं। इससे आने वाले दिनों में होलसेल इंफ्लेशन पर प्रभाव पड़ सकता है।

सेंसेक्स 245 अंक लुढ़का, आज बाजार बंद

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली। ग्लोबल टेंशन के साथ IT, कंजम्पशन और कुछ बड़े बैंकिंग शेयरों में बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान पर बंद हुए। महाराष्ट्र में निकाय चुनावों की वजह से गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29%) गिरकर 83,382.71 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442 अंक तक नीचे चला गया था। वहीं, निफ्टी 66.70 अंक (0.26%) की गिरावट के साथ 25,665.60 पर रहा। ऑटो, रियल्टी, ऑटो और FMCG सेक्टर के इंडेक्स में गिरावट दर्ज की गई। वहीं मेटल सेक्टर 2.67 प्रतिशत और PSU बैंक 2.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। स्मॉल और मिडकैप में भी मामूली खरीदारी देखी गई। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को FIIs ने करीब 1,500 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

चीन के आगे नहीं चला US टैरिफ का शिकंजा, बढ़ा ट्रेड सरप्लस

■ **एपी, हॉन्ग कॉन्ग:** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से लगाए गए टैरिफ के बावजूद चीन की इकॉनमी ने दुनिया को चौंका दिया है। बुधवार को चीन की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025 में चीन का ट्रेड सरप्लस (व्यापारिक मुनाफा) करीब 1.2 ट्रिलियन डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। हालांकि इस दौरान अमेरिका को होने वाले एक्सपोर्ट में कमी आई, लेकिन चीन ने दूसरे देशों को माल बेचकर उसकी भरपाई कर ली।

चीन के कस्टम विभाग के मुताबिक, पिछले साल के दौरान चीन का कुल एक्सपोर्ट 5.5% बढ़कर 3.77 ट्रिलियन डॉलर रहा। इसकी बड़ी वजह चीनी कार कंपनियों और अन्य मैन्युफैक्चरर्स का दुनिया भर के नए बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करना है। वहीं, इंपोर्ट 2.58 ट्रिलियन डॉलर पर ही टिका रहा। बता दें कि 2024 में यह मुनाफा 992 बिलियन डॉलर के करीब था। दिसंबर के महीने में भी चीन का प्रदर्शन शानदार रहा और एक्सपोर्ट पिछले साल के मुकाबले 6.6% बढ़ा।

नए देशों से नाता जोड़ा

जब से ट्रंप दोबारा सत्ता में आए और चीन के साथ ट्रेड वॉर तेज की, तब से अमेरिका को होने वाले चीन के एक्सपोर्ट में 20% की भारी गिरावट आई है। लेकिन चीन ने इसकी भरपाई दक्षिण अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और यूरोप को माल भेजकर कर दी। 2025 में अफ्रीका को होने वाला चीन का एक्सपोर्ट 26% बढ़ा। इसी तरह दक्षिण-पूर्व एशिया में 13%, यूरोपीय यूनियन में 8% की बढ़ोतरी हुई।

AI Image

भारत से चीन को निर्यात बढ़ा

साल 2025 में भारत और चीन के बीच वाले कारोबार को लेकर नई रिपोर्ट सामने आई है। चीन को होने वाले भारतीय एक्सपोर्ट में पिछले साल के मुकाबले 5.5 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन इसके साथ ही दोनों देशों के बीच 'ट्रेड डेफिसिट' (व्यापार घाटा) बढ़कर 116.12 बिलियन डॉलर के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। चीन के कस्टम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में दोनों देशों के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 155.62 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। भारत और चीन के व्यापार में सबसे बड़ी समस्या हमेशा से 'ट्रेड डेफिसिट' रही है। मतलब, भारत चीन को माल बेचता कम है और यहां से खरीदता ज्यादा है।

महाराष्ट्र निर्यात के लिए तैयारी में आगे, यूपी चौथे नंबर पर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** निर्यात के लिए जरूरी सुविधाओं और प्रदर्शन के मामले में महाराष्ट्र को अव्वल पाया गया है। तमिलनाडु दूसरे, गुजरात तीसरे और यूपी चौथे नंबर पर रहा। यह रैंकिंग नीति आयोग ने की है। आयोग ने बुधवार को एक्सपोर्ट प्रीपेयर्डनेस इंडेक्स (EPI) 2024 जारी किया।

इस इंडेक्स के मुताबिक, बड़े राज्यों में यूपी के बाद आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब का नंबर रहा। वहीं, छोटे राज्यों में सबसे आगे उत्तराखंड रहा। उसके बाद जम्मू कश्मीर, नागालैंड, दादरा एवं नागर हवेली, दमन एवं दियू और त्रिपुरा का स्थान रहा।

इस रैंकिंग में एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, बिजनेस इकोसिस्टम, पॉलिसी एंड गवर्नेंस और एक्सपोर्ट परफॉर्मेंस पर गौर किया गया। रिपोर्ट जारी करते हुए नीति आयोग के सीईओ बी वी आर सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत कई देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स और इकनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट्स कर रहा है, ऐसे में देश में निर्यात के लिए अच्छी व्यवस्था का होना आम है। उन्होंने कहा कि राज्यों को ऐसा इकोसिस्टम मजबूत करना होगा, जो नए अवसरों और चुनौतियों के लिए तैयार रहे और वैश्विक मानकों के अनुसार भी हो। उन्होंने कहा कि राज्यों को विभिन्न जिलों में प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना चाहिए।

इस मौके पर आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने कहा कि व्यापार के नए अवसरों का फायदा उठाने पर राज्यों का जोर होना चाहिए, साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर रहे, इसका ध्यान भी रखना चाहिए।

> नीति आयोग ने दी रैंकिंग, छोटे राज्यों में उत्तराखंड पहले, J&K दूसरे नंबर पर

प्लेन में कर सकेंगे कॉल-मेसेज, बिना चार्जर फोन होगा चार्ज

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एयर इंडिया बेड़े में शामिल हुए बी-787-9 हवाई जहाज में सफर करना अपने आप में एक अलग अनुभव होगा। 296 यात्री क्षमता वाले इस हवाई जहाज में बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी क्लास होंगी। जिसमें यात्रियों को रूट वाइज देश-विदेश का बेहतर और स्वादिष्ट खाना और लीकर सर्व की जाएगी।

> एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ बी-787-9 प्लेन

जानकारों का कहना है कि इस हवाई जहाज को कई खूबियों से लैस किया गया है। इसमें यात्रियों को आने वाले कुछ समय में यात्रा के दौरान इंटरनेट की सुविधा भी दी जाएगी। जिसमें यात्री जमीन से 35 हजार किलोमीटर ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए वाई-फाई से अपने मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे डिवाइस को कनेक्ट कर इस प्लेन से वट्सऐप पर अपने परिजनों, यार-दोस्तों और ऑफिस के लिए जरूरी कॉल, फोटो और मैसेज का आदान-प्रदान कर सकेंगे। इससे यात्री अपने मनोरंजन के लिए भी मनचाही मूवी, गाने और जो भी चाहें, वह सर्च कर देख और सुन सकेंगे। इस फीचर को इस प्लेन में आने वाले कुछ दिनों में ऐड किया जाएगा।

इसके अलावा इस इसमें एक और फीचर होगा। जिसमें यात्रियों को सफर के दौरान अपने मोबाइल फोन को चार्ज करने के लिए चार्जर की जरूरत नहीं होगी। इसमें मोबाइल फोन को चार्ज करने के लिए वायरलेस चार्जिंग सुविधा मिलेगी। इसके अलावा इसमें बिजनेस क्लास के यात्रियों को प्राइवेसी भी मिलेगी। एयर इंडिया अपने बिजनेस क्लास के यात्रियों को भी उनकी प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए इसमें प्राइवेसी डोर फीचर दे रही है।

FILE

Infosys को 1,289 करोड़ रुपये का घाटा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस (Infosys) ने बुधवार को अपने दिसंबर तिमाही (Q3FY26) के नतीजे घोषित किए। कंपनी ने बताया कि नए लेबर कोड (श्रम कानूनों) के लागू होने की वजह से उसे इस तिमाही में 1,289 करोड़ रुपये का एकमुश्त बोझ उठाना पड़ा है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इंफोसिस का कुल मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 2.2 प्रतिशत गिरकर 6,654 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी दौरान यह 6,806 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी की कुल कमाई 8.89 प्रतिशत बढ़कर 45,479 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो पिछले साल 41,764 करोड़ रुपये थी।

ICICI प्रूडेंशियल AMC का 45% बढ़ा मुनाफा : ICICI प्रूडेंशियल असेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) ने बुधवार को बताया कि दिसंबर तिमाही (2025) में कंपनी का मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत बढ़कर 917 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी 14.85 रुपये प्रति शेयर का डिविडेंड देगी।

यूनियन बैंक का मुनाफा 9.7% बढ़ा : पब्लिक सेक्टर के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कुल मुनाफा 9.7 प्रतिशत बढ़कर 5,073 करोड़ रुपये रहा। बैंक की ब्याज से होने वाली मुख्य कमाई 0.95 प्रतिशत बढ़कर 9,328 करोड़ रुपये रही। बैंक की अन्य माध्यमों (बिना ब्याज वाली) से होने वाली कमाई 2.82 प्रतिशत बढ़कर 4,541 करोड़ रुपये रही।

AI Image

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH16 User: cci Time: 01-14-2026 23:14 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब आर्मी को मिला भारतीय कमांडर

आज आर्मी-डे है। आज ही के दिन 1949 में फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा (K. M. Cariappa) ने ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बूचर (Francis Bucher) से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। उड़ सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ बने थे। यह दिन हमारे सैनिकों के त्याग, शौर्य और निरंतर सेवा को समर्पित है। दिल्ली और अन्य शहरों में परेड होती है और वीर जवानों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली 15 जनवरी 2026

भविष्य में इंडियन रोबॉटिक सोल्जर्स

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय सेना पूरी तरह हाई-टेक और मल्टी-डायमेंशनल फोर्स होगी। AI बेस्ड कमांड सिस्टम, ऑटोनॉमस ड्रोन, रोबोटिक सोल्जर्स और स्पेस-साइबर वॉर यूनिट्स इसकी रीढ़ बनेंगे। सैटेलाइट और क्वांटम सेंसर सीमाओं की निगरानी करेंगे। भारतीय सेना की अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी, क्योंकि वह राष्ट्र की डिजिटल, भौगोलिक और रणनीतिक सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल होगी।

AI Images

जंग की चौखट पर खड़े ईरान-अमेरिका

US ने कार्रवाई के दिए संकेत, ईरान में लगे 'डेथ टु अमेरिका' के नारे, भारत की अडवाइज़री

■ एपी, दुबई

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के बाद हालात और सख्त होने के संकेत मिल रहे हैं। ईरान के चीफ जस्टिस गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई ने कहा है कि गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों पर तेजी से मुकदमे चलेंगे और फांसी की सजा भी दी जा सकती है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की चेतावनी के बावजूद आया है, जिन्होंने कहा था कि अगर ईरान फांसी देता है तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। लगभग 130 घंटों से ईरान में इंटरनेट और फोन संपर्क ठप है। US में ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी का दावा है कि अब तक कम से कम 2,571 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 2,403 प्रदर्शनकारी, 147 सरकार समर्थक, 12 बच्चे और 9 आम नागरिक शामिल हैं। करीब 18,100 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में सुरक्षा बलों और नागरिकों के लिए सामूहिक अंतिम संस्कार भी किया गया, जहां 'डेथ टु अमेरिका' जैसे नारे लगे। भारत के दूतावास ने अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने और बेहद सतर्क रहने की सलाह दी है।

ट्रंप ने दी कड़े ऐक्शन की वॉर्निंग

ईरानी देशभक्तों, विरोध जारी रखो। अपनी संस्थाओं पर कब्जा करो। मृत्युदंड दिए जाने की स्थिति में बहुत कड़ी कार्रवाई करेंगे। अगर वे ऐसा कुछ करते हैं, तो हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। -डॉनल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति

US एजेंसी का दावा- ईरान में 2,571 लोगों की मौत हो चुकी

AFP

हजारों की संख्या में लोग ईरानी झंडे और अयातुल्ला अली खामेनेई की तस्वीरें लेकर सुरक्षा गार्डों के जनाजों में शामिल हुए। वहीं, हिंसा की तस्वीरें भी सामने आईं।

ईरान ने दिया फांसी का संकेत

सजा देनी है तो दी जानी चाहिए। यानी अगर हमें कोई काम करना है, तो हमें उसे अभी करना चाहिए। अगर हम कुछ करना चाहते हैं, तो हमें उसे जल्दी करना होगा। -ईरान के प्रधान न्यायाधीश

ईरान पर हमला हुआ तो क्या होगा?

ईरान पर हमले की चेतावनी अमेरिका ने ऐसे समय दी है, जब कुछ दिन पहले ही वह वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उठाकर अपने यहां ले जा चुका है। ऐसे में आशंका जताई जा सकती है कि अमेरिका ईरान में भी हमला कर वहां की सरकार को अस्थिर कर सकता है। ऐसे में सवाल है कि क्या अमेरिका के लिए यह सही समय है, और अगर हमला कर दिया तो नतीजा क्या हो सकता है?

AFP

Q क्या ट्रंप के लिए सही मौका है?

रूस और चीन ईरान के मित्र देश हैं। अमेरिकी हमले की सिचुएशन में इन दोनों देशों की भूमिका अहम होगी। लेकिन एक्सपर्ट का मानना है कि रूस यूक्रेन युद्ध से कमजोर स्थिति में है। और चीन ने बहुत सालों से कोई युद्ध नहीं लड़ा है। ऐसे में अमेरिका को लग रहा है कि ईरान की सरकार आर्थिक संकट में है। सुप्रीम लीडर खामेनेई बूढ़े हो चुके हैं। पिछले साल इजराइल से युद्ध में ईरान को नुकसान हुआ और मिडिल ईस्ट में ईरान की ताकत कमजोर हुई है। कुछ अमेरिकी नेता मानते हैं कि इससे ईरान की धार्मिक सरकार को हटाने का मौका मिल सकता है।

Q ट्रंप पर किस बात का दबाव?

सोशलइंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कुछ पूर्व अधिकारियों का मानना है कि अगर ट्रंप कुछ नहीं करते, तो उनकी विश्वसनीयता कमजोर हो सकती है। दूसरी तरफ मानवाधिकार के नजरिये से भी कार्रवाई की मांग बढ़ रही है, क्योंकि मरने वालों की संख्या बहुत ज्यादा है। ईरान में वास्तविक बदलाव बाहर से गैरन्य बल के जरिए नहीं लाया जा सकता।

Q हमला करने से खतरा क्या है?

अमेरिका की सैन्य कार्रवाई से हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रदर्शनकारियों को फायदा होने की कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि ईरान में कोई मजबूत विपक्षी नेतृत्व नहीं दिख रहा है। ऐसे में शासन गिरा तो देश में अराजकता फैल सकती है। शरणार्थी संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ सकती है। वहीं ईरान पहले ही बोल चुका है कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो वह इस्राइल और अरब के दूसरे देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा। दूसरी तरफ इतिहास बताता है कि अमेरिका के कई सैन्य हस्तक्षेप (जैसे इराक, अफगानिस्तान, लीबिया) बाद में उलझन भरे साबित हुए। तेल की कीमतों में इजाफा हो सकता है।

Q प्रदर्शनकारियों को मदद मिलेगी?

जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी हमले से प्रदर्शनकारियों की रक्षा होगी, तो उन्होंने कहा, कभी-कभी पता नहीं होता। अब तक मेरा रिकॉर्ड अच्छा रहा है, लेकिन आप कभी नहीं जान सकते।

ईरानी बोले- यहां खतरा मंडरा रहा है

तेहरान में माहौल बेहद तनावपूर्ण और डरावना हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक वहां रहने वाले एक 47 वर्षीय व्यक्ति ने बताया कि लोग जानते हैं कि बड़े पैमाने पर हत्याएं हुई हैं, इसलिए हर तरफ डर और सन्नाटा है। लोग इतने सदमे में हैं कि खुलकर बात भी नहीं कर पा रहे। एक डॉक्टर ने बताया, सरकार के खिलाफ विरोध के बीच सुरक्षा बल हर जगह सख्ती से दमन कर रहे हैं। यहां बहुत डर है।

ग्रीनलैंड-डेनमार्क ट्रंप के खिलाफ एक हुए

डेनमार्क और उसके स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड के नेताओं ने ट्रंप की उस मांग के खिलाफ एकजुटता दिखाई है, जिसमें उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। ट्रंप का कहना है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया तो रूस या चीन ऐसा कर सकते हैं। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेस फ्रेडरिक नीलसन ने साफ कहा कि वे एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

US में रूस-ईरान समेत 75 देशों के वीजा बैन

अमेरिका ने 75 देशों के नागरिकों के लिए वीजा प्रोसेसिंग अनिश्चितकाल के लिए रोकने का फैसला किया है। फॉक्स न्यूज डिजिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, 21 जनवरी से ईरान, रूस, सोमालिया, अफगानिस्तान, ब्राजील, इराक, मिस्र, नाइजीरिया, थाईलैंड और यमन सहित कई देशों के लिए वीजा प्रक्रिया निलंबित रहेगी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय स्क्रीनिंग और जांच प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा कर रहा है। आंतरिक मेमो सार्वजनिक नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारियों को 'पब्लिक चार्ज' कानून के तहत वीजा खारिज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका मतलब है कि जिन आवेदकों पर सरकारी सहायता पर निर्भर रहने की आशंका होगी, उन्हें वीजा नहीं मिलेगा। नवंबर 2025 में भी विदेश मंत्रालय ने सख्त जांच के निर्देश दिए थे। उस, स्वास्थ्य, अंग्रेजी ज्ञान, आर्थिक स्थिति और सरकारी मदद का पिछला रिकॉर्ड अब फैसले में अहम होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा- रोक तब तक, जब तक समीक्षा पूरी नहीं हो जाती।

■ कतर में अलर्ट पर अमेरिकी सैन्य अड्डा

ट्रंप प्रशासन ने कतर में मौजूद अमेरिका के एक प्रमुख सैन्य अड्डे पर सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया गया है। इलाना ही नहीं वहां तैनात कुछ कर्मियों को बुधवार शाम तक अड्डा खाली करने की सलाह दी गई है। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है।

■ ईरानी अधिकारियों संग ट्रंप ने रद्द कीं बैठकें

ट्रंप ने ईरानी अधिकारियों के साथ बैठकें रद्द कर दी हैं। ट्रंप ने कहा कि राजनयिक जुड़ाव रोकने का फैसला ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा से जुड़ा है। जब तक प्रदर्शनकारियों की बेमतलब हत्याएं बंद नहीं हो जातीं, मैंने ईरानी अधिकारियों के साथ सभी बैठकें रद्द कर दी हैं।'

SPEED News

पाकिस्तान में मुस्लिम से शादी करने वाली

48 वर्षीय भारतीय सिख महिला सरबजीत कौर को लाहौर में गिरफ्तार कर सरकारी शेल्टर होम भेज दिया गया है।

Agency

द. सूडान में तैनात भारतीय महिला शांति

सैनिक को UN का पुरस्कार मिला। 31 वर्षीय मेजर स्वाति शांति कुमार 'इक्वल पार्टनर्स, लास्टिंग पीस' प्रोजेक्ट के लिए सम्मानित।

जॉन फोर्ट का 50 वर्ष की आयु में निधन

'फ्यूजीज' और 'रिफ्यूजी कैंप ऑल-स्टार्स' जैसे बैंड के साथ काम कर चुके अमेरिकी और ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामित संगीतकार थे।

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर

ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना परिचय पत्र सौंपा। गोर ने सोमवार को जिम्मेदारी संभाली थी।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर किस देश में है, जहां भारतीय से पनीर पर नस्लीय विवाद हुआ? A. अमेरिका B. इस्लैंड C. कनाडा
2. तेहरान किस देश की राजधानी है? A. लीबिया B. ईरान C. इराक
3. जेस फ्रेडरिक नीलसन कहां के पीएम हैं, इस देश को लेकर अमेरिका ने कहा- हम लेकर रहे थे? A. ग्रीनलैंड B. डेनमार्क C. वेनेजुएला
4. संगीतकार जॉन फोर्ट का 50 वर्ष की आयु में निधन, किस देश के थे? A. फ्रांस B. अमेरिका C. ब्रिटेन
5. दक्षिण सूडान में तैनात किस भारतीय महिला शांति सैनिक को संयुक्त राष्ट्र का पुरस्कार मिला? A. लेफ्टिनेंट कर्नल टेनोरसाली B. कर्नल सेकिया कुरैशी C. मेजर स्वाति शांति कुमार

कल के जवाब

A1 B. 1 अरब A2 C. 31.5 करोड़ A3 B. फराह पहलवी A4 A. नूर अल्लाह नूर A5 C. यूरा शुक्ल बेल

लकी विनर्स

1. अश्विना रावदेवा, नई दिल्ली
2. हर्ष रोहेली, नई दिल्ली
3. विमल कुमार, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही लिखें हैं।

मलेरिया के मच्छरों पर दवाएं हुईं बेअसरः स्टडी

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : भारत ने 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य तय किया है, लेकिन इस राह में अब एक नई चुनौती सामने आई है। मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों ने न सिर्फ अपना व्यवहार बदला है बल्कि कीटनाशक दवाओं का असर भी कम होता जा रहा है। यह खुलासा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के नैशनल मलेरिया इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च, गोवा की एक ताजा स्टडी में हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि कई जिलों में मलेरिया के मच्छरों ने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली कीटनाशक दवाओं के खिलाफ प्रतिरोध विकसित कर लिया है। यानी मच्छर मारने के लिए जिन दवाओं और स्प्रे का इस्तेमाल हो रहा है, वे अब बेअसर हो गए हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि दवा-प्रतिरोध को ध्यान में रखकर रणनीति नहीं बदली गई तो लक्ष्य प्राप्त करना आसान नहीं।

8 राज्यों के 14 जिलों में की गई थी स्टडी

यह अध्ययन देश के आठ राज्यों के 14 जिलों में किया गया। रिसर्च का नेतृत्व संस्थान के वैज्ञानिक अजीत कुमार मोहंती ने किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों की प्रजातियों, उनकी संख्या, इंसानों को काटने की आदत, घर के अंदर या बाहर रहने का व्यवहार और कीटनाशकों के प्रति उनकी प्रतिक्रिया का विस्तार से अध्ययन किया।

ताकि इलाज में न हो देरी और ज़्यादा खर्च

एक ही टेस्ट से कई बीमारियों का पता लगाने की कोशिश में ICMR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कई बीमारियों का पता लगाने के लिए इंडियन कांसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) सिंगल टेस्ट पर विचार कर रहा है। इसे गंभीर इन्फेक्शन की जांच में तेजी लाने के लिए एक अहम कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह ब्रॉड-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स के गैर जरूरी इस्तेमाल और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के जोखिम को कम करने में भी मदद कर सकता है। एक ही बार में सही बीमारी पकड़ में आएगी। डॉक्टर तुरंत सही दवा देंगे। गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी। अस्पतालों और लैब्स में टेस्ट का बोझ कम होगा, क्योंकि ICMR ने बताया है कि स्टेप-बाय-स्टेप टेस्ट का तरीका न सिर्फ लागत बढ़ाता है, असली कारण जानने में भी देर लगाती है।

गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी

क्यों ऐसा करना ज़रूरी है?

- अभी एक-एक करके बीमारी के टेस्ट होते हैं, जिससे इलाज देर से शुरू होता है।
- अस्पताल का खर्च और मरीज की तकलीफ दोनों बढ़ते हैं।
- डॉक्टर देर से रिपोर्ट मिलने तक मजबूरी में ब्रॉड-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक दे देते हैं।
- इससे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस बढ़ता है।
- अगर एक ही टेस्ट सब दिखा दे, तो सही इलाज शुरू करना आसान और तेज हो जाएगा।

AI Image

कौन-कौन सी बीमारियां इसमें शामिल होंगी?

- ■ तेज बुखार वाली बीमारियां: डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, स्क्रब टाइफस
- ■ सांस की बीमारियां: इन्फ्लुएंजा, कोविड-19, वायरल न्यूमोनिया
- ■ दिमाग: जापानी इंसेफेलाइटिस, मेनिन्जाइटिस, ब्रेन इन्फेक्शन
- ■ दस्त वाली बीमारियां: हैजा, रोटावायरस, बैक्टीरियल डायरिया

नई पीढ़ी के इंजिनियर बनाने को हर IIT में बनेगी AI टास्क फोर्स

AI Image

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs) ने सिफारिश की है कि देश की हर एक आईआईटी में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) टास्क फोर्स बनाई जाए। इस टास्क फोर्स का मकसद आईआईटी के करिकुलम, टीचिंग और रिसर्च में AI और ML यानी मशीन लर्निंग को कोर कॉम्पिटेंसी के तौर पर शामिल करना है। आईआईटी में अगली पीढ़ी के इंजिनियरों को तैयार करने के लिए पारंपरिक करिकुलम में बदलाव किया जाएगा। एक अच्छे AI मॉडल सिलेबस में मैथ्स, प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग शामिल होने चाहिए। आईआईटी कानपुर को यह जिम्मेदारी दी गई है कि सभी आईआईटी के मानकृत और कमजोर पक्षों को लेकर टिप्पणी विश्लेषण किया जाए और इंडस्ट्री की जरूरत के आधार पर कोर्स करिकुलम में क्या- क्या बदलाव हो सकते हैं, इसके बारे में भी रिपोर्ट आईआईटी काउंसिल को दी जाए। वहीं यह तय किया गया है कि एमटेक कोर्सेज में इंडस्ट्री इंटर्नशिप को कंपलसरी बनाया जाएगा।

कोचिंग के प्रभाव को कम करने की कोशिश

IIT काउंसिल की बैठक में देश की 23 IIT में दाखिले के लिए JEE Advanced के मौजूदा स्ट्रक्चर पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने माना है कि इंजिनियरिंग की परीक्षा के लिए कोचिंग पर निर्भरता काफी बढ़ गई है और छात्रों का तनाव भी बढ़ता है। इस मसले पर एक एक्सपर्ट कमिटी बनेगी और एग्जाम पैटर्न के तरीकों में क्या बदलाव हो, इस पर रिपोर्ट दी जाएगी।

आईआईटी में टीचिंग प्रोग्राम पर भी फोकस

चार आईआईटी में 4-ईयर इंटिग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ITEP) पढ़ाया जा रहा है। काउंसिल ने आईआईटी जोधपुर को नोडल इंस्टिट्यूशन बनाया है, जो स्कूली शिक्षा विभाग और नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के साथ मिलकर काम करेगा। सुनिश्चित किया जाएगा कि आईआईटी में टीचिंग एजुकेशन का यह कोर्स भी दूसरे कोर्सेज की तरह पॉपुलर हो।

राष्ट्रपति भवन में समारोह का खास निमंत्रण

'At Home' समारोह के लिए यह निमंत्रण पत्र तैयार हुआ है।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गणतंत्र दिवस 2026 के मौके पर राष्ट्रपति भवन में होने वाले पारंपरिक 'At Home' समारोह के लिए खास निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है, जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों की कला, शिल्प और परंपराओं को सम्मान दिया गया है। पत्र की थीम 'अष्टलक्ष्मी राज्यों' असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम पर आधारित है। पूर्वोत्तर के इन राज्यों के कारीगर और शिल्पकार सदियों पुरानी कलाओं को आज भी जीवित रखे हुए हैं।

बच्चों को कितनी देर देखना है शॉर्ट विडियो, पैरंट्स कर सकेंगे कंट्रोल

Pradeep.Tiwari@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली: YouTube ने बच्चों और किशोरों (Teens) के लिए अपने प्लैटफॉर्म को और ज्यादा सुरक्षित और पैरंट्स फ्रेंडली बनाने के लिए 3 अहम बदलाव का ब्लूप्रिंट को ऐलान किया है। YouTube की वाइस प्रेजिडेंट (प्रोडक्ट मैनेजमेंट) जेनिफर फ्लैनरी ओ कॉनर (Jennifer Flannery O'Connor) ने कहा, 'हम मानते हैं कि बच्चों को डिजिटल दुनिया से दूर रखने की जगह, उन्हें यह सिखाना ज्यादा जरूरी है कि वहां सुरक्षित कैसे रह सकते हैं।' ये बदलाव स्क्रीन टाइम कंट्रोल, टीन्स की जानकारी बढ़ाने वाले कंटेंट और अकाउंट मैनेजमेंट से जुड़े हैं।

स्क्रीन टाइम कंट्रोल: अब पैरंट्स यह तय कर सकेंगे कि उनका बच्चा YouTube शॉर्ट्स (Shorts) कितनी देर तक देखे। इसके लिए शॉर्ट्स स्क्रॉल करने का समय तय किया जा सकेगा। पैरंट्स चाहें तो इस टाइमर को पूरी तरह जीरो भी कर सकेंगे। वहीं, अगर परिवार कार से कहीं जा रहा है तो YouTube पर विडियो देखने का वक्त 30 या 60 मिनट तय किया जा सकता है। YouTube का कहना है कि इंडस्ट्री में पहली बार ऐसा फीचर लाया गया है। इससे पैरंट्स को बच्चों के शॉर्ट्स कंटेंट पर पूरा कंट्रोल मिलता है।

सिलेक्टेड कंटेंट दिखेगा

दूसरा बड़ा बदलाव टीन्स के लिए बेहतर और अर्थपूर्ण कंटेंट को बढ़ावा देने से जुड़ा है। YouTube ने इसके लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। इसका मकसद है कि टीन्स को ऐसा कंटेंट दिखे जो सिर्फ मजेदार ही नहीं, बल्कि उनकी उम्र के हिसाब से सही और सीखने वाला भी हो। इसके साथ ही YouTube अपने रिकमेंडेशन सिस्टम में भी बदलाव करने की तैयारी में है।

अकाउंट मैनेजमेंट

जल्द ही YouTube एक नया साइन-अप सिस्टम लाने वाला है। उससे पैरंट्स आसानी से बच्चों के लिए नया अकाउंट बना सकेंगे। इसके साथ ही मोबाइल ऐप में कुछ ही टैप में किड अकाउंट, टीन अकाउंट और पैरंट अकाउंट के बीच स्विच किया जा सकेगा। इससे उम्र के हिसाब से कंटेंट मिलेगा।

2025 दुनिया का तीसरा सबसे गर्म साल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साल 2025 दुनिया का तीसरा सबसे गर्म साल रहा है। यह साल 2023 से सिर्फ 0.01 डिग्री कम गर्म रहा, जबकि इसे अब तक के सबसे गर्म साल 2024 से 0.13 डिग्री कम दर्ज किया गया। यह जानकारी यूरोपीय जलवायु निगरानी संस्था कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस की ताजा रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2015 से 2025 के बीच के 11 साल अब तक के 11 सबसे गर्म साल साबित हुए हैं। साल 2025 में ध्रुवीय इलाकों में रिकॉर्ड स्तर की गर्मी दर्ज की गई। कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के डायरेक्टर कार्लो बुओनटेम्पो ने चेतावनी दी कि 1.5 डिग्री की सीमा पार होना अब लगभग तय है। असली सवाल यह है कि दुनिया इसके असर को कैसे संभालती है।

2015 से 2025 तक के 11 साल सबसे ज्यादा गर्म

NBT Lens

खबरों के अंदर की बात

पुराने ढर्रे से बाहर आना ही होगा

आईआईटी काउंसिल की बैठक में लिए गए फैसलों से एक बात साफ हो गई है कि जो आईआईटी अभी भी पुराने ढर्रे पर ही चल रहे हैं और करिकुलम इनोवेशन को लागू करने में पीछे हैं, उन्हें अब मार्केट डिमांड को समझना होगा। यह भी साफ है कि अब इंडस्ट्री के साथ तालमेल के बिना काम नहीं चलेगा और मैनेजमेंट को इसके लिए मेहनत करनी ही होगी। सरकार चाहती है कि सभी 23 आईआईटी ग्लोबल लेवल पर अपनी पहचान बनाएं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA17 User: gagan.malhotra Time: 01-14-2026 20:41 Color:

iPhone 16

Amazing performance. Durable design.

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Starting at an Exchange Effective Price of **₹40900*** with credit cards of

AXIS BANK | ICICI Bank

	iPhone 16 Plus	iPhone 16
MRP (Incl. of all taxes) (128GB, 1N)	₹79900.00	₹69900.00
Instant Store Discount	₹5000.00	₹5000.00
Bank Cashback (up to)	₹5000.00	₹3000.00
Exchange value of your old phone*	₹15000.00	₹15000.00
Exchange bonus (up to)	₹6000.00	₹6000.00
Exchange Effective Price*	**₹48900.00**	**₹40900.00**

*Limited period offer. Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE

INGRAM | Redington

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: gagan.malhotra Time: 01-14-2026 20:41 Color:

iPhone Air

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Starting at an Exchange Effective Price of **₹71900*** with credit cards of

AXIS BANK | ICICI Bank

	iPhone Air
MRP (Incl. of all taxes) (256GB, 1N)	₹119900.00
Instant Store Discount	₹18000.00
Bank Cashback (up to)	₹4000.00
Exchange value of your old phone*	₹20000.00
Exchange bonus (up to)	₹6000.00
Exchange Effective Price*	**₹71900.00**

*Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE

INGRAM | Redington

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA18 User: gagan.malhotra Time: 01-14-2026 20:41 Color:

iPhone 17

Magichromatic.

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Buy Now with 24 Month No Cost EMI at ₹3454/month*
available on Consumer Loans with select leading Banks and NBFCs.

OR

Up to ₹4000 instant cashback on credit cards of
AXIS BANK | ICICI Bank

*Limited period offer. Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE
INGRAM | Redington

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-14-2026 23:29 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 15 जनवरी 2026 > पौष 26, शक संवत 1947, माघ कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 13 > पेज 20 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*प्रतिक्रि सतेंद पर ही लागू

www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का ऑक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

सेना दिवस आज

खुद को रोज़ क्यों कोसा करती थी तापसी

▶p15

बदबू, गंदगी के बीच IG स्टेडियम में चल रहा है बैडमिंटन इंडिया ओपन

Prabhat.Sharma@timesofindia.com

■ **दिल्ली के** इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में चल रही 'इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन चैंपियनशिप' विवादों में है। मंगलवार को डेनमार्क की खिलाड़ी मिया (Mis Blichfeldt) ने स्टेडियम की सफाई पर सवाल खड़े किए थे। एनबीटी ने पड़ताल की तो पाया कि स्थिति सच में बदहाल है। स्टेडियम के बाहर और अंदर, निराशाजनक हाल दिखा। मेन एंट्रेंस का एंट्री पॉइंट हो या VIP एंट्री से फील्ड की तरफ का गेट- सीढ़ियों पर गंदगी दिखी। फर्श पर पोंटी और गुटखे की पीक दिखी। कई जगह लंबे समय से सफाई न होने के संकेत नजर आए।

मीडिया सेंटर से मिक्स्ड जोन और प्रेस कॉन्फ्रेंस एरिया को जाने वाली सीढ़ियों पर भी गुटखे की पीक नजर आई। कई जगह खुले MCB बॉक्स और लटकते बिजली के तार मिले। बदहाली पर बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी संजय मिश्रा ने कहा कि स्टेडियम पुराना और बड़ा होने से कुछ कमियां रह जाती हैं। सभी खामियां दूर की जाएंगी। ▶▶ पेज 14

Prabhat Sharma

NBT रियलिटी चेक

स्टेडियम के मीडिया लाउंज के पास टूटी-फूटी हालत में मिले बॉथरूम से बहुत बदबू आ रही है।

इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम की गंदी सीढ़ियां ही इस आयोजन स्थल का हाल बयां कर रही हैं।

जंग की आहट में भारतीयों को सलाह- छोड़ दें ईरान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईरान में बिगड़ते हालात और अमेरिका से जंग की आहट के बीच भारत सरकार ने वहां मौजूद सभी भारतीयों से यह पश्चिमी एशियाई देश छोड़ने को कहा है। तेहरान में भारत के दूतावास ने सलाह जारी की है कि जो भी भारतीय नागरिक ईरान में हैं, चाहे वे छात्र हों, तीर्थयात्री हों, व्यापारी या टूरिस्ट, उन्हें जल्द से जल्द निकल जाना चाहिए। सभी को सलाह दी जाती है कि हवाई जहाज या आवाजाही के जो भी साधन मिलें, ईरान छोड़ दें। विरोध प्रदर्शन और भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। अपने ट्रैवल और इमिग्रेशन दस्तावेज जैसे पासपोर्ट आदि साथ रखें। किसी भी मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क करें।

दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। साथ ही, किसी भी डिवलपमेंट के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने साथ ही अगली सूचना तक ईरान की यात्रा से बचने की सलाह दी है।

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों और उनके दमन की खबरों के बीच अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका ने कतर में मौजूद अपने सबसे बड़े सैन्य एयरबेस से सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ईरानी अधिकारियों ने भी कहा कि अमेरिका से बातचीत का चैनल पूरी तरह बंद हो गया है। मध्य पूर्व के कई देशों ने चेताया है कि अमेरिका ने ईरान पर सैन्य कार्रवाई की जो अभूतपूर्व परिणाम होंगे। (तेहरान से एजेंसी इनपुट) ▶▶ पेज 16

इंडियन एंबेसी ने कहा, विमान या जो साधन मिले...

AFP

दमन तेज... ईरान की राजधानी तेहरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर ऐक्शन तेज होने की खबरें हैं। मृतकों की तादाद 2600 के करीब पहुंच चुकी है।

एंबेसी से इन फोन नंबरों पर लें मदद

+989128109115
+989128109109
+989128109102
+989932179359

यहां रजिस्टर करें

https://www.meaers.com/request/home

■ दूतावास ने कहा, ईरान में मौजूद सभी भारतीय ऊपर दी गई वेबसाइट पर रजिस्टर करें, इंटरनेट की दिक्कत हो तो भारत में परिजनों से मदद लें।

सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को फांसी के संकेत, भड़के ट्रंप

ईरान के चीफ जस्टिस ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ तुरंत सुनवाई और उन्हें फांसी की सजा देने का संकेत दिया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि मामलों में देरी से कार्रवाई का असर कम होगा। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि 18,000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी हिरासत में हैं।

ईरान सभी राजनीतिक बंदियों को तुरंत रिहा करे, किसी प्रदर्शनकारी को फांसी दी गई तो कड़ी कार्रवाई करेंगे। - डॉनल्ड ट्रंप, US के राष्ट्रपति

ईरान से जयशंकर को आया फोन

बढ़ते तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को फोन कर सुरक्षा हालात पर चर्चा की। जयशंकर ने बताया कि क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और हालात को और बिगड़ने से रोकने के प्रयासों पर चर्चा की गई। भारत पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और बातचीत के पक्ष में है। एक दिन पहले अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी जयशंकर से बात की थी।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 4, 14, 15 और 16

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 6

WPL आज के मैच

मुंबई इंडियंस vs यूपी वॉरियर्ज

7:30pm से, नवी मुंबई में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

HC का सवाल, इतने रैन बसेरे काफी?

हाई कोर्ट ने कहा- दिल्ली सरकार देखे, बेघरों को जगह मिले

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली में रैन बसेरों में पर्याप्त जगह और सुविधाओं की कमी पर हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि बेघर लोगों को रहने की जगह मिले। लोग अपने बच्चों और रिश्तेदारों के बेहतर इलाज के लिए यहां आए हैं। कोई अपनी मर्जी से नहीं, मजबूरी में यहां है। कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली में करीब साढ़े 18 हजार रैन बसेरे हैं। इस पर हाई कोर्ट ने पूछा, इतनी आबादी के लिए सिर्फ साढ़े 18 हजार रैन बसेरे, क्या ये काफी हैं?

File

■ दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र और एजेंसियों को गुरुवार को सांकेत कोर्ट में मीटिंग करने को कहा

■ 16 जनवरी तक इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया।

थाइलैंड में ट्रेन पर क्रेन गिरी, 32 मौतें

■ एपी, बैंकॉक: थाइलैंड के पूर्वोत्तर में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रेन पर 65 फीट की ऊंचाई से एक क्रेन गिर गई। इससे चलती ट्रेन पटरी से उतर गई और कई डिब्बों को नुकसान हुआ। इस हादसे में 32 लोगों की जान गई।

₹ अर्थसार

सेंसेक्स	83,382.71	(-244.98)
निफ्टी	25,665.60	(-66.70)
रु/यूएस डॉलर	90.20	(-0.06)
रु/यूरो 105.04		(-0.18)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,46,500 (+1,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,86,000 (+15,000)

मौसम

अधिकतम तापमान 20°

3.8° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय शुक्रवार 5:47 | सूर्यास्त शुक्रवार 7:15

डॉक्टरों ने सलाह दी है कि फ्लाइट शेड्यूल देखकर ही निकलें।

HC में बोली ED- कुछ भी ज़ब्त नहीं, TMC को झटका

■ पीटीआई, कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस (TMC) की डेटा सुरक्षा की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ईडी ने बताया है कि उसने पिछले हफ्ते की रेड के दौरान I-PAC के डायरेक्टर प्रतीक जैन के ऑफिस और घर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। TMC ने कोर्ट में याचिका दायर कर 8 जनवरी को इन दोनों जगहों पर ईडी की रेड के दौरान जब्त किए गए पर्सनल और पॉलिटिकल डेटा को सुरक्षित रखने का आदेश देने की मांग की थी।

हाई कोर्ट ने ईडी की एक अलग याचिका पर भी सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें एजेंसी ने 8 जनवरी की घटनाओं को लेकर सीबीआई जांच की मांग की थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है। ▶▶ पेज 11

File

हाई कोर्ट ने तृणमूल की डेटा सुरक्षा से जुड़ी याचिका खारिज की।

ईडी के आरोप पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

I-PAC के ऑफिस और उसके निदेशक के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जांच में बाधा डालने से जुड़ी ईडी की अर्जी पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। ईडी ने गंभीर बनर्जी पर आरोप लगाए हैं।

अलगाववादी आसिया आतंक के मामले में दोषी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: दिल्ली की एक कोर्ट ने बुधवार को कश्मीरी अलगाववादी और दुख्तरान-ए-मिल्लत की प्रमुख आसिया अंद्राबी को UAPA मामले में दोषी ठहराया।

दिल्ली का कोर्ट अब 17 जनवरी को सजा सुनाएगा

सजा की अवधि पर फैसला 17 जनवरी को किया जाएगा। NIA ने अंद्राबी पर दो सहयोगियों के साथ मिलकर नफरत भरे भाषणों के माध्यम से भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आपराधिक साजिश रचने और UAPA के तहत आरोप लगाए हैं। सर्व-महिला अलगाववादी समूह दुख्तरान-ए-मिल्लत (DEM) की 1987 में स्थापना करने वाली अंद्राबी को अप्रैल 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

पीएम ने मंत्री के घर मनाया पोंगल

PTI

पीएम मोदी ने पूजा के साथ गौसेवा भी की और कहा कि जब धरती हमें इतना कुछ देती है, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे संजोएं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार सुबह केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री एल. मुरुगन के आवास पर पोंगल समारोह में शामिल हुए। पीएम ने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश देने वाला यह पर्व अब ग्लोबल बन गया है।

'नशे में थे जुबीन, लाइफ जैकेट के बिना तैरे, डूब गए'

■ पीटीआई, सिंगापुर: सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर पुलिस ने कोर्ट में किसी भी तरह की साजिश से इनकार किया है। पांच महीने बाद कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट में पुलिस ने कहा कि घटना के समय जुबीन नशे में थे और उन्होंने तैराकी के दौरान लाइफ जैकेट पहनने से इनकार कर दिया था। सिंगर जुबीन की मौत 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में वोट पार्टी के दौरान डूबने में हुई थी। वह सिंगापुर में नॉर्थ-ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में परफॉर्म करने पहुंचे थे। परफॉर्मेंस से एक दिन पहले उनकी जान चली गई थी।

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत पर सिंगापुर पुलिस ने कोर्ट को बताया।

नस्लीय भेदभाव | अमेरिका में दो भारतीय स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी स्टाफ के परेशान करने पर किया था केस

अमेरिकी यूनिवर्सिटी ने पालक पनीर गर्म करने से रोका था, देना पड़ा ₹1.8 करोड़ का हर्जाना

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पालक पनीर से किसी को बदबू आ सकती है क्या? अमेरिका की यूनिवर्सिटी में इसी मुद्दे पर दो भारतीय स्टूडेंट्स को नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ा। दोनों स्टूडेंट कोर्ट गए और अब करीब 2 साल बाद कोर्ट ने उन्हें 2 लाख डॉलर (1.8 करोड़ रुपये) का हर्जाना देने का आदेश दिया है। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के एंथ्रोपोलॉजी विभाग में पीएचडी कर रहे आदित्य प्रकाश अपने लंच में लाए पालक पनीर को माइक्रोवेव में गर्म कर रहे थे। तब एक स्टाफ सदस्य वहां आई और खाने से तेज बदबू आने की शिकायत करते हुए उन्हें माइक्रोवेव इस्तेमाल न करने को कहा।

भोपाल के आदित्य और कोलकाता की उर्मी ने बताया कि अमेरिका में उनका पहला साल बिना किसी परेशानी के गुजरा। लेकिन जैसे ही माइक्रोवेव में खाना गर्म करने की घटना हुई, हालात बदल गए। उर्मी को टीचिंग असिस्टेंट की नौकरी हटा दिया और दंगा भड़काने तक के आरोप लगाए गए।

भोपाल के आदित्य प्रकाश और कोलकाता की उर्मी ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी में लिया था डाखिला।

क्लास के 29 स्टूडेंट्स ने दिया था साथ

उर्मी ने बताया कि क्लास के 29 स्टूडेंट्स ने उनके समर्थन में आवाज उठाई। मई 2025 में आदित्य और उर्मी ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। आदित्य का कहना है कि इसके बाद उन्हें परेशान किया जाने लगा। बाद में सितंबर 2025 में यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स से समझौता किया। उन्हें 2 लाख डॉलर का मुआवजा देना तय किया। हालांकि, उन्हें भविष्य में उसी यूनिवर्सिटी में पढ़ने या काम करने की अनुमति नहीं दी गई। आदित्य और उर्मी अब भारत लौट आए हैं।

चिड़ियाघर में सियार को ज़िंदा जलाकर मार डाला? जॉइंट डायरेक्टर करेंगे जांच

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

चिड़ियाघर में एक सियार को जिंदा जलाकर मार डालने का आरोप लगा है। कहा गया, जिस बाड़े में वह था, वहां आग लगाई गई और मिर्च, नमक भी डाला गया। मामले की जांच एनिमल सेक्शन के प्रभारी जॉइंट डायरेक्टर को सौंपी गई है। हालांकि, चिड़ियाघर के डायरेक्टर डॉ. मनीत कुमार ने कहा कि सियारों की संख्या रेकॉर्ड के मुताबिक है। फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

ममता 22 नवंबर 2025 से जुड़ा है। उस दिन चिड़ियाघर से कुछ सियार भागकर अंबीमांगन सराय के जंगल की ओर चले गए थे। तब चिड़ियाघर प्रशासन ने बताया था कि 3-4 सियार भाग गए हैं। 12 दिसंबर को चिड़ियाघर रेंजर का कार्य देख रहे क्यूरेटर डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सभी सियार बाड़े में लौट आए हैं। हालांकि, नैशनल जू वर्कर्स यूनियन के जनरल सेक्रेटरी आरएस भटौरिया ने बताया कि एक सियार नहीं लौटा था। वह बीट नंबर-4 में हिमालयन भालू के बाड़े में चला गया था। यह जानकारी मिलने के बाद उस बाड़े के पास आग लगाई गई। मामले की शिकायत केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से की गई। ▶▶ पेज 3

हिमालयन भालू के बाड़े में था सियार

AI Image

आरोप है कि भालू के बाड़े में जब सियार के होने का पता चला तो आसपास के कैमरे बंद करा दिए गए। फिर आग लगा दी गई तो बाड़े से सियार बाहर नहीं निकल पाया और जलकर मर गया। 2 दिन बाद उसका शव निकालकर नष्ट करने की कोशिश हुई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-14-2026 22:04 Color:

मेट्रो के ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन सफर को देगे रफ्तार। दूरी होगी कम, समय और पैसा दोनों बचेगा, फेज-4 और 5A में बनेंगे -p5

I-PAC छापेमारी केस में कोलकाता हाई कोर्ट ने कहा कि ED ने बताया है कि पिछले सप्ताह की छापेमारी में कुछ भी जब्त नहीं किया है -p11

353
रहा दिल्ली का AQI बुधवार को, नोएडा का 283 रहा

3.8
डिग्री रहा बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान, आज के लिए भी शीतलहर का है येलो अलर्ट

www.delhi.nbt.in

पल्यूशन-ठंड का डबल अटैक, अभी राहत नहीं

प्रदूषण स्तर रहा बेहद खराब

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रदूषण का स्तर बुधवार को बेहद खराब रहा। अगले दस दिनों तक यह बेहद खराब रहेगा। बीते तीन दिनों से प्रदूषण बेहद खराब ही बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई 353 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार, 15 से 17 जनवरी तक प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहा। इसके बाद अगले छह दिनों तक प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर रहेगा।

शीतलहर का कहर, धूप भी बेअसर, आज येलो अलर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी को शीतलहर से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। शीतलहर की वजह से सुबह और शाम के समय लोगों का जीना मुहाल है। धूप निकलने तक लोगों को नजदरदस ठंड झेलनी पड रही है। इस बीच गुरुवार के लिए भी शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। दिन के समय धूप की वजह से सर्दी से कुछ राहत जरूर मिल रही है और तापमान अपेक्षाकृत आरामदायक बना हुआ है। अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास बना हुआ है। बुधवार को न्यूनतम तापमान महज 3.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री कम रहा। गुरुवार को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं।

न्यूनतम तापमान महज 3.8 डिग्री दर्ज किया गया

'सर्दियों में शरीर खुद को पहुंचा सकता है नुकसान'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सर्दियों के मौसम में ऑटोइम्यून बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। एम्स के रूमेटोलॉजी डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ उमा कुमार ने बताया कि सर्दियों में धूप कम मिलती है। इससे विटामिन डी की कमी हो जाती है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण, वायरल संक्रमण और मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। इन सभी कारणों से ऑटोइम्यून बीमारियों का जोखिम ज्यादा हो जाता है। उन्होंने बताया कि कोविड के बाद ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। ठंड में ऑटोइम्यून रोगों से जुड़ी समस्याएं ज्यादा बढ़ जाती हैं।

तनाव और नींद की कमी से बढ़ती है बीमारी: मानसिक तनाव को लेकर डॉ उमा कुमार ने कहा कि लंबे समय तक रहने वाला तनाव शरीर में लगातार सूजन को बढ़ाता है। यही सूजन आगे चलकर ऑटोइम्यून प्रक्रिया को शुरू कर सकती है या पहले से मौजूद बीमारी को और गंभीर बना देती है। उन्होंने बताया कि जो लोग पूरी नींद नहीं लेते, उनमें भी सूजन और ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस ज्यादा पाया गया है। नाइट शिफ्ट में काम करने वालों पर हुई स्टडी में भी ज्यादा स्वास्थ्य समस्याएं सामने आई हैं।

बच्चों को लेकर डॉ उमा कुमार ने कहा कि अक्सर उन्हें जरूरत से ज्यादा प्रोटेक्ट किया जाता है। उन्होंने सलाह दी कि जन्म के बाद ही बच्चों को आरओ वॉटर देने से बचें। बच्चों को सामान्य माहौल में रहने दें ताकि उनके शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता नीचे से डिवेलप हो सके।

विटामिन D की कमी और प्रदूषण से इम्यून सिस्टम होता है कमजोर

दवा लंबे समय तक लेना जरूरी: डॉ उमा कुमार ने साफ किया कि एम्स एक टर्शरी केयर और स्पेशलाइज्ड सेंटर है। यहां ज्यादातर रेफर्ड और जटिल मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में सिर्फ ओपीडी के आंकड़ों के आधार पर यह कहना सही नहीं है कि बीमारियां बढ़ रही हैं या घट रही हैं, क्योंकि एम्स में पहले से ही बड़ी संख्या में मरीज आते रहे हैं। ऑटोइम्यून बीमारियों के इलाज को लेकर उन्होंने बताया कि ये बीमारियां डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की तरह होती हैं।

क्या है ऑटोइम्यून बीमारी और लक्षण

डॉ. उमा कुमार के अनुसार, ऑटोइम्यून बीमारी वह स्थिति है, जब शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से अपने ही स्वस्थ शरीर पर हमला करने लगती है। जबकि प्रतिरक्षा प्रणाली का असली काम वायरस और बैक्टीरिया जैसे बाहरी खतरों से शरीर की रक्षा करना होता है। ऑटोइम्यून के आम लक्षणों में लगातार थकान, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, सूजन, रिकल पर चकते, बुखार, सिरदर्द और पेट से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं।

Photos: Vivek Kumar/PTI

रोड किनारे रहने वाले 80% लोगों में बीमारी के संकेत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में मुख्य सड़क के ठीक किनारे (50 मीटर के दायरे में) रहने वाले लोगों में प्रदूषण के कारण गंभीर बीमारियों का खतरा उन लोगों की तुलना में कही अधिक है, जो सड़क से 250 मीटर या उससे अधिक दूरी पर रहते हैं। एम्स (AIIMS) की एक ताजा स्टडी में यह चौंकाने वाला दावा किया गया है। स्टडी के अनुसार, सड़क के करीब रहने वालों के शरीर में इम्फ्लेमेटरी मार्कर्स और ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस का स्तर काफी ज्यादा पाया गया है, जो भविष्य में गंभीर रोगों का संकेत है।

एम्स की डॉ. उमा कुमार ने स्टडी का हवाला देते हुए बताया कि हवा में मौजूद PM 2.5 कणों और खराब एयर क्वॉलिटी का स्वास्थ्य पर सीधा और विनाशकारी असर पड़ता है। सोध में दिल्ली में पिछले 10 वर्षों से रह रहे 20 से 50 वर्ष की आयु के उन लोगों को शामिल किया गया था, जिन्हें पहले कोई बीमारी नहीं थी। जांच में पाया गया कि 80% लोगों में इम्फ्लेमेटरी मार्कर्स पॉजिटिव मिले। इसके अलावा 18% लोगों में ऑटो-एंटीबॉडीज पाई गईं, जिसे 'सब-क्लिनिकल ऑटोइम्यूनिटी' कहा जाता है। इसका अर्थ है कि फिलहाल व्यक्ति बीमार नहीं है, लेकिन भविष्य में उसे ऑटोइम्यून बीमारी होने का खतरा बना हुआ है।

AIIMS की स्टडी में हुआ खुलासा

उत्तर रेलवे

प्रथम शुद्धिपत्र निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई-निविदा के आधार पर नीचे दिये हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम व स्थल	उत्तरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन मे TKJ-ANVR रेलवे स्टेशन के बीच तिलरी-पीपली रेलवे लाइन के संकर में, मंडावली चंदर विहार रेलवे स्टेशन पर रेसिडेंशियल टाइप-II क्वार्टर (24 यूनिट) टाइप-III क्वार्टर (04 यूनिट) और टाइप-IV क्वार्टर (01 यूनिट) का निर्माण, 24 टाइप-II क्वार्टर 04 टाइप-III क्वार्टर और 01 टाइप-IV क्वार्टर के लिए फायर फाइटिंग व्यवस्था सड़क कार्य, 120 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक, 120 किलोलीटर क्षमता का अंडर ग्राउंड टैंक, बाउंड्री वॉल, HL पैसेंजर प्लेटफॉर्म का निर्माण/पीपीकरण/विस्तार, लटबंध में मिट्टी भराई का काम, फॉर्मेशन में कटिंग, बौल्डिंग का प्रावधान, नाली का निर्माण, रिटेनिंग वॉल, सबवे, रैंप/सीढ़ी, प्लेटफॉर्म शेल्टर, फेंसिंग, स्टेशन सिग्निल, मौजूदा FOB और मौजूदा प्लेटफॉर्म RCC बैक वॉल को लोहना, वाटर बूथ और अन्य विविध संबंधित कार्य।
कार्य पूरा होने की अवधि	18 (अठारह) माह
कार्य की अनुमानित लागत	₹.3268.15 लाख
धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है)	₹.17,64,100/-
ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 14:00 बजे दिनांक 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय	31.01.2026 को 14:00 बजे तक निविदा कर्ता द्वारा 10.01.2026 से 31.01.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय	14:00 बजे दिनांक 31.01.2026 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

सं0 545-ACS-QRTRS-MWC-CSB दिनांक : 14.01.2026 139/2026

यात्रीगणों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	08245719A	इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई सिस्टम (आई पी एस)	192 नग	05-02-26
02	16253593	लेटरल डैम्पर	1100 नग	09-02-26
03	0225115SB	स्क्रॉल कंप्रेसर थ्री फेज	217 नग	09-02-26
04	04250085	एक्सान एरायेन आर० बी० 320 ग्रीस	10920 कि० ग्रा०	16-02-26
05	07250305A	व्हील सेट असेंबिंग एकुम्बेंट	1139 नग	18-02-26
06	09262391	साइड बेयरर सीट ब्लुसी वेल्डेड विथ लाइनर	1188 नग	09-03-26
07	07251017A	लोवर स्प्रिंग सीट फॉर एक्सल	3300 नग	08-05-26
08	09262584	22.22 एम एम डाए लॉक बोल्ट (डाए कोर-ई)	40995 नग	11-05-26

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टैंडर नोटिस सं. 79/2025-2026 दिनांक:-14.01.2026 147/2026

यात्रीगणों की सेवा में मुस्कान के साथ

संत गुरु श्री रविदास जयंती पर समारोह हेतु आवेदन पत्र

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार द्वारा संत गुरु श्री रविदास जी जयंती दिनांक 01/02/2026 को आयोजित होने वाले **"प्रतिष्ठित व्यक्तियों की जयंती / पुण्यतिथि"** समारोह योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के इच्छुक संगठनों / संस्थाओं को आयोजन के लिये टेन्ट, ध्वनि प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था, बैनर, कुर्सी इत्यादि की व्यवस्था हेतु सूचीबद्ध एजेंसियों के माध्यम से चयनित संस्थाओं को सहायता प्रदान की जाएगी।

आवेदन पत्र दिनांक 22/01/2026 तक विभाग के नीचे दिये गये पते पर प्राप्त किये जायेंगे। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

पात्रता व आवेदन करने की प्रक्रिया विभाग की वेबसाइट https://scstwelfare.delhi.gov.in पर उपलब्ध है ।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग,
बी-ब्लाक, द्वितीय तल, विकास भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002
DIP/Shabdarth/Classified/0403/25-26

ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
Govt. of Bihar
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
ROAD DIVISION, SITAMARHI
Email ID:- rcdstmbih@gmail.com, Mob:-9470488395
SBD BASED DETAILED NOTICE INVITING RE-TENDER
(Through e-procurement mode only https://www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No.- 15/2025-26

1. Designation And Address of The Advertiser :- Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Sitamarhi
2. Date Of Issue of Notice Inviting Tender :- 12.01.2026
3. Period For Download of Tender Document :- From 27.01.2026 to 03.02.2026 Up to 15:00 hrs. (From Website: https:// www.eproc2.bihar.gov.in) Only.
4. Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting :- 28.01.2026 at 11:00 hrs. at Office of The Chief Engineer, North, RCD, Bihar, Patna. Q.No.-T5 & T6, Officer's Flat, New Punaichak, Patna
5. Last Date & Time for Uploading Tender Document By Bidder :- 05.02.2026 Up to 15:00 hrs. On Website: (https://www.eproc2.bihar.gov.in) Only.
6. Date, Time & Place Of Opening Of Technical Bid :- Date- 05.02.2026 after 15:30 hrs. On Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in
7. Details Of Works:

Group No.	Name of work	Estimated Cost (In Lakh)	Amount of Earnest money (Rs. In Lakh)	Cost of B.O.Q. (To be paid through online mode) (Non-refundable) (In Rs.)	Bid Processing Fee (To be paid through online mode) (Non-refundable) (In Rs.)	Time of completion of work (In months) Including monsoon period.
1	2	3	4	5	6	7
1.	Widening & Strengthining of Sisaula - Basantpatti Road (Total length-7.44 Km.) under Road Division, Sitamarhi for the year 2025-26	2113.00540	31.15	10000.00	As per e-proc2.0 website	12 Months

8. Date, Time & Place of opening of Financial Bid :- To be announced after approval of Technical Bid by Competent Authority (on Website : https://www.eproc2.bihar.gov.in)
9. Bid Validity :- 120 Days

Detailed NIT can be seen on website https://www.state.bihar.gov.in/prdbihar or https://www.eproc2.bihar.gov.in or the notice board of the office of the undersigned.

Executive Engineer,
RCD, Road Division, Sitamarhi
PR- 021593 (RCD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

invest BIHAR
बिहार सरकार
BIHAR FOUNDATION

मकर संक्रांति प्रदर्शनी

कला • व्यंजन • उद्यम

बिहार की समृद्ध कला, संस्कृति एवं विरासत के साथ उसके विकसित होते औद्योगिक परिदृश्य का प्रदर्शन

15-18 जनवरी 2026
11:30AM बजे से 7:00PM बजे तक

Venue
15, बिहार निवास लॉन्स, टिकेंद्रजीत मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली – 110021

PR. No. 021659 (I & PRD)D. 2025 26

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या: 01/2026 दिनांक: 13.01.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीएं मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या: 19257240	ई.एम.डी. (रु.): ₹ 444290/-

विवरण: WAP-7 लोको के लिए 2x500KVA IGBT आपरेटर होटल लोड कन्वर्टर।
CLW रिफर्निश संख्या CLW/ES/3/IGBT/0490 (ALT-D) REV-1 दिनांक दिसंबर-2017 या नवीनतम और RDSO STR संख्या: RDSO/2013/EL/STR/0080, REV 'D' या नवीनतम के अनुसार।

मात्रा: 02 सेट	निविदा खुलने की तिथि: 11.02.2026

नोट:- (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप मे बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 75/26(A)

North central railways @RNCWCR www.ncr.indianrailways.gov.in

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

अनन्या गुप्ता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका नाम अनन्या गुप्ता पुत्री मुकेश गुप्ता निवासी मकान नं0 बी-46बी/ए, गली नं0-7, युवा शांति स्कूल के पास, रामा विहार, दिल्ली, उम्र-15 वर्ष, जो कि अपने घर से दिनांक 12.01.2026 को लगभग दोपहर 12.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। FIR No. 25/2026, U/S 137(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, Dated 12.01.2026, के तहत पुलिस स्टेशन अमन विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली, में पंजीकृत किया गया है। लड़की का शारीरिक विवरण इस प्रकार है :

लिंग: महिला, कद: 4'10", रंग: सांवला, शरीर: दुबला, बाल: लम्बे व काले, पहनावा: मेहरून सूट-सलवार, भल्टी कलर फुल स्लीपर जूतीं पहने हुए है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन अमन विहार,
रोहिणी जिला, दिल्ली
फोन: 8750870321, 9870127024

वेबसाइट: https://cbi.nic.in
DP/663/RD/2026

ट्रक की टक्कर से दिल्ली पुलिस का कॉन्स्टेबल घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के साउथ कैंपस इलाके में गश्त के दौरान दिल्ली पुलिस की मार्शल गाड़ी (पेट्रोलिंग वैन) को एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ड्यूटी पर तैनात एक कॉन्स्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें AIIMS ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 9 जनवरी की रात करीब 11:10 बजे साउथ मोती बाग के पास हुई। डिस्ट्रिक्ट लाइन साउथ-वेस्ट में तैनात कॉन्स्टेबल प्रह्लाद सिंह (40) और एसआई श्याम सुंदर मार्शल-23 बोलेरो गाड़ी से पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे।

लाल किला ब्लास्ट के पांच आरोपियों की NIA रिमांड बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पटियाला हाउस कोर्ट स्थित NIA की विशेष अदालत ने लाल किला के पास विस्फोट के मामले में गिरफ्तार तीन डॉक्टरों और एक मौलवी सहित पांच आरोपियों की रिमांड 16 जनवरी तक बढ़ा दी। स्पेशल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज अंजू बजाज चंदना ने डॉ. अदील राथेर, डॉ. शाहीन सईद, डॉ. मुजम्मिल गनेई, मौलवी इरफान अहमद वागे और जसीर बिलाल नाजी की हिरासत बढ़ाने संबंधी नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) की याचिका को मंजूर कर लिया। एजेंसी ने अपनी रिमांड एप्लीकेशन में कहा है कि आरोपियों का कुछ विरोधाभासी बातों पर अन्य सह-आरोपियों, संदिग्धों और गवाहों से आमना-सामना कराना जरूरी है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि आरोपी व्यक्तियों को जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश और एनसीआर सहित अलग-अलग जगहों के बारे में कुछ तथ्यों और परिस्थितियों की खास जानकारी थी। रिमांड अर्जी में कहा गया है कि कुछ गवाहों और जब्त किए गए डिजिटल उपकरणों से मिले डेटा के तकनीकी विश्लेषण से ये तथ्य सामने आए हैं।

विशेष अदालत ने 16 जनवरी तक बढ़ाई रिमांड

खलील गैंग का बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, तिलक नगर: तिलक नगर थाना की पुलिस ने खलील गैंग के एक बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कुर्बान उर्फ डड्डू के रूप में हुई है। यह सीतापुरी, ठाबड़ी इलाके का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला यह पहले से 6 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी वेस्ट दराडे शरद मासकर ने बताया तलाशी में इसके पास से पिस्टल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। यह जिस खलील मास गैंग का बदमाश है, वह सेधमारी की वारदात को अंजाम देता है। SHO विनीत कुमार पांडे की देखरेख में हेड कॉन्स्टेबल नरेश और करण की टीम ने केशवपुर मंडी से संत नगर एक्सटेंशन जाने वाले रोड पर इस शातिर बदमाश को ट्रैक किया। तलाशी में इसके पास से हथियार बरामद किए गए और पूछताछ के बाद इसकी डिटेल जानकारी पुलिस को मिली।

बहस के दौरान नाबालिग दोस्त को युवक ने मारी गोली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: न्यू सीमापुरी इलाके में एक युवक अपने नाबालिग दोस्त को पिस्टल दिखा रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान युवक ने अपने 16 साल के दोस्त आशु को गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। घायल आशु को इलाज के लिए तुरंत जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के बयान पर सीमापुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार आरोपी रोहन की तलाश कर रही है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, 16 साल का आशु अपने परिवार के साथ ई ब्लॉक, न्यू सीमापुरी में रहता है। पीड़ित ने बताया कि 10 जनवरी की रात करीब साढ़े 10 बजे वह पास में रहने वाले अपनी बहन फरीन के घर पर था। इसी दौरान तिमारपुर इलाके में रहने वाला दोस्त बहन के घर उससे मिलने आया। दोस्त के पास पिस्टल थी, जिसे आशु को दिखा रहा था।

न्यू सीमापुरी इलाके में हुई वारदात, आरोपी की तलाश जारी

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-14-2026 23:35 Color:

ज़ू में सियार को जिंदा जलाकर मारने का मामला

सबूत मिटाने को सियार का जला शव किया नष्ट

■ NBT रिपोर्ट, चिड़ियाघर

चिड़ियाघर में वन्यजीवों के संरक्षण में बरती जा रही घोर लापरवाही और मनमानी का एक मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि चिड़ियाघर में एक सियार को जिंदा जलाकर मार दिया गया। घटना उजागर होने पर चिड़ियाघर प्रशासन ने आनन-फानन में जॉइंट डायरेक्टर को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। वे खुद एनिमल सेक्शन के प्रभारी हैं।

पिछले साल 22 नवंबर को 4 सियारों के अपने बाड़े से भागने की सूचना प्रशासन को मिली थी। वे सियार चिड़ियाघर परिसर में स्थित अलीमंगल सराय के जंगल में भाग गए थे। सियारों की संख्या के बारे में भी प्रशासन के पास सही जानकारी नहीं थी। वे अपने आधिकारिक बयान में भागे सियारों की संख्या 3 या 4 बताते थे। इससे काम के प्रति लापरवाही का भी पता लगता है। इस संबंध में NBT ने 25 नवंबर को प्रमुखता से खबर छापी थी। 12 दिसंबर को चिड़ियाघर रेंजर का काम संभाले हुए क्यूरेटर डॉ मनोज कुमार ने बताया था कि सारे सियार बाड़े में वापस आ गए हैं।

अमानवीय: आरोप, 2 दिन बाद मांद से सियार का जला शव निकालकर इंसुलेटर में डालकर सबूत खत्म करने का प्रयास

पिछले साल 22 नवंबर को 4 सियारों के अपने बाड़े से भागने से जुड़ा है मामला

नैशनल ज़ू वर्कर्स यूनियन के जनरल सेक्रेटरी आरएस भटौरिया ने बताया कि चौथा सियार अपने बाड़े में नहीं आया था। वालु अपनी मांद में नहीं था। CCTV से सियार के आने की जानकारी रेंजर/क्यूरेटर डॉ मनोज कुमार को मिली थी।

'कराई जा रही है मामले की जांच'

यूनियन ने 12 तारीख को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सेंट्रल ज़ू अथॉरिटी (CZA) आदि को भेजे शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि मनोज कुमार ने हाथी बाड़े में काम कर रहे मजदूरों की सहायता से मृत के पास आग लगवा दी और मिर्च और नमक आग में फिकवा दी थी। 2 दिन बाद मांद से सियार का जला शव निकालकर इंसुलेटर में चुपचाप डालकर सबूत खत्म करने का प्रयास किया गया है। चिड़ियाघर के डायरेक्टर डॉ. सजीत कुमार ने बताया कि ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अभी मौजूदा सियारों की संख्या चिड़ियाघर के रिकॉर्ड के बराबर है। 21 मार्च तक 4 नर, 2 मादा और 3 बच्चों के रिकॉर्ड है। फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

मौत का कारण छिपा लापरवाही पर पर्दा डालने की कोशिश!

■ राम त्रिपाठी, चिड़ियाघर : चिड़ियाघर में जहरीले पदार्थ खाने से लुप्तप्राय प्रजाति के 3 चौसिंगा (टेट्रासेरस क्वाड्री कार्निस) की मौत के मामले को प्रशासन पिछले 27 दिन से छुपाने की कोशिश कर रहा है। मौत के कारण बताने के नाम पर बहानेबाजी हो रही है। इससे वन्यजीवों के संरक्षण के तरीकों पर फिर से सवाल उठ खड़े हुए हैं। पिछले साल ही अफ्रीकन हाथी शंकर की मौत के साथ 30 से अधिक वन्यजीवों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। इस साल भी लापरवाही से मौत के 3 मामले सामने आ चुके हैं। पिछले साल 11 से 14 दिसंबर के बीच 3 चौसिंगा की मौत हुई थी। 11 और 12 तारीख को मरे दो चौसिंगा की मौत के कारणों की जांच के लिए बायोमसी सैंपल 13 दिसंबर को हरियाणा वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (IVRI), बरेली भेजे गए थे। चिड़ियाघर के डायरेक्टर डॉ. सजीत कुमार ने NBT को बताया कि सैंपल रपट अभी नहीं आई है। इस कारण मौत के कारणों के बारे में अभी बताया नहीं जा सकता है। हालांकि चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि IVRI की रपट 18 दिसंबर को ही आ गई थी। रपट में बताया गया है कि विष विज्ञान सबंधी टेस्ट में रूमेन और आंतों की सामग्री के नमूने में फॉस्फीन की उपस्थिति मिली। मतलब जानवर कीटनाशकों के संपर्क में आए थे।

क्या है तर्क?

अधिकारी ने बताया कि कीटनाशक रोडेंटिसाइड (चूहामार जहर) 2 दिसंबर को चिड़ियाघर में गोलियों के रूप में फैलाया गया था। चौसिंगा ने उन गोलियों का खाया या चरा होगा जिससे उनके शरीर बेहद सुस्त हो गए थे। बाद में उनकी मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया कि ठीक इसी प्रकार के लक्षण पिछले साल 17 अगस्त को अफ्रीकन हाथी शंकर की मौत के दौरान भी थे। वह बीमार था जिसके बारे में किसी संबंधित अधिकारी या एनिमल कीपर ने ध्यान नहीं दिया था। हाथी भी एस्पेफाली मायोकार्डिटिस वायरस की चपेट में आ गया था।

सैंपल की रिपोर्ट अभी हमारे पास नहीं आई है। इस कारण मौत के कारणों के बारे में अभी कुछ भी बताया नहीं जा सकता है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी कि मौत कैसे हुई।

–डॉ. संजीत कुमार, डायरेक्टर चिड़ियाघर

महानगर में आज

प्रेम
इंडिया हैबिटेट सेंटर में डांस प्रोग्राम 'इन लव विद', स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। भरतनाट्यम डांसर श्वेता रविशंकर की प्रस्तुति का आनंद आज दर्शकों के बीच होगा।

लय का जश्न
कमानी ऑडिटोरियम में 'फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफीज', मंडी हाउस, शाम 6:30 बजे से। डॉ. सोनल मानसिंह की परिकल्पना – इस फेस्टिवल में आज असम से भाइनाद बरबायन एंड ग्रुप की प्रस्तुति 'सीता विवाह बिहार' और महाराष्ट्र से साख्य फाउंडेशन के शो 'कर्ण' की प्रस्तुति मंच पर होगी।

दस्तकारी हाट

दिल्ली हाट में 40वां दस्तकारी हाट क्राफ्ट बाजार, INA, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक। देश के हैंडिक्राफ्ट और हैंडलूम की खूबसूरती और बारीकियां लिए इस बाजार में कई राज्यों के दस्तकारों का हुनर है।

स्मरण विमर्श
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'फॉलिम्प्सेस्ट : रीकलेक्टिंग द रोल्स', त्रिवेणी गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 से रात 8 बजे तक। आर्टिस्ट साहिल जुगेजा की सोलो आर्ट एग्जिबिशन 17 जनवरी तक दर्शकों के बीच होगी।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

सांसद रवि शंकर प्रसाद के सरकारी घर में लगी आग

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली : पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के दिल्ली स्थित आवास पर बुधवार सुबह एक कमरे में आग लग गई। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 8:05 बजे मामले की सूचना मिली। आग बुझाने वाली तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। कमरे के अंदर रखा हुआ बेड और अन्य कुछ घरेलू सामान आग की चपेट में आकर जल गए। जानकारी के अनुसार, 11 मूर्ति के पास लुटियंस जोन स्थित 21 मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड के सरकारी आवास में रवि शंकर प्रसाद रहते हैं। वहीं पर बुधवार सुबह एक कमरे में आग लगी। रकाबगंज फायर स्टेशन को आग की सूचना मिली।

सुरक्षा सख्त, परेड में इन चीज़ों पर रहेगी रोक

20 हजार के करीब दिल्ली पुलिस के जवान समारोह स्थल के आसपास तैनात रहेंगे

12 हजार जवानों की तैनाती महत्वपूर्ण जगहों पर सुरक्षा के लिए की गई है

5 हजार के करीब CCTV कैमरे परेड रूट व उसके आसपास सेट किए है लोगों पर नजर रखने को

Vishal.Sharma3 @timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** गणतंत्र दिवस के लिए दिल्ली में चाक चौबंद सुरक्षा तैयारियों को फाइनल टच दिया जा रहा है। लगातार मिल रहे खुफिया अलर्ट से दिल्ली पुलिस सतर्क है। 26 जनवरी और बीटिंग रिट्रीट के दौरान दिल्ली से जुड़े सभी राज्यों के बॉर्डर पर पैनी नजर रहेगी। सूत्रों से पता चला कि आईबी ने लाल किला पर हुए फिदायीन अटैक जैसे खतरे को लेकर आगाह किया है। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान सुरक्षा एजेंसियों की जूते और जैकेट पर पैनी नजर रहेगी। सुरक्षा तैयारियों की इस कड़ी में 26 और 29 जनवरी को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हवाई क्षेत्र में अस्थायी प्रतिबंध लागू रहेंगे।

इन प्रतिबंधों के बीच 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड में सुरक्षा जांच को आसान बनाने के लिए कोशिश की जा रही है कि लोग कम सामान लेकर जाएं। आप अपने बैग में सिर्फ आईडी कार्ड, मोबाइल फोन, जरूरी डॉक्यूमेंट और पानी की छोटी बोतल जैसी जरूरी चीजें ही रखें। पुलिस का कहना है कि परेड देखने आने वालों को पहचान पत्र साथ रखना जरूरी है। गणतंत्र दिवस परेड 2026 की मुख्य थीम 'वंदे मातरम' रखी गई है।

क्या नहीं ले जाएं : सुरक्षा कारणों से कई चीजों पर पूरी तरह रोक रहेगी। अगर आप इनमें से कोई भी सामान साथ ले जाते हैं, तो पुलिस रोक सकती है। ऐसे में हथियार, चाकू, ब्लेड, कैंची या कोई भी तेजधार वाली चीज, भारी बैग या बड़ा बैकपैक, नेल कटर, शराब, सिगरेट या किसी भी तरह का नशीला पदार्थ, ज्वलनशील सामान जैसे माचिस, लाइटर, इसके अलावा बिना परमिशन के पावर बैंक, सेल्फी स्टिक और लेजर लाइट, ड्रोन या कोई प्रोफेशनल कैमरा इन चीजों को भूलकर भी साथ न ले जाएं।

जेल में बंद गैंगस्टर्स... रिक्रूट हो रहे हैं शूटर

गैंगस्टर हाशिम बाबा नवंबर 2020 से जेल में, पर उसका गिरोह बाहर लगातार वारदात कर रहा है

पश्चिम विहार और वेस्ट विनोद नगर फायरिंग की घटना के बाद पुलिस का फोकस फिर यमुनापार पर

Shanker.Singh @timesofindia.com

नई दिल्ली: गैंगस्टर हाशिम बाबा नवंबर 2020 से जेल में बंद है, लेकिन उसका गिरोह बाहर लगातार वारदात कर रहा है। कत्ल, एक्सटॉर्शन और दबदबा बनाने के लिए फायरिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान हाशिम बाबा का लॉरेंस बिश्नोई से गठजोड़ हुआ। इसके बाद उसका नेटवर्क और मजबूत हो गया। जुलाई 2024 में जीटीबी अस्पताल में मरीन रियानुद्दीन की गलत पहचान में हत्या हुई। सितंबर 2024 में जैकेब-1 भी नादिर शाह की हत्या हुई। 31 अक्टूबर 2024 को फर्श बाजार में आकाश शर्मा और उसके नाबालिग भतीजे की हत्या हुई। 7 दिसंबर 2024 को बर्तन कारोबारी सुनील जैन की हत्या में भी हाशिम बाबा के गुर्गे के नाम सामने आए।

लॉरेंस बिश्नोई से गठजोड़ के बाद हाशिम बाबा का नेटवर्क और मजबूत हो गया

पुलिस का दावा है कि अंसल साजिश शहजी पार्क के नेबकतरे वसीम की हत्या की भी लेकिन जीटीबी अस्पताल में रियानुद्दीन मारा गया। नादिर शाह का कत्ल सीधे साबरमती जेल में बंद लॉरेंस के इशारे पर हुआ था। इस वारदात में हाशिम गैंग और विदेश में बैठे हरियाणा के गैंगस्टर रणदीप मलिक ने शूटर और लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया। फर्श बाजार में हुए डबल मर्डर में विदेश भाग चुके राशिद केबलवाला का नाम आया। इस कत्ल का बदला लेने के लिए बुकी आकाश को दोस्त बताने वाले सचिन उर्फ गोलू ने गलत पहचान में बर्तन कारोबारी की हत्या कर दी। वह भी हाशिम बाबा का ही गुर्गा बताया जा रहा है और फिलहाल विदेश में है।

करीब पांच महीने में राजधानी में हुए 5 सनसनीखेज कत्ल से दिल्ली पुलिस की काफी किरकिरी हुई। इसके बाद स्पेशल सेल ने हाशिम बाबा गिरोह पर कार्रवाई करते हुए मकोका लगाया। उसकी पत्नी जोया, करीबी अनवर चापा और कई शूटरों को जेल भेजा गया। इससे कुछ समय के लिए हालात शांत दिखे, लेकिन यह शांति ज्यादा दिन नहीं चली। विदेश भाग चुका सचिन दोबारा एक्टिव हो गया।

विदेश से ऑपरेट कर रहा है गोलू

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हाशिम बाबा गिरोह को विदेश से सचिन उर्फ गोलू चला रहा है। वह हाशिम बाबा और उसकी पत्नी जोया दोनों का खास है। जेल से समीर बाबा और सुहेल चम्पल नेटवर्क संभाल रहे हैं। अलू, गैंग से जुड़े अनस के कई गुर्गे अभी बाहर हैं। ये बेलकम, कबीर नगर, जाफराबाद और सीलमपुर समेत आसपास के इलाकों में छोटे बड़े बदमाशों को गैंग से जोड़ रहे हैं।

कुलबुला रहा राशिद केबलवाला

सूत्रों के मुताबिक, राशिद इस समय लॉरेंस और गोल्डी बराड़ दोनों गैंग के संपर्क में है। फर्श बाजार मर्डर के बाद गोलू और राशिद के बीच टकराव बढ़ा है। राशिद ने बाबा को संदेश भेजा कि गोलू या उसमें से किसी एक को चुने। बुधवार को राशिद के नाम से फेसबुक पर एक पेज बनाकर लॉरेंस व बाबा गैंग की तरफ से दिल्ली-NCR में दूसरा बेचने वालों को जान से मारने की धमकी दी गई है।

विदेश में बैठे बदमाश गोलू ने ही शूटरों को किया था तैयार

फुतहाल में खुलासा हुआ कि विदेश में बैठे गोलू ने ही शूटरों को तैयार किया था। उसी ने पैसे और हथियार मुहैया कराए थे और हाशिम बाबा के नाम पर रंगदारी मांगी जा रही थी। इस केस में जाफराबाद के अल्पास उर्फ अलू गैंग से जुड़े अनस का नाम सामने आया। पुलिस का दावा है कि अनस बाल सुधार गृह के भीतर से कॉल कर हथियार सप्लाई कराता था। वारदात के बाद हथियार उसके गिरोह के लोगों को लौटा दिए जाते थे। गोलू के लिए जहीर उर्फ गुड्डू और अनस लॉजिस्टिक सपोर्ट का काम कर रहे थे। इसी बीच हाशिम बाबा गैंग से जुड़े अनस के करीबी असद अमीन, दानिश मल्ली, मदफूज उर्फ बॉबी उर्फ शूटर उर्फ कबूल और साकिब ने हथियार तस्करी के झगड़े में 15 दिसंबर 2025 की रात नदीम उर्फ चाचा फाटू और उसके भाई फजील की हत्या कर दी। असद और दानिश मल्ली को पुलिस ने पकड़ लिया है।

CCTV फुटेज से शूटर तक पहुंचने में जुटी पुलिस

■ नवीन निश्चल, पश्चिम विहार : पश्चिम विहार इलाके के आउटर रिंग रोड पर RK फिटनेस जिम पर मंगलवार को हुई फायरिंग मामले में पुलिस को 48 घंटे के बाद भी कोई ख़ास सुराग हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस दर्जनों सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। जिम से लेकर कई किलोमीटर के एरिया को पुलिस ने खंगाला है।

दोनों शूटर जिस रास्ते से मंगलवार रात 11 बजे के आसपास फायरिंग करने के लिए पहुंचे थे, उस रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया है। पुलिस को उम्मीद है, की उसकी मदद से पता लगाने में आसानी होगी। आरके फिटनेस जिम में आने जाने वालों के बारे में भी पुलिस ने डिटेल खंगाला है। डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा कि हर एंगल से छानबीन की जा रही है। इसके अलावा इस मामले में वेस्टर्न रेंज के क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल की टीम भी अलग से जुटी हुई है। लगातार देर तक पहुंचने में लगा हुआ है। इस मामले को लेकर मंगलवार को ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके जिम्मेदारी ली गई उसके कारण मामला हाई प्रोफाइल बन गया है।

बिश्नोई गैंग ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर ली थी इस हमले की जिम्मेदारी

फायरिंग मामला: फुटेज में दिखे संदिग्धों की तलाश तेज

AI image

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

वेस्ट विनोद नगर, पश्चिम विहार और प्रेम पार्क एक्सटेंशन में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि तीनों फायरिंग में वहीं दो बाइक सवार शामिल थे। पुलिस सूत्रों ने भी बताया अभी तक जांच में लग रहा है कि तीनों फायरिंग में वही दो बाइक सवार बदमाश शामिल थे। इसके लिए तीनों जगहों पर मिले सीसीटीवी फुटेज को पुलिस मिला कर रही है ताकि यह पुष्टि हो सके कि तीनों फायरिंग में वही दो बाइक सवार शामिल थे या अलग-अलग लोग थे। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि अभी जांच में वेस्ट विनोद नगर और पश्चिम विहार फायरिंग में जो बाइक सवार दिखे हैं। वह एक ही लग रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी यह पुष्टि करना जल्दबाजी होगी। पुलिस मौजी एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मामले को सुलझाने के लिए मधु विहार पुलिस के अलावा, स्पेशल स्टाफ, एएटीएस, नारकोटिक्स सेल के अलावा क्राइम ब्रांच समेत आधा दर्जन से अधिक टीमें लगी हुई हैं।

वहीं वेस्ट विनोद नगर फायरिंग मामले में बुधवार सुबह स्थानीय पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ की टीम भी मौके पर पहुंची। दोबारा अन्य दुकानों और मकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया। आसपास रहने वाले लोगों से पुलिस टीम ने पूछताछ की। उन रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

6121 करोड़ से 52 लाख लोगों को मिलेगा 24x7 पानी

पानी का ट्रीटमेंट कर उसे स्टोर करने के लिए 35 नए अंडरग्राउंड रिजर्वायर बनाए जाएंगे

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **दिल्ली के** 52 लाख से अधिक आबादी को 24 घंटे पानी सप्लाई के लिए दिल्ली सरकार 6121 करोड़ रुपये की लागत से 2741 किमी लंबी नई वॉटर सप्लाई लाइनें बिछाएगी। कच्चे पानी को ट्रीट कर उसे स्टोर करने के लिए 35 नए अंडरग्राउंड रिजर्वायर (UGR) बनाए जाएंगे। इसके लिए वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर कमांड एरिया से पानी सप्लाई किया जाएगा। चंद्रावल वॉटर कमांड एरिया से 22 मीटर दबाव के साथ, तो वजीराबाद वॉटर कमांड एरिया से 17 मीटर दबाव के साथ पानी की सप्लाई होगी। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार सरकार दिल्ली के सभी इलाकों में 24 घंटे पानी सप्लाई सुनिश्चित करने के दिशा में काम कर रही है।

24 घंटे पानी सप्लाई के लिए प्लांट की क्षमताओं में बढ़ोतरी की जाएगी

जल मंत्री के अनुसार चंद्रावल ट्रीटमेंट प्लांट से 96 वर्ग किमी एरिया में 9 विधानसभा क्षेत्रों में पानी की सप्लाई की जाती है। प्लांट की क्षमता 95 एमजीडी है। 24 घंटे पानी सप्लाई के लिए प्लांट की क्षमता में बढ़ोतरी के साथ नई पाइपलाइन बिछाई जाएंगी। चंद्रावल प्लांट से 24 घंटे पानी सप्लाई के लिए पिछले साल नवंबर में सरकार ने काम आवंटित किया है। इस प्लांट से 24 घंटे पानी सप्लाई के लिए 1044 किमी लंबी नई पाइपलाइनें बिछाई जाएंगी। 21 नए यूनीक्वार बनाए जाएंगे जिससे कि पानी स्टोर किया जा सके। इसके लिए सरकार 2406 करोड़ रुपये खर्च करेगी। चंद्रावल ट्रीटमेंट प्लांट से 9 विधानसभा क्षेत्रों में 22 मीटर के दबाव से पानी की सप्लाई की जाएगी। वजीराबाद वॉटर कमांड एरिया के वॉटर इन्फ्रास्ट्रक्चर एशियन डिवेलपमेंट बैंक को चुना गया है। एडीबी ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलप करने के लिए फंडिंग कर रही है।

वजीराबाद से होगी सप्लाई

सजय गंधी द्वारपोर्ट नगर, बुराड़ी, मॉडल टाउन, केशवपुरम, पजाबी बाग, शकूर बस्ती, जहांगीरपुरी, पीरागढ़ी, अवंतिका, पीतमपुरा, शालीमार बाग

चंद्रावल ट्रीटमेंट प्लांट से यहां होगी सप्लाई

सराय रोहिल्ला, गुलाबी बाग, नारायण विहार, नेहरू नगर, बलजीत नगर, प्रेम नगर, पजाबी बस्ती, सदर बाजार, करोल बाग, पहाड़गंज, पटेल नगर, झंडेवालान, बापा नगर, देव नगर, कश्मीरी गेट, आरके पुरम

सफाई के लिए स्पेशल ट्रेनिंग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** यमुना नदी की नियमित सफाई के लिए सिंचाई विभाग अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी। सिंचाई व बाढ़ विभाग अफसरों ने नदी की सफाई और ट्रेनिंग पर करीब 5.44 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट तैयार किया है। प्लान के तहत आईटीओ के पास से जाने वाली ड्रेन नंबर -12 यमुना नदी में जहां गिरती है, वह स्ट्रेच और दिल्ली से आने आसरा जाने वाले स्ट्रेच की सफाई की जाएगी। अफसरों के अनुसार, सफाई के लिए भी एक खास टीम बनेगी।

कैसे होगी यमुना की सफाई, जब 32% STP पूरी तरह फेल

Sudama.Yadav@timesofindia.com

यमुना नदी की सफाई जिन 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (STP) के भरोसे है, उनमें से करीब 32 % STP मानकों पर पूरी तरह फेल पाए गए हैं। इन प्लांट्स में ट्रीट किए गए पानी में फीकल कोलीफार्म पानी मल-मूत्र से जुड़े बैक्टीरिया की मात्रा तय मानक 230 MPN प्रति 100 ML से कई गुना ज्यादा पाई गई है। सबसे ज्यादा गंदा पानी उन्हीं STP में मिला है, जो यमुना नदी के पास मौजूद हैं।

दिल्ली पल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने जल बोर्ड के सभी 37 STP की दिसंबर महीने की रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में STP में आने वाले गंदे पानी और ट्रीट किए गए पानी के पैरामेंटर लेवल, टीएसएस, बीओडी, सीओडी, ऑयल और ग्रीस, अमोनिकल नाइट्रोजन, फास्फेट और फीकल कोलीफार्म की जांच की गई। रिपोर्ट के मुताबिक 37 में से 12 STP तय मानकों पर पूरी तरह फेल पाए गए हैं।

ज्यादातर STP में ट्रीट किए गए पानी में फीकल कोलीफार्म की मात्रा 230 MPN प्रति 100 ML से ज्यादा पाई गई है। कुछ STP में बीओडी, सीओडी और टीएसएस का स्तर भी तय सीमा से अधिक रहा। नीलोठी में STP की कैपिसिटी 40 MGD है।

यमुना के पास STP का पानी सबसे गंदा

रिपोर्ट के अनुसार यमुना नदी के पास स्थित मोलडबंद STP, जिसकी कैपेसिटी 0.66 MGD है, वहां ट्रीट किए गए पानी में फीकल कोलीफार्म 54,000 MPN प्रति 100 ML पाया गया। यहां बीओडी और टीएसएस का स्तर भी तय मानकों से ज्यादा है। ट्रीटमेंट के बाद भी पानी में फीकल की मात्रा 230 से ज्यादा होना गंभीर है।

STP	कैपेसिटी	फीकल
वसंत कुंज	2.2	9200
वसंतकुंज	3	16,000
महरौली	15	3500
अंखाला	16	540
मोलडबंद	0.66	54000
वाजीरपुर	5	1100
दिल्ली गेट	10	640
सेन नर्सिंग होम	2.2	430

कनॉट प्लेस में मामूली विवाद में मारपीट, एक शख्स घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नई दिल्ली डिस्ट्रिक्ट के कनॉट प्लेस (CP) में मामूली विवाद के बाद एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक को गंभीर चोटें आने के बाद पहले लेडी हार्डिंग अस्पताल और फिर जीवन माला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

11 जनवरी की रात 10 बजे की घटना, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित तृष (21) ने बताया कि वह परिवार के साथ एनडीएमसी फ्लैट्स, वाल्मीकि सदन के पास रहते हैं। वह प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। पीड़ित के अनुसार, 11 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह अपनी कार से कनॉट प्लेस आए। यहां जैन चाउल के सामने वाली गली में वह पानी की बोतल लेने के लिए कार से उतरे। दुकान पर काफी भीड़ थी, इसी दौरान कुछ युवक आपस में झगड़ा करते हुए वहां पहुंचे। पीड़ित के अनुसार साहिल ने उन्हें आवाज देकर बुलाया और अपने मोबाइल फोन से इसु नाम के युवक से बात करवाई, फोन पर गाली-गलौज शुरू हो गई। आरोप है कि विरोध करने पर इसु कुछ अन्य लड़कों को लेकर मौके पर पहुंच गया और पीड़ित के साथ मारपीट की।

बुजुर्ग के घर से नेकलेस और 1 किलो चांदी चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिलशाद गार्डन इलाके में रहने वाले बुजुर्ग दंपती के घर से लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। बुजुर्ग दंपती अपने एक रिश्तेदार को आनंद विहार छोड़ने गए थे। जब शाम को वापस लौटे तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और अलमारी खुली हुई है। जांच करने पर पता चला कि घर से सोने-चांदी के गहने, चांदी के सिक्के, कैश, महंगी घड़ी और सरकार की तरफ से मिले 10 मेडल चोरी हो चुके हैं। पीड़ित दंपती की शिकायत पर सीमापुरी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 62 साल के रमेश चंद्र अपने परिवार के साथ दिलशाद गार्डन में रहते हैं। वह मेट्रल नगरनौंध में रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी की दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी पत्नी के साथ आनंद विहार गए थे और शाम करीब 7 बजे वह वापस लौटे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-14-2026 22:41 Color:

NBT सुरक्षा कवच अभियान का अगला पड़ाव कालकाजी में

■ अफनी शर्मा, नई दिल्ली

पुलिस और पब्लिक के आपसी तालमेल से अपने एरिया को ज्यादा सुरक्षित बनाने की मुहिम के तहत 'एनबीटी सुरक्षा कवच' कैंपेन इस बार कालकाजी पहुंच रहा है। करीब साढ़े चार किलोमीटर में फैले कालकाजी पुलिस स्टेशन के एरिया में करीब साढ़े पांच लाख लोग रहते हैं।

सदस्य ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के 16 थानों में से कालकाजी प्रमुख थाना है। कालकाजी थाने में इस समय कुल 142 का स्टाफ तैनात है। जिसमें तीन इंस्पेक्टर, 16 सब इंस्पेक्टर और 16 एएसआई है। इसी क्रम में 49 हेड कॉन्स्टेबल और 59 कॉन्स्टेबल तैनात है। इसके अलावा कालकाजी में 10 पुलिस बूथ भी है। जिसमें दो पिक बूथ शामिल है। डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार, एरिया की सबसे बड़ी नेहरू प्लेस मार्केट, प्राचीन कालकाजी मंदिर, स्कूल, कॉलेज, पांच कॉलोनी जैसे लजपत एरिया और साढ़े पांच लाख की आबादी की सुरक्षा करने के लिए हमने स्टाफ काफी है। एसीपी राकेश कुमार शर्मा और एसएचओ अजय कुमार की देखरेख में पुलिस टीम लगातार गश्त और पिकेट लगाकर चेकिंग के कारण यहां क्राइम ना के बराबर है। डीसीपी के अनुसार, पूरा कालकाजी को 5 डिवीजन में विभाजित किया गया है, ताकि प्रत्येक क्षेत्र में ज्यादा गश्त और निगरानी बनाए रखा जा सके। वहीं हाल ही में थाने का कार्यभार संभालते हुए इंस्पेक्टर अजय कुमार ने महज 23 दिनों के भीतर सख्त ऐक्शन लेते हुए आर्म्स एक्ट के तहत सात आरोपियों को दबोचा। इनमें दो देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और पांच चाकू बरामद हुए। कालकाजी थाना 1959 में स्थापित हुआ था।

करीब साढ़े पांच लाख लोग रहते है इस एरिया मे

इस तरह बांटा है पूरा इलाका: क्षेत्र में नेहरू प्लेस कंप्यूटर मार्केट, इंटरनेशनल ट्रेड टावर, विशाल भवन, अशोका भवन, नेट इंटर्न सेंटर, आईएआईसीआई टोवर, ड्रगेन कॉर्पोरेट हाउस, सत्यम सिनेप्लेक्स, प्रगति हाउस, मधुबन बिल्डिंग, मेघदूत भवन, नेहरू प्लेस टर्मिनल, बीएसईएस पावर लिमिटेड शामिल है।

मिलकर बनाएं दिल्ली को अपराध रहित

सख्ती से क्राइम हुआ जीरो

कालकाजी में मिली जुली सख्या के लोग रहते है। यहा पर स्ट्रीट क्राइम जैसी है। इसके लिए पुलिस टीम स्कूल, कॉलेज, के साथ ही प्राचीन मंदिर कालकाजी, नेहरू मार्केट और लोटस टेपल के साथ ही मार्केट के पास पिकेट लगाकर चेकिंग करते है। इसके अलावा थाना क्षेत्र के 10 पुलिस बूथ में 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहते है। एसीपी राकेश कुमार शर्मा व इंस्पेक्टर अजय कुमार लोगों से सलाह ले मीटिंग करते है। क्राइम कंट्रोल करने के लिए अलग से एक टीम बनाई गई है। यह टीम कालकाजी मंदिर के अंदर भीड़ भाड़ में पिक-पॉकेटिंग रोकने पर नजर रखती है।

लोगों के लिए 'लिवर ज्ञान' हेल्पलाइन की गई लॉन्च

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लिवर को हेल्दी रखने के प्रति लोगों को जागरूक करने और कार्डियॉलिंग के लिए 'लिवर ज्ञान' हेल्पलाइन लॉन्च की गई। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने बुधवार को आईएलबीएस फाउंडेशन डे के मौके पर इसे लॉन्च किया। यही नहीं, इस दौरान 'द दिल्ली मोडल: हेल्दी लिवर, हेल्दी दिल्ली' हैंड बुक भी लॉन्च की गई, जिसे मरीजों को जागरूक करने के लिए आईएलबीएस के एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम ने तैयार किया है।

लिवर ज्ञान हेल्पलाइन 1800115354 (टोल-फ्री) पर उपलब्ध होगा। बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (ILBS) के 16वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने ILBS के निदेशक डॉ. एस.के. सरीन और उनकी पूरी टीम को लिवर केयर के क्षेत्र में लगातार कुशल नेतृत्व और मरीजों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हमारे नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

द्वारका में बनेगा पहला मिनी सचिवालय, 212 करोड़ मंजूर

■ NBT दिल्ली, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने द्वारका में पहले डिस्ट्रिक्ट मिनी सचिवालय बनाने के लिए 212.91 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता वाली व्यय वित्त समिति (EFC) की बैठक में इसकी मंजूरी दी गई है। दिल्ली के द्वारका में पहला मिनी सचिवालय सेक्टर- 10 में बनाया जाएगा। सरकार ने इसके साथ ही राजस्व विभाग को सभी जिले के लिए मिनी सेक्रेटेरिएट बनाने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है।

अधिकारियों के अनुसार, सेक्टर-10, द्वारका में जिला मिनी सचिवालय के निर्माण से संबंधित राजस्व विभाग की अनुमानित लागत 212.91 करोड़ रुपये है। ईएफसी बैठक में सीएम ने कहा है कि दिल्ली के सभी 13 राजस्व जिलों में आधुनिक जिला मिनी सचिवालयों के निर्माण की आवश्यकता है, जिनमें जनसंपर्क और नागरिक-केंद्रित सेवा पर फोकस किया जा सके। सीएम ने राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि द्वारका मिनी सचिवालय का निर्माण 18 महीनों के भीतर पूरा किया जाए। सरकार ने मिनी सेक्रेटेरिएट के जिस प्रस्ताव को मंजूरी दी है वो इमरत जोरो-वेस्ट के रूप में विकसित की जाएगी। इनमें प्रदूषण कम करने के लिए मिस्ट स्प्रिंकलर, सॉवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) और बिजली की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा की व्यवस्था की जाएगी।

सीएम की अध्यक्षता में हुई ईएफसी बैठक, 18 महीने में पूरा होगा निर्माण

राजस्व विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, जिनमें आवश्यकताओं का आकलन, भूमि की उपलब्धता, विशेष प्रभावों का अध्ययन और दो वर्षों के भीतर सभी 13 डिस्ट्रिक्ट मिनी सचिवालय भवनों के निर्माण के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करना शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट मिनी सचिवालय के निर्माण का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन को मजबूत करना है। सभी विभागों को एक ही छत के नीचे लाया जाए, ताकि विभिन्न सरकारी सेवाएं प्रदान की जा सकें और जनता को जिले भर में बिखरे कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्यों खोले जा रहे हैं दिल्ली में मिनी सचिवालय?

सरकार ने जन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रशासनिक ढांचे में बदलाव के साथ कार्यशैली को लेकर बड़े बदलाव कर रही है। विभागों के बीच बेहतर समन्वय बढ़ाने के लिए पहले 11 जिलों की संख्या बढ़ाकर 13 कर दी गई। यह जिले की सीमा को एमसीडी जोन की सीमा के साथ इंटीग्रेट कर दिया गया। जिससे विभागों के बीच विकास कार्यों को लेकर होने वाले सीमा विवाद खत्म हो गए। अब सरकार जिले में मिनी सचिवालय बनाने जा रही है जहां एक ही छत के नीचे सभी विभाग मौजूद होंगे।

दिल्ली को सेहत का तोहफा, 81 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू

319 तक पहुंच गई अब दिल्ली में आरोग्य मंदिरों की संख्या

पंचकर्म चिकित्सा भी मिलेगी आरोग्य मंदिरों में : स्वास्थ्य मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुधवार को शुरू किए गए , जिसके बाद दिल्ली में इनकी संख्या 319 तक पहुंच गई है। बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में विधानसभा में 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्लीवासियों को समर्पित किया। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने मालवीय नगर में, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी में बने नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि पंचकर्म चिकित्सा को जल्द ही पूरी दिल्ली के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

सीएम ने कहा, यह विस्तार बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करेगा

मुख्यमंत्री ने आरोग्य मंदिर में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। रेखा गुप्ता ने डॉक्टरों पर तैनात नर्सों, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से बातचीत भी की और उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम की भी समीक्षा की। उन्होंने ओपीडी में आने वाले मरीजों का रजिस्ट्रेशन, मेडिकल रिकॉर्ड और डेटा मैनेजमेंट की प्रक्रिया को विस्तार से समझा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और सुगम बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए लगातार मदद मिल रही है। इसी के तहत नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लैब और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि आरोग्य मंदिरों का यह विस्तार बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करेगा और नागरिकों को घर के पास सुलभ, प्री और सम्मानजनक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

चरणबद्ध तरीके से लागू करेंगे पंचकर्मा : स्वास्थ्य मंत्री ने मालवीय नगर स्थित भैमनगरी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राजधानी की जनता को समर्पित किया। इस सेंटर में अभी 100 से अधिक इन-हाउस डायग्नोस्टिक टेस्ट किए जाते हैं, जिनकी क्षमता आने वाले दिनों में बढ़ाकर 200 से अधिक तक की जाएगी। डॉ पंकज ने कहा कि नीमनगरी आरोग्य केंद्र से शुरू होकर आयुर्वेद आधारित पंचकर्म चिकित्सा को जल्द ही पूरी दिल्ली के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस सेंटर में शुरू होने वाला पंचकर्म यूनिट देश के सर्वश्रेष्ठ केंद्रों में शामिल होगा।

जनकपुरी में खुला दूसरा आरोग्य मंदिर: शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को जनकपुरी C 2 ब्लॉक में नए आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। सूद ने कहा कि यह आरोग्य मंदिर दिल्ली की बदलती हुई सरकार और स्वास्थ्य के प्रति निबद्धता का प्रतीक है। अब छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए जनकपुरी की जनता को बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल को भी पूरी तरह से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने की दिशा में काम कर रही है। कला, संस्कृति, भाषा एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कराला नगर के सोनिया विहार स्थित एमसीडब्ल्यू (MCW) सेंटर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। कपिल मिश्रा ने कहा कि इसी कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र में एक फूड अस्पताल भी शुरू करने की योजना है।

समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने पुष्प कलां के बुद्ध विहार क्षेत्र में आयुष्मान आरोग्य मंदिर और बवाना में डॉ. साहिब सिंह वर्मा आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया।

अधिकतर आरोग्य मंदिरों में नई सुविधा नहीं : आप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब से यह साफ हुआ है कि अधिकतर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कोई नई स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं। असल में ये दिल्ली सरकार और एमसीडी की पुरानी डिस्पेंसरियां हैं। इनमें से कुछ मोहल्ला क्लिनिकों थे, जिन्हें रंग रोगन करके आरोग्य मंदिर का नाम दे दिया गया है। सुविधाओं के लिहाज से देखें तो आरोग्य मंदिर में मोहल्ला क्लिनिक की तुलना में कहीं कम सुविधाएं मिलती हैं। वहीं, बीजेपी सरकार ने दिल्ली में 250 से ज्यादा मोहल्ला क्लिनिकों को भी बंद कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया

दिल्ली स्टार्टअप फेस्टिवल में मना 'आइडिया' का जश्न

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पानी में चलने वाले ड्रोन से या फ्लाइंग सैनिटरी पैड्स - दिल्ली के स्टार्टअप युवा फेस्टिवल में आइडिया ही आइडिया नजर आए। दिल्ली सरकार के हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के 'स्टार्टअप युवा फेस्टिवल 2026' के साथ बुधवार को डॉ. अंबेडकर इंटरनैशनल सेंटर में युवाओं की स्टार्टअप्स की एग्जिबिशन भी लगी, जो विचिंग सेशन भी रखे गए। दिल्ली की 11 यूनिवर्सिटीज, कॉलेज और आईटीआई के स्टूडेंट्स के स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जल्द ही दिल्ली स्टार्टअप पॉलिसी लाई जाएगी, ताकि हर युवा इनोवेटर को आइडिया से स्टार्टअप और स्टार्टअप से आत्मनिर्भर बनने और आगे बढ़ने का मजबूत मंच मिल सके। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि स्टार्टअप पॉलिसी के लिए अगले 5 साल के लिए 325 करोड़ का प्रावधान है। पॉलिसी का टारगेट है कि 2035 तक दिल्ली के युवा 5 हजार स्टार्टअप्स डिवेलप करेंगे।

स्टार्टअप एनिशिएशन का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री (इंडिपेंडेंट चार्ज), स्किल डेवलपमेंट एंड आंत्रप्रेनेरशिप जयंत चौधरी ने किया। हायर एजुकेशन मिनिस्टर आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली में पहले भी स्टार्टअप्स थे, लेकिन वे बिखरे हुए थे। टॉप 6 स्टार्टअप्स को 10-10 लाख रुपये की इक्विटी-फ्री ग्रांट भी दी गई। शिक्षा मंत्री ने बताया कि स्कूल लेवल पर आंत्रप्रेनेरशिप को बढ़ावा देने NEEV करिकुलम के तहत 5 हजार स्टूडेंट टीमों को 20 हजार रुपये (फ्री टीम) की सीड मनी दी गई है यानी कुल 10 करोड़ की सीड ग्रांट। स्टार्टअप युवा फेस्टिवल के टॉप 100 स्टार्टअप्स को एक लाख रुपये की मदद दी जा रही है।

डीटीसी पेंशन में देरी से रिटायर्ड कर्मचारी परेशान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली में डीटीसी से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में लगातार हो रही देरी ने पेंशनधारकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जो बर दिसंबर 2025 की पेंशन अभी तक जारी नहीं हुई है। पेंशनधारकों का आरोप है कि पहले 2 से 3 महीने तक की देरी हो जाती थी, लेकिन अब हर महीने 15 से 20 दिन तक इसके भी ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है।

नरेला के स्वतंत्र नगर निवासी धर्मवीर बताते हैं कि पेंशन की देरी की वजह से घर चलाना मुश्किल हो जाता है। इसी समस्या को लेकर डीटीसी पेंशन वेलफेयर फोरम के सदस्यों ने हाल ही में डीटीसी के एमडी से मुलाकात की और मांग रखी कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृत कर्मचारियों की विधवाओं को समय पर पेंशन दी जाए। संस्था के महासचिव राज सिंह वर्मा ने बताया कि दिल्ली में करीब 20,000 से अधिक पेंशनधारी सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, जिन्हें इस समस्या का सामना करना पड़ता है।

फंड की कमी बताकर भुगतान टालने का लगाया आरोप

'विनम्रता से बनते हैं महान'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: श्री हनुमान मंदिर लिंक रोड, करोल बाग में सत्संग के समय महंत श्रीमंगरि महाराज ने कहा कि विनम्रता मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है, इससे ही जीवन में निखार आता है और व्यक्ति महान बनता है।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान पीतमपुरा सत्संग में स्वामी नरेंद्रानंद ने कहा कि समय-समय पर राम, कृष्ण, बुद्ध और महावीर के रूप में महापुरुष मानव जाति को सिखा देने आए हैं। उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना ही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। वहीं निरंकारी सतगुरु सुदीक्षाजी ने विशाल भक्ति पर्व समागम में कहा कि भक्ति केवल शब्द नहीं है, बल्कि जीवन जीने की सतत यात्रा है।

प्रवचन: श्री टिगंबर जैन लाल मंदिर चांदनी चौक में विराजमान आचार्य प्रज्ञासागरजी महाराज ने कहा कि मनुष्य अपना स्वामी स्वयं है। उसके अंदर अनंत शक्तियों का भंडार है, उन्हें उजागर करना होगा।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति।।

स्व0 श्रीमती शांति देवी गुप्ता
धर्मपत्नी स्व0 श्री एन. आर. गुप्ता
14-01-1997
29वें पुण्य तिथि

आपकी यादें, प्यार, प्रेरणा, आशीर्वाद आपके होने का एहसास हर पल, हर क्षण हमारे साथ। हम सभी आपको नतमस्तक होकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।

याद में
श्रीमती विमला गुप्ता (धर्मपत्नी स्व0 श्री हनुमान प्रसाद गुप्ता)
श्रीमती सरला एवं प्रेम चंद गुप्ता (संसद सदस्य एवं भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री)
श्रीमती नीरा एवं सुनील गुप्ता,

जय प्रकाश अग्रवाल, श्रीमती शशि एवं संजय अग्रवाल
और परिवार के सभी सदस्य
एवं
आई एस टी लिमिटेड
के समस्त कर्मचारी

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

स्कूलों में PTA बनाने को लेकर HC ने दिया आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह प्राइवेट स्कूलों में पेरेंट-टीचर एसोसिएशन (PTA) के गठन और कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करे।

चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने एनजीओ "जस्टिस फॉर ऑल" द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा। बेंच ने दिल्ली सरकार को यह बताने को कहा कि हर स्कूल में ऐसा एसोसिएशन हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उसने क्या कदम उठाए है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि दिल्ली में मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट और संबंधित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार PTA के गठन में बड़े पैमाने पर और सिस्टेमैटिक विफलता है। बेंच ने नोटिस जारी किया और चार हफ्तों में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

दिल्ली बीजेपी ने धूमधाम से मनाया संक्रांति उत्सव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली बीजेपी के पूर्वांचल मोर्चा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इसमें शामिल होकर पूर्वांचल के लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। संगीत कार्यक्रम के साथ दही-चूड़ा, गुड़ और तिल्ली-चोखा का सहभोज आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने की। कार्यक्रम के संयोजक पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने अतिथियों का स्वागत मखाने की माला और मैथिली टोपी पहनाकर किया। सांसद मनोज तिवारी ने गाने गाए। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह टिल्ल विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, समेत अन्य सांसद और विधायक भी मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर यमुना किनारे भी कई कार्यक्रम

कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह चार बजे से लोगों ने किया स्नान

NBT 2 मिनट में पढ़ें

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मकर संक्रांति पर मंदिरों, संस्थाओं में कई तरह के कार्यक्रम हुए। द्वारका के श्रीश्री संस्कारी द्वारकाधीश इस्कॉन मंदिर में मकर संक्रांति उत्सव की धूम रही। रंगबिरंगी रंगोली से सजाकर मंदिर प्रांगण को भक्तों के स्वागत के लिए तैयार किया गया था। रात नौ बजे तक भक्तिमय कीर्तन होते रहे। भक्तों ने विशेष दीपों से सजे आरती थाल से भगवान की आरती की। पूरे दिन अनेक जगहों पर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

इस बार इस्कॉन द्वारका की तरफ से 300 से अधिक केंद्रों पर विशेष रूप से सबसे के चावल की खिचड़ी और साबूदाने की खिचड़ी वितरण किया गया। चरणपुरा से बनी गांव की झलक देती छोपड़ी में मिट्टी के मटके और गन्नों से बनी सेल्फी पॉइंट कारंटर 'मकर संक्रांति अन्न दान' पर भक्तों ने सेल्फी ली और अपने बच्चों का स्वर्ण का तुला दान भी किया। झंडेवालान मंदिर, बिड़ला मंदिर, छतरपुर मंदिर आदि में भी इस मौके पर काफी भीड़ रही।

न्यू अशोक नगर में उत्तराखंड का पारंपरिक लोक महापर्व उत्तरैणी मकरैणी मनाया गया। श्री गुरु मणिक नाथ सर्वजन कल्याण समिति की ओर से कालीबाड़ी मंदिर में आयोजित इस समारोह में उत्तराखंड के मूल निवासियों को अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक पहचान से रूबरू होने का अवसर मिला। यहां उत्तराखंड के मशहूर गायकों, कलाकारों की प्रस्तुतियों के अलावा बच्चों और युवाओं ने पहाड़ी के लोकगीत, संगीत, नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुत किए। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि पिछले 10 सालों से इस महापर्व का आयोजन हो रहा है।

Sunil Kataria

कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में भी उत्तरैणी मकरैणी की धूम रही

पूरे दिन अनेक जगहों पर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया

सूर यमुनाघाट पर भी उत्तरैणी मकरैणी की धूम रही। यहां उत्तराखंड का पहनावा आकर्षण का केंद्र बना। यह आयोजन श्रीश्री गुरुमणिक नाथ धाम के तत्वावधान में हुआ। मकरैणी की पूर्व संध्या पर 13 जनवरी की शाम यमुना आरती, प्रसिद्ध ढोल-दमाऊ दायें संग मण्डाण, रात्रि जागरण, देवताओं की चार पहर की नवद का आयोजन किया गया। मकरैणी के दिन ब्रह्म स्नान के बाद हवन, खिचड़ी प्रसाद के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कड़ाके की ठंड के बावजूद सूर यमुना घाट पर लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। संस्था के संस्थापक और महासचिव लखबीर सिंह भंडारी नैगी ने बताया कि पिछले 13 सालों से सूर यमुना घाट पर आयोजन कर रहे है।

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that ... Three words that help us cope with your loss".
The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.
Publications | Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR 5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR) 8,800
TOI+ET (Delhi/NCR) 6,600
Minimum 10 lines
SPACE FOR PHOTO
Text space - 4 lines
Text space - 4 lines
Text space - 4 lines

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-14-2026 22:10 Color:

ट्रिपल इंटरचेंज, सुपरफास्ट सफर

दूरी होगी कम, समय और पैसा बचेगा, फेज़-4 और 5A में बनेंगे

दिल्ली-एनसीआर के हर कोने तक कनेक्टविटी भी बढ़ेगी

सड़क पर ट्रैफिक और प्रदूषण में कमी आने की उम्मीद

मेट्रो एक नजर में...

394 किलोमीटर का नेटवर्क है।	1 कश्मीरी गेट ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन है।
289 स्टेशन है।	60-65 लाख लोग रोजाना सफर करते है।
29 इंटरचेंज स्टेशन है।	

ये नेटवर्क विस्तार होगा

मेट्रो फेज़-4

105 किलोमीटर का नेटवर्क विस्तार।	65.15 किलोमीटर निर्माणाधीन है।
6 नए कॉरीडोर बनेंगे।	3 ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बनेंगे।

मेट्रो फेज़-5ए

16 किलोमीटर का विस्तार होगा।	1 केंद्रीय सचिवालय ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बनेगा।
3 नए कॉरिडोर।	

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली मेट्रो के बढ़ते नेटवर्क पर एक स्टेशन, तीन लाइन वाली ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन यात्रियों के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए गेम चेंजर साबित होगा। मेट्रो फेज फोर व ए में चार नए ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन से न सिर्फ यात्रा का समय घटेगा, बल्कि दिल्ली-एनसीआर के हर कोने तक कनेक्टविटी भी बढ़ेगी। कुछ इलाकों से दूरियां कम होने के कारण किराया भी कम होगा। मेट्रो के मुताबिक आने वाले समय में दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क पर कुल चार नए ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बनेंगे।

वर्तमान में दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर कुल 29 इंटरचेंज स्टेशन है, लेकिन मात्र एक कश्मीरी गेट ही ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन है। आने वाले समय में मेट्रो फेज फोर में तीन नए ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन व ए में एक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन यात्रियों का समय व पैसा दोनों बचाएगा।

फेज़-4 में तीन नए ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन

आजादपुर मेट्रो स्टेशन: फेज-4 में आजादपुर मेट्रो स्टेशन ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा। अभी यहां येलो और पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) इंटरचेंज स्टेशन है और बाद में मजेंटा लाइन (जनकपुरी वेस्ट-बॉटेनिकल गार्डन) भी कनेक्ट होगी। इससे नॉर्थ और साउथ दिल्ली के बीच यात्रा और आसान हो जाएगी। सीधे नोएडा से भी कनेक्टविटी बढ़ेगी।

नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन: वर्तमान में यह स्टेशन येलो लाइन, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को जोड़ता है और एक इंटरचेंज स्टेशन है। मगर फेज फोर में ग्रीन लाइन के एक्सटेंशन के बाद यह ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा। इससे सेंट्रल दिल्ली से हवाई अड्डे की कनेक्टविटी बढ़ेगी। बाहरी दिल्ली के इलाकों से लोग सीधे जुड़ पाएंगे। रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डे से दिल्ली-एनसीआर के कई इलाके की कनेक्टविटी बढ़ेगी।

> **बाहरी दिल्ली के इलाकों से लोग सीधे जुड़ पाएंगे**

लाजपत नगर मेट्रो स्टेशन: अभी लाजपत नगर स्टेशन इंटरचेंज स्टेशन है। यहां वायलेट व पिंक लाइन कनेक्ट होती है। फेज फोर में बन रहे गोल्डन लाइन (तुगलकाबाद से एयरपोर्ट टी-1) भी लाजपत नगर से कनेक्ट हो जाएगा। इससे पिंक और वायलेट लाइन वाले यात्रियों की एयरपोर्ट से कनेक्टविटी बेहतर होगी।

फेज़-5ए में केंद्रीय सचिवालय पर होगा काम

मेट्रो फेज चार के बाद हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा मंजूर फेज-5ए में एक नया इंटरचेंज स्टेशन बनेगा केंद्रीय सचिवालय। यह येलो, वायलेट और मजेंटा लाइनों को जोड़ेगा और सेंट्रल विस्टा सहित केंद्र सरकार के सभी प्रमुख कार्यालयों को सीधे कनेक्ट करेगा।

इससे रोजाना हजारों की संख्या में सरकारी कर्मचारी जो कि दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग हिस्से से आते है उन्हें सीधी कनेक्टविटी मिलेगी। फेज-5ए में मजेंटा लाइन का एक्सटेंशन किया जा रहा है, यह द्वारका से आरके आश्रम तक 9.9 किलोमीटर का कॉरीडोर बनेगा। यह पूरे सेंट्रल विस्टा को कनेक्ट करेगा।

> **इससे क्रॉस-सिटी यात्रा की सुविधा बढ़ जाती है**

ट्रिपल इंटरचेंज के क्या है फायदे: ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन यात्रियों को एक ही स्थान पर तीन कॉरिडोर बदलने की सुविधा देते हैं, जिससे यात्रा समय कम होता है और क्रॉस-सिटी यात्रा की सुविधा बढ़ जाती है। दिल्ली मेट्रो नेटवर्क में पहले से मौजूद 29 इंटरचेंज स्टेशनों के साथ ये ट्रिपल इंटरचेंज यात्रा को और रफ्तार देंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि बेहतर कनेक्टिविटी से मेट्रो उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ेगी, सड़क यातायात और प्रदूषण में कमी आएगी।

5 साल में अलग-अलग इलाकों से पकड़े 6 हज़ार से ज़्यादा बंदर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में कुत्तों के साथ बंदरों का भी आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदरों को पकड़ने के लिए सरकार को बड़ी कवायद करनी पड़ रही है। दिल्ली में बीते पांच साल में 6,591 से अधिक बंदरों को अलग-अलग इलाकों से पकड़ा गया है। पकड़ने के बाद इन्हें असोला भाटी के जंगलों में छोड़ा गया है। सरकार के मुताबिक समय-समय पर मिलने वाली शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की जाती है। बीते दिनों दिल्ली विधानसभा में बंदरों की धरपकड़ को लेकर एक सवाल पूछा गया था। इस सवाल के जवाब में सरकार ने जवाब दिया है कि बंदरों को पकड़ने के लिए टीम लगाई जाती है।

मेट्रो से घर-ऑफिस तक के लिए मिलेगी भारत टैक्सी

DMRC और सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड के बीच करार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

मेट्रो यात्रियों को अब मेट्रो स्टेशन से भारत टैक्सी की सुविधा मिलेगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इंटीग्रेटेड लास्ट माइल कनेक्टिविटी शुरू करने के लिए सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड के साथ समझौता किया है। पहले चरण में यह सुविधा कुल 10 मेट्रो स्टेशनों पर शुरू की जाएगी। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, मेट्रो स्टेशन से घर या वर्कप्लेस तक पहुंचना यात्रियों के लिए लंबे समय से एक बड़ी समस्या रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह करार किया गया है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में 10 मेट्रो स्टेशनों से लास्ट माइल कनेक्टिविटी सेवा शुरू होगी।

> **पहले चरण में 10 मेट्रो स्टेशनों से होगी शुरुआत**

इसके साथ ही पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 31 जनवरी 2026 तक दो प्रमुख स्टेशनों पर बाइक टैक्सी सेवा भी शुरू की जाएगी। इनमें येलो लाइन पर मिलेनियम सिटी सेंटर और ब्लू लाइन पर बॉटेनिकल गार्डन शामिल है। भारत टैक्सी मोबाइल ऐप के साथ-साथ इसे DMRC के सारथी ऐप से भी जोड़ा जाएगा।

बाजार के हिसाब से तय होगा किराया

लोग ऐप इंटीग्रेशन के जरिए मेट्रो स्टेशन पर अपनी सुविधा के हिसाब से विकल्प देख सकेंगे। वे किराए का अनुमान लगा सकेंगे, गाड़ी को ट्रैक कर सकेंगे। इससे ट्रांसपेरेंसी बढ़ेगी और बेटिंग टाइम कम होगा। किराया बाजार के हिसाब से तय होगा। पीक आवर्स में मांग बढ़ने पर किराया बढ़ सकता है लेकिन यात्रियों के हितों को देखते हुए इसकी एक सीमा तय की जाएगी।

बारापूला एलिवेटेड रोड पर खतरनाक कर्व, हादसे का बना रहता है खतरा

अनदेखी पड़ सकती है भारी

ट्रैफिक के लिए इस पॉइंट पर तेज और खतरनाक मोड़ बन गया है

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** बारापूला एलिवेटेड रोड एक तरफ ईस्ट दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली को सीधे साउथ दिल्ली से जोड़ता है। दूसरी तरफ इसी रोड से ट्रैफिक जाम से बचे बिना सराय काले खां से कुछ ही मिनटों में एम्स और सफदरजंग जैसे दिल्ली के बड़े हॉस्पिटल तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। लेकिन इसी एलिवेटेड रोड पर कई जगह ऐसे खतरनाक कर्व बने हुए हैं, जिनकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एलिवेटेड रोड पर ये कर्व कहां हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है, इसे समझना जरूरी है।

डिपो और फ्लाईओवर से सड़क हुई संकरी: बारापूला एलिवेटेड रोड पर सफर की शुरुआत सराय काले खां के पास बने लूप से होती है। लूप से रोड पर चढ़ते ही कुछ ही मिनट में सड़क अचानक काफी संकरी नजर आने लगती है। इस जगह सड़क किनारे कुशक नाले के ऊपर डीटीसी का बस डिपो बना हुआ है। यहां एसी और इलेक्ट्रिकल बसें खड़ी रहती हैं। बस डिपो का एक गेट बारापूला रोड पर ही खुलता है। बस डिपो के गेट से थोड़ा आगे एलिवेटेड रोड के ऊपर से गुजर रहे फ्लाईओवर का एक पिलर सीधे एलिवेटेड रोड पर खड़ा है। इससे यहां सड़क और ज्यादा संकरी हो गई है।

उपभोक्ता न्याय भवन के पास मोड़: बारापूला रोड पर उपभोक्ता न्याय भवन के पास भी सड़क काफी छोटी हो जाती है। यहां बना कर्व बेहद खतरनाक है। दरअसल, आईएनए की तरफ से आने वाले ट्रैफिक के लिए जगह बनाने को सड़क के बीच में सीमेंट के डिवाइडर लगाए गए हैं। इससे सराय काले खां की तरफ से आईएनए जाने वाले ट्रैफिक के लिए इस पॉइंट पर तेज और खतरनाक मोड़ बन गया है।

लोहे की ग्रिल गायब, रंगरोगन में भी लापरवाही

बारापूला एलिवेटेड रोड के दोनों तरफ लगी लोहे की ग्रिल के ज्यादातर हिस्से गायब हैं। इस समय बारापूला पर येलो और ब्लैक रंग से पेंट किया जा रहा है। दोनों तरफ की दीवारों पर भारी मात्रा में धूल जमी है, साथ ही पान और गुटखे की पीक भी लगी हुई है। नियम के मुताबिक पेंट करने से पहले दीवारों की सफाई जरूरी होती है। लेकिन पेंट करने वाली एजेंसी बिना सफाई किए पेंट करती नजर आ रही है। इससे रंगरोगन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कुराने से मन को मिले शांति और सुकून!
जब हम मुस्कुराते हैं, तो हमारे दिमाग में 'अल्फा' तरंगें पैदा होती हैं। ये तरंगें मन को शांति और सुकून का अहसास कराती हैं।

विचार

सफलता का मतलब सिर्फ ऊंचाई तक पहुंचना नहीं होता। असली सफलता तब होती है, जब इंसान गिरकर फिर हिम्मत जुटाए, खुद को संभाले और दोबारा आगे बढ़ने की ताकत दिखाए।

– सुकरात (Socrates)

ज़रा हंस लें

डॉक्टर : तुमने आने में देर कर दी। **पंपू :** क्या हुआ डॉक्टर साहब, किताब वक्त बचा है मेरे पास? **डॉक्टर :** मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

कविता : मिलन

रात्रि जाने क्यों है
प्रात : आने क्यों है
एक पल दो मिलन का...
बहती नदिया की धारा

और दो सिरे किनारा
एक क्षण दो मिलन का...
आकाश की फैली बाहें
धरती का विस्तृत आंचल

एक भ्रम दो मिलन का...
भवरे की शरारत
और फूलों की नजाकत
अनुराग दो मिलन का...

समुद्र का पानी खारा
और नदिया की मीठी धारा
फिर भी इतजार दो मिलन का...
किसान के हल का प्रहार

धरती का सीना हुआ तार-तार
अंकुरण दो नव जीवन का...
मिलन का ये रूप
वास्तविक प्रेम का है स्वरूप।

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अपने अंक में छपने का मौका।

– मोनिका जैन, NBT रीडर

NBT जन्मदिन मुबारक

मायावती

मायावती का जन्म 15 जनवरी 1956 को दिल्ली में हुआ। वह राजनीति में आने से पहले एक स्कूल टीचर थीं और IAS बनना चाहती थीं, लेकिन कांशीराम के प्रभाव में आकर राजनीति में आईं। वह 4 बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं और भारत की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं।

डिंपल यादव

डिंपल यादव का जन्म 15 जनवरी 1978 को महाराष्ट्र में हुआ। वह समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की पत्नी हैं। 2012 में कन्नौज लोकसभा उपचुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की। इससे पहले 2009 में वह कांग्रेस प्रत्याशी राजबब्बर से हार गई थीं। वर्तमान में वह मैनपुरी से लोकसभा सांसद हैं।

नील नितिन मुकेश

मशहूर गायक मुकेश के पोते और नितिन मुकेश के बेटे नील नितिन मुकेश का जन्म 15 जनवरी 1982 को हुआ। उन्होंने बचपन में 'विजय' और 'जैसी करनी वैसी भरनी' फिल्म में काम किया था। बतौर लीड एक्टर उनका करियर 2007 में 'जॉनी गद्दार' से शुरू हुआ। 'न्यूयॉर्क', 'न सून मार्क' उनकी बेहतरीन फिल्में रहीं।

मोहसिन रजा

मोहसिन रजा का जन्म 15 जनवरी 1968 को लखनऊ में हुआ। राजनीति में आने से पहले वह क्रिकेटर थे और रणजी ट्रॉफी खेल चुके हैं। उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में भी हाथ आजमाया। 2017 में योगी सरकार के पहले कार्यकाल में इकलौते मुस्लिम मंत्री बने थे। वह MLC भी रह चुके हैं।

विदेशी परिंदों से नजफगढ़ झील गुलजार... इस बार ज़्यादा पक्षी पहुंचे

विदेशी परिंदों की महफिल से खिला दिल्ली का दिल

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ **नजफगढ़ झील** दिल्ली एनसीआर का दूसरा सबसे बड़ा वेटलैंड है। यह हरियाणा और दिल्ली में फैली हुई है। इस लिहाज से यह झील विदेशी परिंदों को भी काफी पसंद है। इस बार हुए एहब्यूसी-2026 में यहां विदेशी पक्षियों की प्रजातियां और उनकी संख्या पिछले दो सालों से अधिक मिली। झील इस समय पक्षियों से गुलजार है।

नजफगढ़ झील खास तौर पर पानी में रहने वाले पक्षियों के लिए आदर्श है। पानी के आसपास रहने वाले पक्षियों को यहां खाने के लिहाज से काफी कुछ मिल जाता है। सर्दियों के दौरान यहां गीज, डक और वेडर प्रजाति के काफी पक्षी आते हैं।

इकोलॉजिस्ट और वेटलैंड्स इंटरनैशनल साउथ एशिया के एहब्यूसी दिल्ली स्टेट कॉर्डिनेटर टी के रॉय ने बताया नजफगढ़ झील पूरी तरह मॉनसून की बारिश पर निर्भर है। झील में पानी का मुख्य सोर्स साहिबी नदी थी लेकिन रेवाड़ी पर इस नदी पर बने मसानी बैराज से साहिबी नदी अब दिल्ली में नहीं है। इसका असर नजफगढ़ झील पर भी दिखा है। इसकी वजह से नजफगढ़ झील सिकुड़ गई है।

वेटलैंड इंटरनैशनल एशियन वॉटरबर्ड सेंसस (एहब्यूसी) इंटरनैशनल वॉटरबर्ड सेंसस का हिस्सा है। यह एशिया और ऑस्ट्रेलेशिया के 27 देशों में जनवरी में की जाती है।

कौन से विदेशी पहुंचे यहां

■ बार हेडेड गीज ■ ग्रेलैग गीज ■ नॉर्दर्न शोवेलर ■ गढ़वाल ■ कॉमन टील ■ नॉर्दर्न पिनटेल ■ यूरेशियन कूट ■ यूरेशियन विगॉन ■ ग्रेट कॉर्मोरेंट

NCR में अधिकांश जगहों पर सेंसस में पक्षियों की संख्या और प्रजातियां कम हुई हैं, लेकिन नजफगढ़ झील में संख्या बढ़ी है।

दुर्लभ पक्षियों के भी दीदार

एहब्यूसी-2026 के दौरान नजफगढ़ झील में 82 पक्षियों की प्रजातियां मिलीं। इनमें 36 रेजिडेंट प्रजातियां और 46 विदेशी प्रजातियां शामिल हैं। इनमें 11 प्रजातियां ऐसी हैं जो आईयूसीएन के लुप्त होने वाली पक्षियों की लिस्ट में शामिल हैं।

चार सालों में नजफगढ़ झील का एशियाई जलपक्षी गणना (AWC) डेटा

काशी की कपड़ा इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की पहल

और बढ़े बनारसी साड़ी की शान, शहर में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

Rajeev.Dikshit@timesofindia.com

■ **वाराणसी :** काशी के बुनकरों की वर्षों पुरानी टेक्सटाइल पार्क की मांग जल्द पूरी होने वाली है। बनारसी साड़ी और टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए यूपी हथकरघा और वस्त्र विभाग शहर के रमना एरिया में अत्याधुनिक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना करने जा रहा है। जमीन फाइनल हो गई है। दावा है कि एक साल के अंदर पार्क तैयार हो जाएगा। हथकरघा व वस्त्र विभाग के कमिश्नर और डायरेक्टर के. विजयेन्द्र पांडियन ने अधिकारियों, स्टेकहोल्डर्स से मुलाकात कर बनारसी साड़ी व कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद का वादा किया।

पांडियन ने कहा कि वह टेक्निकल टेक्सटाइल पॉलिसी का फायदा उठाने पर काम कर रहे हैं। नॉर्थर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च असोसिएशन (NITRA) पार्क के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। 3 महीने में डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो जाएगी। पार्क को सिर्फ एक साल में शुरू करने का टारगेट है।

रेशम उत्पादों को मिलेगा GI टैग!

डीएम सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए जमीन तय कर ली गई है। पार्क में कच्चा माल और धागा बैंक, NIFT और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नॉलजी के साथ R&D पार्टनरशिप और बुनकरों को सपोर्ट करने के लिए एक बुनकर सेवा केंद्र होगा। पार्क में जरी और कढ़ाई यूनिट, प्रोसेसिंग और डाइंग यूनिट भी होंगे। रेशम उत्पादों को प्रमाणित करने के लिए सिल्क मार्क और GI टैग के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

इमोशनल शब्दों की बनी यह ढाल यूं बनी लाइफगार्ड

25 साल से बच्चों की रखवाली करती कविता

R K Sreejith

■ कृष्णकुमार के. इं., कोच्चि

मलयालम के महान कवि और गीतकार वायलार रामवर्मा ने अपने प्रसिद्ध फिल्मी गीत से परियार नदी को साहित्य में अमर कर दिया। इस गीत में अलुवा पुजा यानी परियार को ऐसे बहते हुए चित्रित किया गया है, मानो हजारों पायलें एक साथ छनक रही हों। लेकिन इस काव्यात्मक सुंदरता के पीछे दशकों तक एक डरावना सच छिपा रहा।

अलुवा मणप्पुरम क्षेत्र में अवैध और बेहाशा रेत खनन ने नदी की तलहटी को खोखला कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि नदी के कई हिस्से बेहद खतरनाक बन गए। शिशर सहित यह नदी लोगों की जान लेने लगी, जिनमें सबसे ज्यादा मासूम बच्चे शामिल थे, जो खेलने या नहाने के लिए नदी किनारे पहुंचते थे। मौतों का सिलसिला चलता रहा, लेकिन सरकारी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हुई।

साल 1999 में हालात तब बदले जब लथ ब्रेक के दौरान दो स्कूली बच्चे अथानक बने भंवर में फंसकर डूब गए। इस हादसे ने पास के मुन्यथाडम के निवासी कवि सिवन मुन्यथाडम को भीतर तक झकझोर दिया। गहरे शोक में डूबे सिवन ने मणप्पुरम की रेत पर बैठकर 20 पंक्तियों की एक भावुक कविता लिखी- 'एंटे मक्कले' (मेरे बच्चों)। यह कविता एक पिता की दिल से निकली गुहार थी। कविता की शुरुआत ही एक सख्त चेतावनी से होती है-

'मक्कले। निगल इन्नीट इरंगीड़ल्ले, तक्कवुम पार्विरुप्तिनिन्दे मृत्यु' (बच्चो। यहां मत जाना, यहां मौत मौके की तलाश में बैठी है)

घाट पर डूबने की घटनाएं लगभग खत्म

सिवन को जल्द एहसास हुआ कि काजल पर लिखे शब्द समय के साथ भुला दिए जाते हैं। इसलिए 2000 में नदी किनारे कविता की पंक्तियों वाला चेतावनी पिलर लगाया गया। बाद में मूर्तिकार बालचंद्रन मुन्यथाडम के सहयोग से इसे 'अम्मा' नाम की कांक्रीट मूर्ति का रूप दिया गया, उद्घाटन 3 मार्च 2002 को हुआ। समय के साथ यह मूर्ति मजबूत पीले चेतावनी पिलर में बदल गई। 11 जनवरी 2025 को इस चेतावनी ने 25 साल पूरे कर लिए। इसके असर से इस घाट पर डूबने की घटनाएं लगभग खत्म हो चुकी हैं। अलुवा की यह कहानी बताती है कि जब काल और साहित्य दोनों के दिल तक पहुंचते हैं, तो वे जिंदगियां भी बचा सकते हैं।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

Tender & Notices

टेंडर और नोटिस

जन सूचना

सर्वसाधारण जनता, आम नागरिकों, विकासकर्ताओं, निवेशकों, डीलर्स, ब्रोकर्स एवं संबंधित सभी पक्षों को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोरटा, शाहनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (निकट मनन धाम मंदिर व दुहाई RRTS मेट्रो स्टेशन) स्थित निम्नलिखित खसरा संख्याओं की भूमि:

खसरा संख्या 806 (4280 वर्ग मीटर), 809 (5130 वर्ग मीटर), 810 (3870 वर्ग मीटर), 820 (20612 वर्ग मीटर), 831 (12306 वर्ग मीटर), 832 (8820 वर्ग मीटर), 788 (2658 वर्ग मीटर), 814 (5802 वर्ग मीटर), 816 (1693 वर्ग मीटर), 818 (5115 वर्ग मीटर), 817 (2715.4 वर्ग मीटर) एवं 830 (4090 वर्ग मीटर) कुल क्षेत्रफल : 80,481.4 वर्ग मीटर

उक्त संपूर्ण भूमि पर विकास, विक्रय एवं विपणन (Development, Sales & Marketing) के समस्त अधिकार, भूमि स्वामियों (एस एस बिल्डर्स एवं अन्य व्यक्तियों भूमि स्वामी) द्वारा विधिवत "सेसर्स" के डब्लू बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड एवं सेसर्स के डब्लू इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड (के डब्लू ग्रुप)" के पक्ष में सुरक्षित किया गया है।

अतः के डब्लू ग्रुप के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था अथवा पक्ष द्वारा उक्त भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन, प्रचार, बुकिंग, बिक्री, विकास या हस्तांतरण करना अवैध, प्रतिबंधित एवं दंडनीय अपराध होगा तथा ऐसा करने पर संबंधित पक्ष के विरुद्ध विधि अनुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

यह सार्वजनिक सूचना **सामान्य जनता, बेचलर्स, निवेशकों, डीलर्स, ब्रोकर्स आदि के हित में** जारी की जाती है।

आदेशानुसार: एस.के.सिंह (सीनियर जी.एम.-के डब्लू ग्रुप), मोबाइल नंबर: 9643107363, ईमेल: dp1@kwgroup.in, पता: बी- 97, सैक्टर-63, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301।

निविदाएं (टेंडर्स)

सुदरपल कंसल्टेंट्स/एजेंसियों से रुचि की अभिव्यक्ति

सुदरन सीजीएचएस लिमिटेड प्लॉट नंबर 82, आई पी एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-110092 प्रतिष्ठित संस्थानिक सलाहकारों/एजेंसियों को आमंत्रित करता है: परिसर, सामान्य क्षेत्रों, बाहरी क्षेत्रों, छतों का विस्तृत सर्वेक्षण और कमजोर संरचनाओं के लिए उपाय अनुशंसाओं के साथ मरम्मत/नवीनीकरण समाधान का प्रस्ताव। इच्छुक पार्टियां उपरोक्त कार्य के लिए कोटेशन **सनद सेक्टरी को 25.01.2026 (दोपहर 200 बजे)** तक एक सिलबंदे में जमा कर सकती हैं। **संपर्क करें : 8342974870**

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय कार्यालय-2, प्रधानमंत्री कार्यालय-2, प्लॉट संख्या 23, प्रथम तल, रोड संख्या 44, डीडीए कमर्शियल ऑफिसेज, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

निविदा आमंत्रण सूचना (रि.आ.सू.) किराए पर परिसर की आवश्यकता

एस.बी.आई वाणिज्यिक / कार्यालय के उपयोग हेतु सीज किराये के आधार पर परिसरों के मालिकों / पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारकों से ऑफर आमंत्रित करता है।

शाखा का नाम व लगभग किराए अवं एरिया	शाखा का नाम व लगभग किराए अवं एरिया
मौर्य एन्क्लेव शाखा	कोहाट एन्क्लेव शाखा
मौर्य एन्क्लेव शाखा (21224), पीतमपुरा, दिल्ली-110034 के स्थानांतरण के लिए परिसर किराये पर लेना (मौर्य एन्क्लेव शाखा के मौजूदा परिसर से 500 मीटर के भीतर) निर्मित क्षेत्रफल 232.2 से 278.7 वर्ग मीटर (2500-3000 वर्ग फीट) अधिमानतः भूतल पर।	कोहाट एन्क्लेव शाखा (11547), पीतमपुरा, दिल्ली-110034 के स्थानांतरण के लिए परिसर किराये पर लेना (कोहाट एन्क्लेव शाखा के मौजूदा परिसर से 1 किमी के भीतर) निर्मित क्षेत्रफल 278.7 से 325.16 वर्ग मीटर (3000-3500 वर्ग फीट) अधिमानतः भूतल पर।

विस्तृत जानकारी और निविदा फॉर्म / दस्तावेज को डाउनलोड करने के लिए वेबसाईट www.sbi.co.in पर https://bank.sbi के अंतर्गत "PROCUREMENT NEWS" खंड पर जाएं। हमारे उपरिलिखित कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.01.2026 को दोपहर 04:00 बजे तक है।
कृपया दलाल संपर्क न करें।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

SBI भारतीय स्टेट बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय कार्यालय-2, प्रधानमंत्री कार्यालय-2, प्लॉट संख्या 23, प्रथम तल, रोड संख्या 44, डीडीए कमर्शियल ऑफिसेज, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

निविदा आमंत्रण सूचना (रि.आ.सू.) किराए पर परिसर की आवश्यकता

एस.बी.आई वाणिज्यिक / कार्यालय के उपयोग हेतु सीज किराये के आधार पर परिसरों के मालिकों / पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारकों से ऑफर आमंत्रित करता है।

विस्तृत जानकारी और निविदा फॉर्म / दस्तावेज को डाउनलोड करने के लिए वेबसाईट www.sbi.co.in पर https://bank.sbi के अंतर्गत "PROCUREMENT NEWS" खंड पर जाएं। हमारे उपरिलिखित कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.01.2026 को दोपहर 04:00 बजे तक है।
कृपया दलाल संपर्क न करें।
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

HARERA

सार्वजनिक सूचना

ग्रुप हाउसिंग प्लॉटेड कॉलोनी के पंजीकरण के लिए आवेदन अर्थात "BONHEUR HUB"

सेक्टर-35, सोहना, गुरुग्राम में स्थित, हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम में प्रस्तुत किया गया

M/s CCRK Developers LLP

आम जनता की जानकारी के लिए यह बताया गया है कि मेसर्स सीसीआरके डेवलपर्स एलएलपी ने अपने प्रोजेक्ट "BONHEUR HUB" के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया है, जिसका एरिया 2.056 एकड़ है। यह लाइसेंस नंबर 170/2025 के तहत है। यह हीरोसीएच हरियाणा ने मेसर्स सीसीआरके डेवलपर्स एलएलपी के साथ मिलकर की एंड मोहन, सुश्री प्रिया मोहन, पुत्र श्री धर्मपाल सिंह के पक्ष में 08.09.2025 को जारी किया था और यह 07.09.2030 तक वैलिड है।

हरियाणा के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के डायरेक्टर ने गुरुग्राम के सोहना के सेक्टर 35 में 2.056 एकड़ में कम्बिनेशन प्लॉटेड कॉलोनी में SCO के रजिस्ट्रेशन के लिए अपनाई किया है, जिसका एरिया 2.056 एकड़ है। यह लाइसेंस नंबर 170/2025 के तहत है। यह हीरोसीएच हरियाणा ने मेसर्स सीसीआरके डेवलपर्स एलएलपी के साथ मिलकर की एंड मोहन, सुश्री प्रिया मोहन, पुत्र श्री धर्मपाल सिंह के पक्ष में 08.09.2025 को जारी किया था और यह 07.09.2030 तक वैलिड है।

संबंधित प्लॉटीकेशन और उससे जुड़ी डिटेल्स और डॉक्यूमेंट्स हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी, गुरुग्राम के ऑफिस में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी संबंधित व्यक्ति किसी भी वर्किंग डे पर ऑफिस टाइम के दौरान 27.01.2026 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 4.00 बजे तक देख सकता है। साथ ही, अगर कोई देख नहीं सकता है, तो वह 02.02.2026 को सुबह 11:00 बजे सुनवाई के दौरान अथॉरिटी के सामने पेश हो सकता है।

दिनांक: 15.01.2026

Secretary,
Haryana Real Estate Regulatory Authority, Gurugram

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

सेवाएं

रेस्तरां

रेस्टोरेंट के लिए चाहिए अनुभवी, चाइनीज, तंदूरिया कुक, डिलीवरी स्टाफ। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें SVH Food, क्लाउड 9, वैशाली, गाजियाबाद। 8280040700

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Samarendra Narayan Choudhary, R/o G-844A, RamPark Extn, Loni GZB, declare that Samarendra Narayan (VoterID AWX0310927) and Samarendra Narayan Choudhary (Aadhaar: ...8369) are the same person. Henceforth, I'm known as Samarendra Narayan Choudhary

I Bhini Ahooja D/o Aman Ahooja R/o 2/11 B Jangpura B New Delhi have changed my name from Bhini to Bhini Ahooja for all future purposes.

I, Mrityunjai Tapan Vaidya, s/o Mukta Chandramauli Kulshreshtha, address: F-701, Celebrity Homes, Palam Vihar, Gurgaon, 122017, haved changed my name from Mrityunjai Tapan Vaidya to Mrityunjai Mukta Kulshreshtha for all purposes with affidavit dated 12.01.2026

I Kamini Ahooja W/o Aman Ahooja R/o 2/11 B Jangpura B New Delhi have changed my name from Kamini to Kamini Ahooja for all future purposes.

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO timesofindia.com

I, Aastha Mishra, have changed my name to Aisha and accepted Islam as my religion vide affidavit dated 12/01/2026 at Delhi.

HEALTH & WELLNESS
IVF क्यों? जब है Ayurved
क्रिस्टियन ट्यूब बन्द, ल्यूकोरिया निसन्तान-मूत्रकृच्छ्र कमी SEX रोगी मिलें
बवासीर, लकेर दाग/सेरकाईसिस
आकाशदिवाखाना
एवलाइज टावर आकाश सिनेमा के पास आजाद पुर दिल्ली
9953396533
8860003863
सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 दो दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
2204, सोसैटी पुर सौल,पुरानी दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
Central Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
	Sunil Srivastava	99994 99496
Noida + East Delhi	Sumit Negi	98992 68321

To book your Shopping ads
Please contact Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO timesofindia.com

BOOK YOUR EDUCATION ADS
For booking please contact Amit : 9811790649

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 15-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: gagan.malhotra Time: 01-14-2026 20:58 Color:

हमारे उत्पादों की बड़ी रेंज पर नए साल के आकर्षक ऑफ़र्स का लाभ उठाएं।

कॉम्बो ऑफर खरीदें
₹3 850/- मूल्य का नक्षत्र प्लस स्वच्छ 3ली + 5ली कुकर, अब ₹2 699/-* में

खरीदें
₹5 190/- मूल्य का ट्राइ-प्लाई 3 पीस कुकवेयर सेट, अब ₹2 895/-* में

खरीदें
₹3 990/- मूल्य का स्टेनलेस स्टील प्लाटिना 3 पीस कुकवेयर सेट अब ₹2 195/-* में

Scan to see more exciting offers

CUSTOMER CARE NO 080-60004411

Scan to find Prestige Xclusive stores

Shop Online on shop.ttkprestige.com

Prestige®

जो कुकिंग से करे प्यार, वो प्रेस्टिज से कैसे करे इनकार!

*शर्तें लागू। ऊपर दी गई कीमतें उत्पाद की एमआरपी (सभी करों सहित) हैं। डिस्काउंट केवल एमआरपी पर ही लागू है। दो ऑफरों का लाभ एक साथ नहीं लिया जा सकता। दिखाया गया थीमैटिक लेआउट केवल रचनात्मक प्रस्तुति के लिए है। दर्शाए गए कुकवेयर सेट पर कोई ऑफर लागू नहीं है। यह ऑफर केवल एक यूनिट की खरीद पर लागू है, जिसमें मान्य खरीदारी पर एक यूनिट मुफ्त दी जाएगी। ऑफर केवल चुनिंदा मॉडलों पर और स्टॉक खत्म होने तक ही मान्य है। ऑफर पूरे भारत में मान्य है। कूकर पर ऑफर केवल उत्तर भारत में मान्य है। खरीदें ट्राइ-प्लाई 3 पीस कुकवेयर सेट (प्रेशर पैन 24 सेमी, कढ़ाई 24 सेमी, सॉस पैन 16 सेमी) प्रत्येक 1 यूनिट, कुल मूल्य 5190/-, केवल 2895/- में। खरीदें स्टेनलेस स्टील प्लेटिना 3 पीस कुकवेयर सेट, प्रत्येक 1 यूनिट, कुल मूल्य 3990/-, केवल 2195/- में। प्रेस्टीज® का लोगो भारत में टीटीके प्रेस्टीज लिमिटेड का पंजीकृत ट्रेडमार्क है। विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, अपने नज़दीकी प्रेस्टीज एक्सक्लूसिव/डीलर आउटलेट पर जाएं। ऑफर 13 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक मान्य।

Prestige Xclusive

Karol Bagh: Khushi Kitchenette - G-2, Namdhari Chambers, 9/54, D.B. Gupta Road: Ph: 01123528261; **Mehrauli:** Khalsa Bartan Store,1088/B, Kalka Das Marg: Ph: 9350913642; **Janakpuri:** XXEL Kitchen, C2C – 180, Pkt 12, Kendriya Vidyalaya Road, Janak Puri: Ph: 01142433544, 9899619736; **Lajpat Nagar:** Customer Centric, J-39, Right corner side, Central Market, Lajpat Nagar II: Ph: 8178265614; **Mahalaxmi Sales :** Shop No -2, Ashok Vihar, Near Palam Vihar Road, Sec 5, Gurugram: Ph : 9818004040; **Vivek Enterprises: No. 1- D / 47, Opp. Peer Moti Nath Mandir, Faridabad :Ph : 9811543805; KD Sales Agency:** Sco-104, Ground Floor & Basement Omaxe World Street Sec 79 Faridabad Haryana: Ph: 7678664300; **K.D. Sales Agency** Shop N.104,Basement Gf,Ws World Street,Sector 79, Faridabad: Ph: 7678664300; **Gurgaon: Shree Anand Distributors:** Ph: 9999346622; **Kunal Electronic:** Ph: 9891502010; **Faridabad: Anchal Metal:** Ph: 9899713046; **Karol Bagh:** G-2, Namdhari Chambers, 9/54, Desh Bandhu Gupta Road: Ph: 22528261; **Mehrauli: 1088/B,** Ward No. 1, Near Mehrauli Bus Stand, Near Axis Bank: Ph: 9350913642; **Janakpuri: C-2/C1188,** Pkt 12, Next To Janak Shoes, Near Central School: Ph: 9873628285, 42433544; **Lajpat Nagar:** J-39, **Market Marg,** Central Market, Lajpat Nagar II, Opp. Duro Flex Experience Centre: Ph: 8178265614.

Also Available At: South Delhi: Lajpat Nagar: National Bartan Bhandar: Ph: 9810434156; **Madangir:** Soni Light House: Ph: 9810095353; **Bhogal:** Jain Bartan Bhandar: Ph: 9311177403; **Kalkaji:** Suresh & Sons: Ph: 7838104042; **Malviya Nagar:** Himani Kitchen Solutions: Ph: 9999171045; **Badarpur:** Rama Crockery House: Ph: 9999660754; **Savita Vihar:** The Central Shop: Ph: 9910185594; **West Delhi: Moti Nagar:** Bhutani Bartan Store: Ph: 9212157389; **Mahaveer Enclave:** Shree Radhey Kitchenware: Ph: 9350562319, **Moti Nagar:** Ahuja Bartan Store: Ph: 9810038030; **Tilak Nagar:** Preet Kitchenware: Ph: 9213510686; **Dwarka:** Shri Balaji Traders: Ph: 9311811213; **North Delhi: Nangloi:** Laxmi Super Mega Mart: Ph: 9711534752; **Wazirpur:** Ashoka Steel Center: Ph: 9811917851; **Rohini:** Garg Electricals & Kitchenware: Ph: 8750619223; **Burari:** JR Mart: Ph: 7011137250; **Central Delhi: Deputy Ganj:** Gandhi Steel Center: Ph: 9810296531; **Sadar Bazar:** Advance Home Appliances: Ph: 9811379777; **Karol Bagh:** Jain Bartan Store: Ph: 9953391851; **Chandni Chowk:** Punjab Stainless Steel: Ph: 9810110661,**East Delhi: Rohtash Nagar:** Aditi Enterprises: Ph: 9555649555; **Shahdara:** Urmil Bartan Bhandar: Ph: 9953804028; Shri Balaji Bartan Store: Ph: 9810530392; **Jhuel:** Khurana Bartan Store: Ph: 9650029497; **Faridabad:** Guru Kirpa Bartan Bhandar- 1 No. Market: Ph: 9899210627; Faridabad: Mata Rani Ki Dukan: Ph: 9899035025; **Vinod Bartan & General Store:** Ph: 9953402661; **Chawla Handiron:** Ph: 9953492200; **Old Faridabad Sadhna Bartan:** Ph: 8178229003; **Tirlok Chand Dharam Vir:** Ph: 9818011742; **Jindal Kitchenware:** Ph: 9899450035; **Nit 1, Krishan Lal Sanjeev Kumar:** Ph: 9990123073; **Ganesh Bartan:** Ph: 9999855557; **Bellabgarh Devi Charan Mukat Lal:** Ph: 9811752021; **Amit Bartan Bhandar:** Ph: 9711505015; **Singla Bartan Store:** Ph: 9716793333; **Jidal Metal Store:** Ph: 9873053163; **Mittal Electronics & Bartan Store:** Ph: 9899984783; **Jain Electronics & Home Appliances:** Ph: 9899022415; **Nit 5 Priya Bartan Bhandar:** Ph: 9899858757; **Gupta Showroom:** Ph: 9818443672; **Sharma Kirana Store:** Ph: 9810749920; **Sharma Watch Co.:** Ph: 9810989787; **Value Mart :** Ph: 9873333039; **Pradeep Crockery House:** Ph: 9810805020; **South Delhi: Lajpat Nagar:** National Bartan Bhandar: Ph: 9810033889; **Madangir: Soni Light House:** Ph: 9810095353; **Yusuf Sarai: Laxmi Crockery:** Ph: 9910380382; **Bhogal: Jain Bartan Bhandar:** Ph: 9311177403; **West Delhi: Moti Nagar:** Bhutani Bartan: Ph: 9212157389; **Ahuja Bartan Store:** Ph: 9810038030; **Mahaveer Enclave: Shree Radhey Kitchenware:** Ph: 9350562319; **Tilak Nagar: Preet Kitchen:** Ph: 9213510686; Uttam Nagar: Gift House: Ph: 9212517767; Jain Electronics & Gift Center: Ph: 9911584442; **Dwarka Sec 7 Shree Balaji Traders:** Ph: 8285556966; **North Delhi: Nangloi: Laxmi Bartan Bhandar:** Ph: 9310219573; **Wazirpur: Ashoka Steel:** Ph: 9810029735; **Rohini: Garg Electrical:** Ph: 8750619223; **Narela: Anand Prakash & Sons:** Ph: 9350169836; **Burari: Shri Balaji Bartan:** Ph: 9899904965; **Jr Mart:** Ph: 7011137250; **Central Delhi: Deputy Ganj:** Gandhi Steel Center: Ph: 9810296531; **Sadar Bazar: Khanna Sales:** Ph: 9811961869; **East Delhi: Laxmi Nagar:** Sharma Kitchenware: Ph: 9654486957; **Rohtash Nagar: Aggarwal Bartan:** Ph: 9311522222; **Aditi Departmental Store:** Ph: 9555649555.

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in